दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

n वर्ष : 10 अंक : 221 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 4 सितम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल सरकार में "इंद्रदेव" खुश

### पानी से मालामाल हुआ राजस्थान, प्रदेश के अधिकांश छोटे-बड़े बांध फूल, अब नहीं रहेगी पानी की कमी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** ऐसा दिख रहा है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों को देखकर इंद्रदेव भी काफी प्रसन्नचित है यही वजह है कि इस बार पहले तो समय से पहले मानसून आया फिर आया तो ऐसा आया कि अब जाने का नाम ही नहीं ले रहा प्रदेश में कई जगहों पर बाढ़ और जल भराव के हालात जरूर बने हुए हैं और खेतों में पानी भी भर गया है जिसकी वजह से फसल भी काफी चौपट हो रही है लेकिन यह भी कहना पड़ेगा की पानी के मामले में आने वाले दो-तीन साल में राजस्थान में कोई कमी नहीं रहेगी क्योंकि प्रदेश के अधिकांश छोटे-बड़े बांध पानी से फूल हो चुके हैं तथा जमीन का जल स्तर जो लगातार नीचे जा रहा था अब यह समस्या फिलहाल नहीं रहेगी क्योंकि नदी नालों और तालाबों में पानी आने की वजह से जल स्तर



अब निश्चित रूप से ऊंचा उठेगा और जो कुएं सूख गए थे जो बावड़िया सुख गई थी उनमें फिर से पानी आ गया है कई सालों के बाद इस बार अच्छा मानसून आया है जिसकी वजह से परेशानी तो जरूर लोगों को हो रही है लेकिन कहीं ना कहीं यह पानी की भीषण समस्या से छुटकारा देने में काफी कारगर साबित होगी ।

मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह भर तक प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बरसात होने के आसार हैं अभी जो कुछ बांध भर नहीं है उनके भी भरने की संभावना है हालांकि भारी बरसात की वजह से किसानों की फसल जरूर चौपट हुई है लेकिन आने वाली फसल के लिए यह बरसात वरदान भी बन सकती है जानकार लोगों का कहना है कि पिछले साल भी अच्छी बरसात हुई थी और इस साल भी अच्छी बरसात हो रही है हालांकि इस साल पिछले साल की तुलना में अब तक ज्यादा बरसात हो चुकी है इसलिए लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं प्रदेश की भजनलाल सरकार से इंद्रदेव भी काफी प्रसन्न है और खुलकर अपना आशीर्वाद राजस्थान की धरा पर लूट रहे हैं, खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अभी पिछले कुछ दिनों से सार्वजनिक सभा में लगातार कह रहे हैं कि केंद्र की मोदी और राजस्थान सरकार के अच्छे कार्यों को देखकर भगवान इंद्र भी काफी प्रसन्न है इसीलिए इस बार अच्छी बरसात हुई है भजनलाल शर्मा यह भी कहते हैं कि जिनकी नीति और नियत अच्छी होती है उन पर बंसी वाले की कृपा जरूर होती है हमारी नीति और नियत में कोई खोट नहीं है हम जनता के नौकर हैं सेवक हैं इसी भाव से जनता के कल्याण और विकास के लिए काम करते हैं इसलिए ईश्वर उन लोगों की जरुर मदद करता है जो गरीब को गणेश मानकर कार्य करते हैं मुख्यमंत्री भजनलाल यह भी कहते हैं कि हमारी पार्टी सेवा भाव से कार्य करती है इसलिए ईश्वर का हमेशा आशीर्वाद बना रहता है द्य भजनलाल शर्मा की यह बात कहीं ना कहीं सत्य भी प्रतीत होती है क्योंकि राजस्थान में पानी की विकट समस्या रहती है प्रदेश के कई जिलों में गर्मी के मौसम में पानी की भयंकर कमी हो जाती है हालांकि सरकारी स्तर पर पानी के वैकल्पिक प्रबंध भी किए जाते हैं लेकिन जरूर के हिसाब से प्रबंध नहीं हो पाए लेकिन अब आने वाले कुछ सालों में राजस्थान में पानी की समस्या नहीं रहने वाली क्योंकि एक तरफ इस बार अच्छी बरसात से पानी का जलस्तर ऊंचा उठेगा तो दूसरा पानी के तमाम जल स्रोत पानी से लबालब हो गए हैं जो आने वाले समय में इंसान और पशु दोनों के काम आएंगे लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुभ घड़ी में शासन की बागडोर अपने हाथ में ली थी इसीलिए पानी की जो भयंकर समस्या हमेशा राजस्थान की बनी रहती है उस समस्या से कुछ सालों के लिए तो फिलहाल छुटकारा मिलगया है ।

## जयपुर में जमीन-कारोबारियों के 12 ठिकानों पर ईडी की रेड

**जयपुर(कास.)** जयपुर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम जमीनों के कारोबार से जुड़े हुए लोगों के यहां छापेमारी कर रही है। बुधवार सुबह 6 बजे से जमीन का व्यापार करने वाले ज्ञानचंद अग्रवाल, गोवर्धन अग्रवाल, ग्रैंड उनियारा होटल के मालिक दलपत सिंह, प्रभुलाल चोपड़ा, JKD ग्रुप सहित मानसरोवर के चोपड़ा परिवार से जुड़े ठिकानों पर छापे मारे गए। करीब 12 ठिकानों पर ईडी की टीम पुलिस बल के साथ रेड कर रही है। जानकारी में सामने आया कि जमीन से जुड़े घोटालों में ईडी की यह सबसे बड़ी रेड है। करोड़ों रुपए की जमीन में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड हुआ है। इस फ्रॉड की जानकारी ईडी को पिछले 6 महीने से थी। जमीन का व्यापार करने वाले इन व्यापारियों से पिछले 2 साल का रिकॉर्ड लिया जा रहा है। भू-माफिया ज्ञान चंद अग्रवाल के गोपालपुरा और मानसरोवर ऑफिस के ठिकानों पर श्वष्ठ टीम सर्च कर रही है। ज्ञान चंद अग्रवाल के




सहयोगी जुगल किशोर के भी ठिकानों पर ईडी की टीमें मौजूद हैं। जुगल किशोर के अलावा दलपत सिंह, उसके सहयोगी अवनीश बंसल, अनिल जैन और बद्री के यहां भी कार्रवाई चल रही है। बड़ी मात्रा में बेनामी संपत्ति और काली कमाई उजागर होने की संभावना जताई जा रही है। भूमाफिया ज्ञानचंद अग्रवाल के खिलाफ जयपुर शहर में 200 से ज्यादा जमीन धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। श्याम नगर थाना पुलिस ने ज्ञानचंद के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोल रखी है। मानसरोवर, भांकरोटा, शिप्रापथ, श्याम नगर सहित कई थानों में ज्ञानचंद के खिलाफ जमीनों को लेकर धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं।

## मोहन भागवत और वसुंधरा राजे में मुलाकात, राजनीतिक अटकलें तेज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** संघ प्रमुख मोहन भागवत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बीच जोधपुर में करीब 25 मिनट तक बातचीत हुई है इस बातचीत के बाद प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है क्योंकि भागवत अभी कुछ दिन जोधपुर में संघ की महत्वपूर्ण मीटिंगों में शामिल रहेंगे इस दौरान में मीटिंग में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भारतीय जनता पार्टी के कई और संघ समर्पित नेता भी इस मीटिंग में शामिल हो सकते हैं इसलिए वसुंधरा राजे ने भागवत से जो मुलाकात की है उसके राजनीतिक मायने भी निकलना लाजमी है क्योंकि अभी वसुंधरा राजे भले ही पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर है लेकिन पार्टी स्तर पर उन्हें कोई बड़ी जिम्मेवारी कहीं नहीं दी जा रही आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर भी नियुक्ति होना बाकी है पूर्व में वसुंधरा राजे का नाम भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की रेस में चला था लेकिन बाद में इस रेस में वसुंधरा राजे काफी पीछे भी हो गई हैं अब जिस तरह





से उनकी भागवत से मुलाकात हुई है तो जाहिर तौर पर कुछ बड़े राजनीतिक मुद्दे पर दोनों के बीच में बातचीत भी हुई बताएं क्योंकि इन दोनों वसुंधरा राजे अपने पुराने अंदाज में फिर से राजस्थान में सक्रिय नजर आ रही हैं और उन्होंने हाल ही में जो बयान दिए हैं उनमें से कई बयान ऐसे हैं जिनको लेकर राजस्थान भाजपा में कई तरह की चर्चाएं भी सुनने को मिल रही है अभी हाल ही में वसुंधरा राजे ने पहले वनवास संबंधी बयान दिया था जिसमें धौलपुर में उन्होंने कहा था कि भगवान श्री राम को भी वनवास हुआ था लेकिन वनवास का अंत भी होता है कोई चीज स्थाई नहीं होती इसलिए सबको धैर्य रखना चाहिए इसी तरह के उनके कई और भी बयान आए इसके बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा होने लगी है कि कहीं ना कहीं वसुंधरा राजे अभी शांत जरूर दिखाई दे रही हैं लेकिन मन ही मन उन्होंने कोई प्लानिंग भी बनाई हुई है अब उनका मोहन भागवत से मिलना निश्चित रूप से आने वाले दिनों में कोई बड़ा राजनीतिक संकेत जरूर दे रहा है अब देखने वाली बात यह है कि मोहन भागवत वसुंधरा राजे की बातों को या फिर उनकी इस मुलाकात को आगे किस तरह से लेकर जाते हैं फिलहाल भागवत संघ की मीटिंग में शामिल होने के लिए जोधपुर आए हुए हैं और जोधपुर में लाल सागर स्थित आदर्श डिफेंस एकेडमी में ठहरे हुए हैं जहां पर वसुंधरा राजे ने उनसे मुलाकात की है द्य

जानकार लोगों का कहना है कि मोहन भागवत भी अच्छी तरह से जानते हैं कि वसुंधरा राजे भाजपा की सीनियर लीडर हैं और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने में उनका बड़ा योगदान रहा भागवत यह भी जानते हैं कि वसुंधरा राजे के नेतृत्व में ही भारतीय जनता पार्टी ने यहां पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जबरदस्त जीत मिली थी हालांकि वसुंधरा राजे भी संघ समर्पित नेता मानी जाती हैं लेकिन जब वह दो बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रही उस दौरान कहीं ना कहीं संघ और वसुंधरा राजे के बीच थोड़ा गैप आ गया था लेकिन यह अब बीते जमाने की बात हो चुकी है अब देखने वाली बात यह है कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी में वसुंधरा राजे को क्या स्थान दिया जाता है

## स्मार्ट मीटर पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के जवाब पर जोरदार हंगामा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को स्मार्ट मीटर का मामला गूंजा और इस पर जोरदार हंगामा हो गया कांग्रेस विधायक गोविंद सिंह डोटासरा के प्रश्न पर कांग्रेस के ही विधायक रोहित बोहरा ने सवाल किया था रोहित बोहरा ने कहा कि क्या सरकार ने पंचायत और नगर निकाय चुनाव के चलते अपने फैसले को बदला और अगस्त 2025 में नया ऑर्डर निकाला रोहित बोहरा ने कहा कि 14000 करोड़ का टेंडर जिस कंपनी को दिया गया था उसका क्या होगा? इस पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि कंपनी का काम धीमा था स्मार्ट मीटर की उपलब्धता नहीं थी इसके चलते अभी कुछ समय के लिए हमने ऑर्डर जारी किया है कि अभी पुराने मीटर ही लगाए जाएं लेकिन जैसे ही स्मार्ट मीटर मिलेंगे सभी जगह स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे मंत्री ने कहा यह केंद्र की एक योजना है आपके शासनकाल में अपने इस योजना को स्वीकार किया था इसी के चलते स्मार्ट मीटर यहां लग रहे हैं उसके बाद कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया और सदन की बेल में आकर नारे बाजी करने लगे वेल में हंगामा होने पर 12:30 स्पीकर ने सदन की कार्रवाई 1:00 तक के लिए स्थगित कर दी 1:00 बजे से 2:00 बजे तक लंच रहता है इसलिए सदन के करवाई 2:00 बजे फिर से शुरू हुई स्मार्ट मीटर को लेकर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने होते हुए दिखे द्य संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि इस स्मार्ट मीटर की योजना कांग्रेस के कार्यकाल में शुरू की गई थी अब कांग्रेस घड़ियाल आंसू बहा रही है यह सुनकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा हम जब बहिर्गमन करते हैं तो चोरों की तरह क्यों बात करते हो हमारे सामने आकर बात करें



विधानसभा को फेस करने की हिम्मत होनी चाहिए विधानसभा का मजाक बना रखा है हम बाहर चले जाएं तो पीछे से बोलते हो जिस पर सरकार के मंत्री राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि आप चले जाते हो अगर आप सदन में रहो तो आपको सवाल का जवाब भी मिल जाए बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि स्मार्ट मीटर में लाइट आने से पहले ही करंट आता है गोवा की सरकार ने इस कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया था फिर भी सरकार ने उसको टेंडर दे दिया जूली के तंज पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि नियमों में प्रावधान है कि राजस्थान में अगर कोई कंपनी ब्लैकलिस्टेड नहीं है तो हम उसे टेंडर दे सकते हैं यह हमने किया है इसमें कुछ भी गलत नहीं किया उसके बाद कांग्रेस विधायकों ने बिल में आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी उन्होंने स्मार्ट मीटर वापस लेकर नारे लगाने शुरू कर दिए इससे पहले बुधवार को सदन की कार्रवाई 11:00 बजे प्रश्न कल के साथ शुरू हुई इसमें विधायक संजीव कुमार ने उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ा पहला सवाल किया उनका सवाल भादरा कॉलेज को क्रमोन्नति करने से जुड़ा था जिस पर उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि छात्रों की संख्याओं के आधार पर कॉलेज को स्नातकोत्तर में क्रमोनित किया गया है ।

## सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा मामला : हाई कोर्ट की एकल पीठ के आदेश को खंडपीठ में चुनौती

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का मामला अब हाई कोर्ट के खंडपीठ में पहुंच गया है अगले सप्ताह हाई कोर्ट की खंडपीठ में फिर से इस मामले की सुनवाई होगी जानकारी के अनुसार पिछले दिनों हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राजस्थान सरकार को सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की थी इस निर्णय को खंडपीठ में चुनौती दी गई है विजय पवार ने खंडपीठ में याचिका दायर करके सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को जारी रखने की अपील की है । जानकार लोगों का कहना है कि यह तो पहले से ही लग रहा था कि हाई कोर्ट के इस निर्णय के खिलाफ खंडपीठ में जरूर याचिका दायर होगी क्योंकि हाई कोर्ट की निर्णय के खिलाफ लगातार जयपुर सहित पूरे प्रदेश में प्रदर्शन हो रहे हैं जयपुर के शहीद स्मारक पर भी हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ बड़ी संख्या में लोग भूख हड़ताल पर बैठने के लिए गए थे लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी तथा जो लोग इस भर्ती परीक्षा में सेलेक्ट हुए हैं उनके परिजन भी लगातार सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए नजर आए, परिजनों का कहना है कि उनके बच्चों ने कठिन मेहनत करके यह परीक्षा पास की है इसलिए जो बच्चे कठिन मेहनत करके सेलेक्ट हुए हैं उनकी क्या गलती है उनका करियर तो इस निर्णय से बर्बाद हो जाएगा लाखों रुपए कोचिंग में खर्च हुए हैं कई ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने बच्चों को सब इंस्पेक्टर बनाने के लिए लाखों रुपए खर्च करके कोचिंग का खर्च उठाया लोगों ने जमीन और गहने तक गिरवी रख दिए इसलिए सरकार को हाई कोर्ट के इस निर्णय के खिलाफ खंडपीठ में याचिका प्रस्तुत करनी चाहिए हालांकि प्रदेश भजनलाल सरकार अभी इस पूरे मामले की स्टडी कर रही है गंभीरता से स्टडी करने के बाद और कानूनी सलाह लेने के बाद ही भजनलाल सरकार इस मामले में अगला कदम उठाएगी लेकिन सरकार कदम उठाए या नहीं अब विजय पवार नाम के परिवादी ने हाई कोर्ट केस निर्णय को हाईकोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी है ।

## ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्टः शाह ने थपथपाई जांबाजों की पीठ, नक्सल विरोधी अभियानों से करोड़ों के जीवन में नया सूर्योदय

**नई दिल्ली(एजेंसीं.)** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा के जवानों से नई दिल्ली में भेंट की। शाह ने जवानों को सम्मानित किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सल विरोधी अभियानों से साढ़े 6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है। मोदी सरकार का संकल्प है कि हम 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर देंगे। शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फ़ॉरेस्ट' में वीर जवानों द्वारा शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षाबलों के जवानों को हृदय से बधाई दी। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के इतिहास में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएँ या



समाप्त न हो जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे। गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाकर नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया। शाह ने कहा कि कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर बने नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने अपने पराक्रम से नष्ट कर दिया।

## आसाराम को गुजरात हाईकोर्ट से भी राहत नहीं

**जोधपुर/अहमदाबाद।** रेप केस में सजा काट रहे आसाराम को गुजरात हाईकोर्ट से भी निराशा हाथ लगी है। बुधवार को उनकी ओर से अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने उनकी जमानत बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया। हालांकि, आसाराम की ओर से गुजरात केस में सजा को चुनौती देने और अंतरिम जमानत की मांग पर दाखिल याचिकाओं पर अब 22 सितंबर को संयुक्त रूप से सुनवाई होगी। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने भी जोधपुर केस में आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाने से इनकार किया था और उन्हें जेल में सरेंडर करने के



निर्देश दिए थे। गौरतलब है कि आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से 29 अगस्त तक की अंतरिम जमानत मिली थी। लेकिन राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने 30 अगस्त की सुबह 11 बजे जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया। अब गुजरात हाईकोर्ट के रुख से साफ है कि आसाराम की राहत की राह फिलहाल आसान नहीं दिख रही।

## सदन में राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण अधिनियम और विनियमन बिल 2025 पारित

### बिना रजिस्ट्रेशन के संपादित नहीं होगा कोचिंग सेंटर

### 100 या इससे ज्यादा स्टूडेंट होने पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को विपक्ष के भारी विरोध के बावजूद राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण अधिनियम और विनियमन बिल ध्वनि मत से पारित कर दिया गया हालांकि इस बिल को पारित करने के दौरान वन मंत्री संजय शर्मा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के बीच काफी कहा सुनी और तनातनी हुई जिस पर सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत और



जोगाराम पटेल ने बीच बचाव करके माहौल को शांत करने का प्रयास किया लेकिन विपक्ष इस बिल को लेकर राजी नहीं था । इस बिल के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि यह बिल ना तो कोचिंग स्टूडेंटों के लिए खिलाफ है और ना ही कोचिंग सेंटर के लिए



उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने कोचिंग सेंटरों के लिए इस तरह के बिल में बिल्कुल भी प्रावधान नहीं किया था बैरवा ने यह भी कहा कि युवा अपने उज्जवल भविष्य के लिए इंजीनियर मेडिकल इत्यादि हाई प्रोफाइल कोर्सेज की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर में तैयारी के लिए



अपने सुनहरे ख्वाबों को पूरा करने के लिए आते हैं कोटा इसका शानदार उदाहरण है जहां पर लाखों स्टूडेंट हर साल कोचिंग लेने आते हैं इससे सरकार को आर्थिक फायदा भी मिलता है लेकिन जब शिक्षा व्यवसाय बन जाए तो फिर सरकारों को थोड़ा दखल भी करना पड़ता है उन्होंने कहा कि इस बिल में कोचिंग सेंटर के खिलाफ कुछ भी नहीं है लेकिन एजुकेशन तनाव मुक्त और गुणवत्ता पूरक होना चाहिए यह बिल लचीला है और भविष्य में इसमें संशोधन भी किया जा सकता है ।

इस बिल पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पार्टी के कई विधायकों ने इस बिल को प्रवर समिति को भेजे जाने की बात कही लेकिन कांग्रेस पार्टी के ही राजेंद्र पारीक ने इस बिल का समर्थन भी किया इस बिल में 100 या इससे अधिक छात्र होने पर कोचिंग सेंटर को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है तथा एक मुफ्त फीस नहीं लेने की बात भी इस बिल में लिखी गई है तथा सत्र के बीच में अगर कोई स्टूडेंट कोचिंग छोड़कर जाना चाहे तो उसे शेष सत्र की फीस और हॉस्टल का चार्ज भी छात्र को वापस करने को इस बिल में कहा गया है तथा कोचिंग सेंटर पर निगरानी के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी का गठन करने और शैक्षणिक शस्त्र में तनाव दूर करने संबंधी कोर्स को भी पढ़ना जरूरी बताया गया है । इस बिल में नियमों की अवहेलना करने पर पहली बार 50000 रुपए का जुर्माना और दूसरी बार में 200000 का जुर्माना निश्चित किया गया है और फिर भी अगर कोई नियमों का उल्लंघन करें तो फिर उसका रजिस्ट्रेशन रद्द करने की बात इस बिल में लिखी गई है । कोचिंग सेंटर के रेगुलेटरी सुनिश्चित की गई है ।

जानकारों का कहना है कि इस बिल से कहीं ना कहीं कोचिंग सेंटरकी अवांछित गतिविधियों पर अंकुश जरूर लगेगा क्योंकि बीच सत्र के अंदर अगर कोई स्टूडेंट आर्थिक तंगी और किसी अन्य पारिवारिक कारण की वजह से कोचिंग छोड़ना चाहे तो कोचिंग सेंटर की ओर से फीस नहीं लौटी जाती थी तथा कई कोचिंग सेंटर एक मुफ्त फीस वसूल करते हैं और मनमानी तरीके से फीस वसूल करते हैं इस तरह की गतिविधियों को लेकर पेरेंट्स काफी परेशान रहते थे अब इस बिल में कोचिंग सेंटरों की मनमानी फीस वसूल करने के रवैया पर भी अंकुश लगेगा ।

## बारिश के कारण छात्रावास का हिस्सा ढहा



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** बुधवार को कस्बे के माचाड़ी चौक स्थित सीताराम महाराज जी के मंदिर के पीछे की तरफ बने छात्रावास के भवन का एक हिस्सा बरसात के चलते हुए गिर गया। जिससे सीताराम जी के मंदिर के पिछले हिस्से के कुछ छज्जे भी टूट गए। गनीमत ये रही है की कोई जनहानि नही हुई और बड़ा हादसा होने से बच गया। वही पीछे के तरफ से एक आवागमन के लिए गली बनी हुई। जब भवन गिरने लगा तब गली में कोई नही था। स्थानीय लोगों ने भवन गिरने की सूचना नगरपालिका राजगढ़ को दी गयी। सूचना पर नगरपालिका की टीम मौके पर पहुंची। कस्बे में लगातार हो रही बरसात हो रही है। जिसके कारण मंदिर के पीछे बने छात्रावास का एक हिस्सा गिर गया और मंदिर के छज्जे एवं कमरे में दरार आ गई। वहीं नगरपालिका जेईएन राजू जोनवाल ने बताया कि पुराने भवन का एक हिस्सा गिर गया है। इस सूचना पर मौके पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आगे की कार्यवाही जारी है।

## अधिक वर्षा से प्रभावित व पीडित परिवारों के सहायता हेतु डीएमआईएस पोर्टल पर कराए आवेदन

जयपुर टाइम्स


**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार मानसून के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होने के कारण हुई हानि व क्षतियों के संबंध में प्रभावित व पीडित परिवारों से एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार सहायता हेतु डीएमआईएस पोर्टल पर आवेदन कराया जाना है। जिला कलक्टर ने डॉ. आर्तिका शुक्ला बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों, जनहानि व घायल पशु हानि, कच्चे एवं पक्के मकान की क्षति व फसल खराबा इत्यादि पर एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार सहायता दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि मानसून वर्ष 2025 में सामान्य से अधिक वर्षा होने के कारण उपखण्ड क्षेत्र में हुई हानि व क्षतियों के संबंध में फील्ड कार्मिकों से गहन सर्वे कराकर आगामी तीन दिवस में प्रभावित व पीडित परिवारों से एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार डीएमआईएस पोर्टल पर आवेदन करवाना सुनिश्चित करें।

## प्याज फसल को अधिक नमी से होने वाली बीमारियों से बचाने के उपाय

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल मीना ने बताया कि जिले में लगातार हो रही वर्षा एवं पूर्वी हवाओं के चलने के कारण वातावरण में नमी अधिक होने से प्याज की फसल में एन्थ्रेक्नोज, टवीस्टर ब्लाइट (पत्ती मरोड विकृति/जलेबी रोग) एवं जड व कंद गलन का प्रकोप हो सकता है। इन बीमारियों के निदान हेतु किसान कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50' डब्ल्यूपी का 3 ग्राम प्रति लीटर पानी अथवा मेंकोजेब 75' डब्ल्यूपी का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी अथवा कार्बेन्डाजिम 12' डब्ल्यूपी और मेंकोजेब 63' डब्ल्यूपी का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी अथवा एजॉक्सिस्ट्रोबिन 11' और टेबुकोनाजोल 18.3' एससी का एक मिलि प्रतिलिटर पानी का छिडकाव कर सकते हैं। साथ ही दूसरा छिडकाव 10 से 15 दिन के अंतराल से किया जावे। उन्होंने बताया कि इन उपचारों के साथ खेत में उचित जल निकास की समुचित व्यवस्था की जावे ताकि बीमारियों व कीटों के प्रकोप से बचा जा सके। इसके साथ ही अधिक वर्षा व जल भराव के कारण मेडों की बही हुई मिट्टी को नमी के सूख जाने पर मेडों पर खुरपी की सहायता से मिट्टी चढावे।

## एसडीएम अमिता मान ने ली महत्वपूर्ण बैठक, तीन बड़े अभियान होंगे संचालित



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** उपखंड अधिकारी अमिता मान ने बुधवार को उपखंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित आगामी अभियानों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।एसडीएम मान ने बताया कि 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक "शहर चलो अभियान" चलेगा। इसके बाद 19 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रत्येक पंचायत समिति क्षेत्र में हर शुक्रवार "गांव चलो अभियान" के तहत 2 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक "सहकार सदस्यता अभियान" चलाया जाएगा।बैठक में एसडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित अभियानों में की जाने वाली गतिविधियों की सूची तैयार कर समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इन अभियानों का उद्देश्य आमजन तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुँचाना है।बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, पंचायत राज, सहकारिता, ग्रामीण विकास, नगर विकास, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं आपूर्ति, कृषि, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम अमिता मान ने कहा कि अभियानों की सफलता के लिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को जिम्मेदारी के साथ सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

### जिला कलक्टर ने किया शहर व सागर जलाशय का निरीक्षण

# चेतावनी बोर्ड लगाने, सुरक्षा गार्डों को मुस्तैद रखने व वर्षा जल निकासी के पुख्ता प्रबंध के संबंध में दिए दिशा -निर्देश

### जर्जर व जीर्ण-शीर्ण भवन की सूचना बाढ नियंत्रण कक्ष में देवे



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की टीम के साथ अलवर शहर व सागर जलाशय का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने सागर जलाशय का निरीक्षण कर यूआईटी व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जलाशय पर लगाए गए सुरक्षा गार्ड तीन पारियों में मुश्तैदी से तैनात रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि जलाशय पर अतिरिक्त चेतावनी बोर्ड लगाए जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जलाशय की जल निकासी की व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित करें कि पानी शहर में नहीं प्रवेश नहीं करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सुनिश्चित करें कि आमजन जलाशय के पास ना जावे, सेल्फी आदि न लेवे तथा लोगों से समझाइश करें कि जलाशय से दूर रहकर जलाशय को देखें। इसके उपरान्त जिला कलक्टर ने शहर के विवेकानन्द सर्किल, त्रिपोलिया, होप सर्कस, कम्पनी बाग, बस स्टैण्ड रोड का निरीक्षण कर वर्षा जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा जल निकासी हेतु नालियों व नालों की नियमित रूप से साफ-सफाई करावे। उन्होंने ईटराना पुलिया पर कराई गई पेंटिंग का निरीक्षण कर नगर निगम के कार्य की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिये कि इस प्रकार की पेंटिंग शहर की पुलियाओं पर भी कराई जावे। जिला कलक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि जिले में हो रही वर्षा के कारण नदी, बांध, तालाब, जलाशय आदि में पानी की तेजी से आवक होने से उफान पर है। अतः आमजन इनके पास नहीं जावे तथा ना ही वहां जाकर सेल्फी आदि लेवे। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों को वर्षा के दौरान इन स्थानों पर नहीं जाने देवे तथा लोगों से भी इस संबंध में समझाइश करें। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा बाढ राहत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नंबर 0144-2700466 व 8949477947 है। जर्जर, जीर्ण-शीर्ण भवन व अन्य किसी भी सूचना हेतु इन दूरभाष नंबरों पर सम्पर्क कर सूचना देवे। इस दौरान एडीएम शहर बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी के अधिशाषी अभियन्ता अशोक मदान, नगर निगम के अधिशाषी अभियन्ता खेमराज मीणा, सहायक अभियन्ता दिनेश वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे

## जलझूलनी एकादशी पर अलवर में उमड़ा उत्साह



### भक्तों ने उठाए डोले, भजनों और नृत्य से गूंजा शहर





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिलेभर में बुधवार को जलझूलनी एकादशी का पर्व धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मंदिरों से बाल गोपाल स्वरूप भगवान के डोले नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में निकाले गए। महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में शोभायात्राओं में शामिल हुए। भक्तजनों ने भजन गाकर और डीजे की धुन पर नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। डोलों के नगर भ्रमण के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। तेज मंडी स्थित सार्वजनिक गौशाला के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि श्री गोविन्द गौ माता धाम से लड्डू गोपाल जी का डोला नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्त शामिल हुए और भक्ति भाव से दर्शन किए। वहीं, जोहड़ा पटेल नगर स्थित वृंदावन चंद्रमा बिहारी जी मंदिर में हर साल की तरह नंद उत्सव का आयोजन हुआ। मंदिर में भव्य सजावट की गई और महिला मंडली ने भजन-बधाइयां गाईं। महिला मंडली अध्यक्ष श्रीमती चंद्रभागा शर्मा और अन्य महिलाओं के नेतृत्व में हुए भजनों के बीच राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## माधोगढ़ ग्रामवासी पेयजल समस्या से परेशान

### पूर्व मे भी अधिकारियो को कराया अवगत, समस्या जस की तस



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** पंचायत समिति क्षेत्र के समीपवर्ती पलवा ग्राम पंचायत के माधोगढ़ में पेयजल समस्या को लेकर महिलाए उपखंड अधिकारी कार्यलय पहुंची और पानी की समस्या को लेकर विरोध जताया ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा माधोगढ़ में बोरिंग करवाकर उसमें पम्प सैट आदि लगा दिये परन्तु स्थानीय सरपंच तथा जलदाय विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से दस्तावेजों में पूर्ति करके पम्प सैट कमजोर लगा दिये। जिससे बोरिंग से अभी तक किसी प्रकार से जलापूर्ति नहीं हो सकी। जिसके कारण गांव में पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों को पीने का पानी करीब 2-3 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है। जिसके कारण प्यासे मरने की नौबत आ गई है। पालतू जानवरों को भी 2-3 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि बोरिंग होने के बावजूद भी पेयजल संकट बना हुआ है। पूर्व में भी ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को 18 अगस्त को ज्ञापन दिया था जिसमें उपखंड अधिकारी ने सरपंच को पेयजल समस्या दूर करने के आदेश दिए थे। लेकिन अभी तक गांव में पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग की है इस दौरान महेंद्र सिंह, रामकेश, लक्ष्मी, भौती, अनिता, नीलम, किरण, रेखा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## शहर चलो अभियान के तहत 4 से 13 सितम्बर तक होंगे प्री-कैम्प

### एक ही छत के नीचे होंगे आमजन के कई काम, 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मुख्य कैम्प

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले शहर चलो अभियान-2025 से पहले नगर निगम अलवर में 4 से 13 सितम्बर तक वार्डवार प्री-कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इन प्री-कैम्पों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समय पर निस्तारण और आवश्यक आवेदनों को एक ही स्थान पर स्वीकार करना है। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि 4 सितम्बर को वार्ड 1 से 8, 6 सितम्बर को वार्ड 9 से 16, 8 सितम्बर को वार्ड 17 से 24, 9 सितम्बर को वार्ड 25 से 32, 10 सितम्बर को वार्ड 33 से 40, 11 सितम्बर को वार्ड 41 से 48, 12 सितम्बर को वार्ड 49 से 56 और 13 सितम्बर को वार्ड 57 से 65 तक के लिए कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इन कैम्पों में सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट रिपेयर व नई लाइटें लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस की मरम्मत, ब्लैक स्पॉट सुधार, पेचवर्क, पार्क व सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन, कार्यालय में लंबित पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और एसबीएम 2.0 अंतर्गत शौचालय निर्माण से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। आयुक्त ने आमजन से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में प्री-कैम्पों में भाग लेकर समस्याओं का समाधान करवाएं और आगामी शहर चलो अभियान से लाभांवित हों।

## जनसुरक्षा अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर कल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार 30 सितम्बर तक संचालित जनसुरक्षा अभियान के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 5 सितम्बर को शिविर आयोजित होंगे। ग्रणी जिला बैंक प्रबंधक बाबू लाल पालरिया ने बताया कि अभियान के तहत जिले में ग्राम पंचायत स्तर तक प्रशासन व सभी बैंकों के सहयोग से कैम्पों का आयोजन किया जा रहा हैं जिनमें प्रधानमंत्री जन-धन योजना में वर्तमान निष्क्रिय बैंक खातों का पुनः सत्यापन, नये बैंक खाते खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में शिविर स्थल पर ही नामांकन किया जायेगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अभियान में बैंकिंग व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाये। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में प्रतिवर्ष केवल 20 रूपये में 2 लाख का दुर्घटना बीमा, जीवन-ज्योति बीमा योजना में प्रतिवर्ष केवल 436 रूपये में 2 लाख रूपये का जीवन बीमा और अटल पेंशन योजना में न्यूनतम मासिक निवेश करने पर 60 वर्ष की आयु के बाद अंशदान आधारित स्थाई रूप से अधिकतम 5000 रूपये मासिक पेंशन मिलेगी। इन योजनाओ से जुड़ने के लिए अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबरों से एसएमएस एवं मिस्डकाल द्वारा भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। 5 सितम्बर को इन ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर उन्होंने बताया कि जनसुरक्षा अभियान के तहत 5 सितम्बर को जिले की ग्राम तूलेडा, कनेटी, खुडीयाना, रैणी, रामपुरा पाटन, टहला, पलखडी, ठेंगी का बास, चौमू, धमरेड, जहादू, शाहपुर, मालूताना, परसा का बास, बरोली, टोडा, जमालपुर, प्रतापगढ़, नंगला बंजीरका, नीमला, नांगलबानी व टोडानगर में जनसुरक्षा शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## शपथ ग्रहण समारोह 6 सितम्बर को

जयपुर टाइम्स

**राजगढ(निसं.)** श्रमजीवी पत्रकार संघ की उपशाखा राजगढ़- रैणी इकाई का शपथ ग्रहण समारोह 6 सितम्बर शनिवार को प्रातः 11 बजे आयोजित होगा। श्रमजीवी पत्रकार पत्रकार संघ राजगढ़-रैणी की उपशाखा के संगठन मंत्री अमन जैन ने जानकारी देते हुए बताया की शनिवार को श्रमजीवी पत्रकार संघ राजगढ़ रैणी की इकाई का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन ग्राम नीमला स्थित डूंगरी वाले हनुमान मंदिर मे आयोजित किया जाएगा। जिसमें संगठन की नवीन कार्यकारणी को शपथ दिलाई जाएगी।

# वन राज्य मंत्री की अगुवाई में चिनार स्कूल के बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

### विधानसभा अध्यक्ष एवं वन राज्य मंत्री की विधानसभा की कार्यवाही दिखाने की पहल की बच्चों ने की सराहना



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अगुवाई में अलवर के चिनार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा की कार्यवाही को देखकर विधानसभा की कार्यप्रणाली व संसदीय परंपराओं को समझा। इस दौरान देवनानी ने विद्यार्थियों को लोकतांािक मूल्यों, संविधान की गरिमा और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने पीतल वाले ऐतिहासिक गेट पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी और वन राज्यमंत्री संजय शर्मा के साथ सामूहिक फोटो लिए। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर के लिए विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बताया कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं तथा आने वाले समय में बच्चों पर ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने का दारोमदार है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से महसूस कर सके, इसके लिए चिनार स्कूल के विद्यार्थियों के दल को लोकतंत्र के मंदिर का भ्रमण कराया गया है, जहां बच्चों ने पक्ष और विपक्ष के बीच हो रही बहस, प्रश्नकाल और सीटिंग एरेंजमेंट को देखा। इस दौरान बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विधानसभा की कार्यवाही को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां आकर विधानसभा में जनहित के मुद्दों पर होने वाली बहस, विधायकों की भूमिका और लोकतंत्र की महत्वता के बारे में गहनता से जानने का अवसर मिला है।

# डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में वर्षा प्रभावित इलाकों में जुटा जयपुर जिला प्रशासन






जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिले में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे हालात में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में प्रशासन युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्यों में जुटा हुआ है। डॉ. सोनी स्वयं आपदा प्रबंधन की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और जिम्मेदार पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### राहत कार्यों की निगरानी

कलक्टर के आदेश पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और राजस्व अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। ये अधिकारी फील्ड में जाकर स्थिति का आकलन कर रहे हैं और मौके पर ही आवश्यक कदम उठा रहे हैं। राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए जेसीबी मशीनें, पंप सेट और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की सेवाएं भी ली जा रही हैं।

### प्रभावितों तक सहायता

अतिप्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। प्रभावित परिवारों को राशन किट और फूड पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। कोटखावदा क्षेत्र में विशेष रूप से अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी की तैनाती की गई है ताकि राहत कार्यों की गति तेज की जा सके। जलभराव और रपट वाले क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### फसल नुकसान का आकलन

राजस्व अधिकारियों की टीमें गांव-गांव जाकर वर्षा से हुए फसल नुकसान का सर्वे कर रही हैं। रिपोर्ट सीधे जिला कलक्टर को भेजी जा रही है ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके।

### नियंत्रण कक्ष सक्रिय

आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय है। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 0141-2204475 और 0141-2204476 नंबर पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा ने कहा कि डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में जिला प्रशासन का उद्देश्य जनजीवन की सुरक्षा करना और प्रभावित परिवारों तक हर संभव राहत पहुँचाना है। प्रशासन त्वरित निर्णय लेकर आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने व्यक्त किया शोक



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता की माता सत्यवती देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राठौड़ बुधवार को मालवीय नगर स्थित अणु विभा केंद्र में आयोजित शोक सभा में पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। राठौड़ ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और इस दुखद घड़ी में परिजनों को असहनीय पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की और पंकज गुप्ता के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## झालावाड़ हादसे में छात्रों के श्रद्धांजलि नहीं देने पर कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर आए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को कांग्रेस पार्टी के विधायक काली पट्टी बांधकर विधानसभा में पहुंचे और विधानसभा परिसर में उन्होंने प्रदेश की भजनलाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया । कांग्रेस विधायकों का कहना था कि पिछले दिनों झालावाड़ में एक बड़े हादसे में छात्रों की मौत हुई इसके बाद 15 अगस्त को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे एक छात्र की हादसे में मौत हो गई इस तरह से बड़ी संख्या में छात्रों की मौत हुई लेकिन सरकार ने इन छात्रों की मौत पर राजस्थान विधानसभा में श्रद्धांजलि तक प्रकट करना मुनासिब नहीं समझा कांग्रेस विधायकों का कहना था कि एक तरफ हम राजस्थान विधानसभा में विशिष्ट जनों की मौत श्रद्धांजलि प्रकट करते हैं दूसरी तरफ प्रदेश की भजनलाल सरकार ने मासूम छात्रों की मौत पर श्रद्धांजलि तक प्रकट करना उचित नहीं समझा इसीलिए कांग्रेस पार्टी की विधायकों की ओर से आज काली पट्टी बांधकर सरकार के इस रवैया की खिलाफत की जा रही है कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने राजस्थान विधानसभा परिसर में जोरदार प्रदर्शन भी किया राजस्थान विधानसभा परिसर में प्रदर्शन कर रहे प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि एक तरफ प्रदेश की सरकार 3500 करोड रुपए महामंडपम पर खर्च कर रही है दूसरी तरफ प्रदेश में हजारों की संख्या में सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग खराब पड़ी है यह सरकारी रिपोर्ट में ही खुलासा हुआ है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों की हालत काफी खराब है भवन जर्जर हैं लेकिन सरकार इन जर्जर स्कूलों की मरम्मत करवाने और इन्हें सुधारने के प्रयास करने के बजाय 3500 करोड रुपए महामंडपम पर खर्च करना तो जरूरी समझता है लेकिन सरकार की लापरवाही की वजह से झालावाड़ में स्कूल हादसे में मौत का शिकार हुए छात्रों को राजस्थान विधानसभा में श्रद्धांजलि तक देना पसंद नहीं करती यह सरकार की संवेदनहीनता को प्रकट करता है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हेलीकॉप्टर में सुबह से लेकर रात तक घूमते रहते हैं लेकिन झालावाड़ में मृत बच्चों के परिजनों का दुख बांटने के लिए उनके घर तक नहीं गए इसकी पीड़ा हम सबको है इसीलिए हम काली पट्टी बांधकर आज विधानसभा में आए हैं।

## झुंझुनूं का बेटा बना सोशल मीडिया स्टार


सनवर कुरैशी की आवाज़ पर झूम उठा शहर, गाना हुआ वायरल

**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं की मिट्टी ने हमेशा नई-नई प्रतिभाओं को जन्म दिया है। इसी कड़ी में अब शहर के युवा गायक सनवर कुरैशी का नाम तेजी से चर्चाओं में है। उनकी दिल को छू लेने वाली आवाज़ और भावनाओं से भरा गीत इन दिनों सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। सनवर का गाया हुआ गीत "तूने मिलके रक़ीबों संग मेरे दिल पे चलाई छुरियां" यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक रील्स पर वायरल हो रहा है। लोग उनकी गायकी की खूब सराहना कर रहे हैं और इसे लगातार शेयर कर रहे हैं। कई संगीत प्रेमी उन्हें 'उभरता सितारा' कह रहे हैं। झुंझुनूं शहर के मूल निवासी सनवर कुरैशी को बचपन से ही संगीत का शौक रहा है। मोहल्ले की छोटी-छोटी महफिलों और आयोजनों से शुरू हुआ उनका सफर अब बड़े डिजिटल मंच तक पहुंच गया है। विशेष बात यह है कि उन्होंने कभी औपचारिक संगीत शिक्षा नहीं ली, बल्कि अपने जुनून और निरंतर अभ्यास के दम पर अपनी कला को निखारा। उनके करीबी बताते हैं कि सनवर हमेशा से ही सुर और लय में खोए रहते थे और यही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। अपने संगीत सफर को लेकर सनवर कहते हैं कि "असली कलाकार वही है जो अपने दर्द और भावनाओं को सुरों के जरिए लोगों तक पहुंचा सके।" उनका सपना है कि आने वाले समय में वे बॉलीवुड और बड़े म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स पर गाएं। साथ ही वे चाहते हैं कि झुंझुनूं के और भी युवा कला और संगीत की दुनिया में आगे बढ़कर अपनी पहचान बना सकें। झुंझुनूं की इस नई प्रतिभा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि छोटे शहरों से निकलकर भी बड़े सपनों को पूरा किया जा सकता है।



24वीं पुण्यतिथि

॥ भावभीनी श्रद्धांजलि ॥



04.09.2001

श्रद्धा सुमन अर्पण

स्वर्गीय श्री गोपाल कृष्ण शर्मा

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह आदर्श, मार्गदर्शन,
आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे।
आपकी पुण्यतिथि पर समस्त परिवारजन
भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे।

माया शर्मा (पत्नी),
नवीन कृष्ण शर्मा-शीला शर्मा, यदू कृष्ण शर्मा-अलका शर्मा,
संतोष कृष्ण शर्मा - तृप्ति शर्मा (पुत्र-पुत्रवधू),
तुषार कृष्ण शर्मा, मनन कृष्ण शर्मा, रिद्धिमा शर्मा, अयान कृष्ण शर्मा (पौत्र-पौत्री)
प्रमोद कौशिक कामिनी कौशिक (पुत्री-दामाद),
कुनाल कौशिक - अंजलि कौशिक (दोहिता-दोहिती)

## डोटासरा -पायलट की मुलाकात से कांग्रेस में बनेंगे नए समीकरण?





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मंगलवार की रात गोविंद सिंह डोटासरा और सचिन पायलट के बीच आपस में हुई मुलाकात के बाद राजस्थान कांग्रेस में हलचल तेज हो गई है क्योंकि यह मुलाकात डोटासरा के आवास पर हुई सचिन पायलट खुद डोटासरा से मिलने उनके आवास पर गए और करीब 1 घंटे तक दोनों नेताओं के बीच अकेले में बातचीत हुई इसलिए इन दोनों बड़े नेताओं के बीच आपस में हुई यह बैठक राजस्थान कांग्रेस में चर्चा का विषय बनी हुई है । हालांकि दोनों ही नेता बातचीत में रूटीन की मुलाकात बताते हैं लेकिन बड़ी बात यह है कि सचिन पायलट पहली बार गोविंद सिंह डोटासरा के घर पर गए और वहां जाकर उन्होंने 1 घंटे तक बातचीत की तो यह तो बिल्कुल तय है कि दोनों नेताओं के बीच किसी बड़े मुद्दे को लेकर आपस में चर्चा जरूर हुई है जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात विधानसभा के कांस्टीट्यूशन क्लब में पहले कांग्रेस पार्टी के विधायक दल की बैठक हुई इस बैठक में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, गोविंद सिंह डोटासरा, हरीश चौधरी सचिन पायलट सभी बड़े नेता मौजूद थे इस बैठक के बाद पायलट सीधे डोटासरा के आवास पर गए और वहां उन्होंने काफी देर तक उनसे बातचीत की जानकारी लोगों का कहना है कि निश्चित रूप से गोविंद सिंह डोटासरा लंबे समय से राजस्थान में कांग्रेस पार्टी का संचालन कर रहे हैं और उनके नेतृत्व में पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन भी किया है इसलिए दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के नेताओं में डोटासरा की अच्छी इज्जत होने लगी है दूसरी तरफ सचिन पायलट पूर्व में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं राजस्थान कांग्रेस के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे तथा देशभर के कांग्रेस जनों में भी पायलट की अच्छी छवि है राजस्थान के उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं और राजस्थान में सचिन पायलट पिछले कई सालों से सक्रिय हैं कांग्रेस पार्टी के कई युवा नेता और कई युवा विधायक तो इस कोशिश में लगे हैं कि सचिन पायलट को चुनाव से पहले मुख्यमंत्री के तौर पर प्रस्तुत कर दे तो कांग्रेस पार्टी चुनाव जीत सकती है अन्यथा कांग्रेस का चुनाव जीतना मुश्किल है दूसरी तरफ अशोक गहलोत तो डोटासरा के बीच अब पहले की तरह राजनीतिक संबंध नहीं रह गए हैं इन दोनों नेताओं के बीच कहीं ना कहीं राजनीतिक दूरियां जरूर आ गई है इस बीच टीकाराम जूली प्रतिपक्ष की भूमिका में शानदार तरीके से नजर आ रहे हैं कुल मिलाकर यह तो तय है कि भले ही अशोक गहलोत राजस्थान कांग्रेस में फिर से अपना प्रभाव जमाने की कोशिश कर रहे हो लेकिन उनकी वापसी अब मुश्किल है ऐसे में सचिन पायलट गोविंद सिंह डोटासरा हरीश चौधरी टीकाराम जूली जैसे नेताओं पर ही कांग्रेस हाई कमान ज्यादा विश्वास कर रहा है इस स्थिति में सचिन पायलट का डोटासरा के घर जाना और उनसे मुलाकात करना कहीं ना कहीं यह दर्शाता है कि यह दोनों नेता दिल और दिमाग से एक होना चाहते हैं ताकि राजस्थान में भाजपा को मजबूती से टक्कर दी जा सके।

## सदन में कोचिंग बिल को लेकर विपक्ष के सदस्यों में विरोधाभास



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण बिल को लेकर हुई बहस में कांग्रेस पार्टी के विधायकों में विरोधाभास की स्थिति देखने को मिली एक तरफ प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, शांति धारीवाल, हरीश चौधरी जैसे नेता इस बिल को प्रवर समिति के समक्ष प्रस्तुत करने की मांग कर रहे थे और बिल के ड्राफ्ट को पूरी तरह से ना मंजूर कर रहे थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवर समिति के सदस्य राजेंद्र पारीक ने सदन में चर्चा के दौरान कह दिया कि यह बिल वर्तमान समय की जरूरत है अगर इस बिल में 16 साल की अनिवार्यता को लागू कर देंगे तो फिर बच्चे उन राज्यों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए चले जाएंगे जहां पर 16 साल की बाध्यता नहीं है राजेंद्र पारीक ने यह भी कहा कि बच्चों के आत्महत्या का कारण पढ़ाई का टेंशन नहीं है बल्कि परिवारों का एकाकीपन और परंपराओं का टूटना है कुल मिलाकर राजेंद्र पारीक ने इस बिल का पुरजोर समर्थन किया तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेता इस बिल के खिलाफ बोलते हुए नजर आए शांति धारीवाल ने कहा कि इस बिल से अफसर शाही का राज हो जाएगा इसलिए इस बिल को फिलहाल प्रवर समिति को भेज देना चाहिए तो कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी ने कहा कि अगर यह बिल पारित हो जाएगा तो आने वाली पीढ़ी हम सबको माफ नहीं करेगी इस बिल से बच्चों का कोई भला होने वाला नहीं है चर्चा के दौरान प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि इस बिल से बच्चों का भला नहीं होने वाला यह बिल कोचिंग सेंटर के मालिकों को राहत और फायदा पहुंचाने के लिए लाया जा रहा है उन्होंने कहा कि बच्चों के आत्महत्या करने के मामलों से इस बिल से दूर रखा गया है इस बिल में ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया जिसकी वजह से बच्चों के आत्महत्या करने के मामलों में विराम लग ऐसा लगता है कि हाई कोर्ट के निर्णय की परिणिति में सरकार जल्दबाजी में यह बिल ला रही है जो ठीक नहीं है द्य कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि पहले ही कांग्रेस पार्टी के कई विधायकों ने इस बिल का विरोध किया हो लेकिन राजेंद्र पारीक कांग्रेस पार्टी के काफी वरिष्ठ नेता है और कई बार विधायक रह चुके हैं उन्होंने जिस तरह से बिल का समर्थन किया उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि कांग्रेस पार्टी के विधायकों को भी कहीं ना कहीं यह बिल पसंद है

## डॉ. सतीश पूनियां 7 सितंबर तक राजस्थान एवं हरियाणा के 5 दिवसीय प्रवास पर

### संगठनात्मक, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में होंगे शामिल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां 3 सितम्बर से 7 सितंबर तक राजस्थान और हरियाणा के पांच दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। जयपुर में सतीश पूनियां ने भाजपा राजस्थान कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता की माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके बाद अजमेर पहुंचकर राजस्थान सरकार के मंत्री सुरेश रावत के पिताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। पूनियां अजमेर से डीडवाना पहुंचकर तेजाजी मंदिर में तेजा गायन में शामिल हुये। 4 सितम्बर को पूनियां चूरू जिले के सिद्धमुख में मरुधरा आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे, 5 सितम्बर को पूनियां रोहतक में सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा हरियाणा प्रदेश बैठक में शामिल होंगे। सतीश पूनियां 6 सितम्बर को जोधपुर में कर्नल सोनाराम की शोकसभा में शामिल होंगे और 7 सितंबर को भरतपुर जिले के सलेमपुर कलां में शहीद सत्येंद्र सिंह प्रतिमा अनावरण, घाटरी में प्रतिभा सम्मान समारोह, फिर भरतपुर शहर में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष हंसिका गुर्जर के पति व भगतसिंह लोहागढ़ के पिताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

जयपुर में संपन्न हुई आरडीटीएम 2025 की स्टेकहोल्डर्स मीट

## पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के विशेषज्ञों ने साझा किया विज़न, आगामी आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) और राजस्थान पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 2025 की पाँचवें संस्करण की स्टेकहोल्डर्स' मीट का आयोजन जयपुर के आईटीसी राजपूताना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव और आयुक्त रूक्मणि रियार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एफएचटीआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, महासचिव सीए वीरेंद्र एस. शेखावत सहित अनेक पर्यटन विशेषज्ञ और इंडस्ट्री लीडर्स ने भाग लिया।

### पर्यटन में नई संभावनाएँ

राजेश यादव ने बताया कि राजस्थान घरेलू और विदेशी पर्यटकों की पसंद में पाँचवें स्थान पर है। राज्य सरकार पर्यटन अवसंरचना और अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पाँच हजार करोड़ रुपये निवेश कर रही है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को संभावित पर्यटन स्थलों की पहचान करने और व्यापक ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब समय है कि ग्रामीण पर्यटन और अनुभवात्मक पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाए।

### एफएचटीआर का योगदान

महासचिव सीए वीरेंद्र शेखावत ने कहा कि एफएचटीआर सरकार के साथ नीतिगत पैरवी और उद्योग को अवसर उपलब्ध कराने में हमेशा अग्रणी रही है। वहीं अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने अनुसंधान संस्थानों की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया।

### पर्यटन की प्रगति और वैश्विक मंच

पर्यटन विभाग की आयुक्त रूक्मणि रियार ने कहा कि 2019 से 2025 के बीच पर्यटन क्षेत्र ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। देश की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 20' बढ़ा है। एफएचटीआर ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सक्रिय भागीदारी से राजस्थान को वैश्विक पहचान दिलाई है।

### आगामी आयोजन

गौरतलब है कि आरडीटीएम का पाँचवाँ संस्करण 12 से 14 सितम्बर 2025 को जयपुर में आयोजित होगा। इसमें देश-विदेश के टूर ऑपरेटर्स, होटलियर और पर्यटन संस्थान भाग लेंगे। पिछले संस्करण में 7,000 से अधिक बी2बी मीटिंग्स हुईं, जिससे डेस्टिनेशन वेडिंग्स और पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिला।

## पुलिस स्टेशन के परिसर में पुलिस क्वार्टर में हेड कांस्टेबल ने फांसी लगाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भरतपुर जिले के रूपवास थाने में पोस्टेड हेड कांस्टेबल ने पुलिस स्टेशन परिसर में स्थित पुलिस क्वार्टर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने के बाद पुलिस के सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे मौके पर एफएसएल की टीम भी बुलाई गई है घटनास्थल से आवश्यक तथ्य जुटाए जा रहे हैं फिलहाल मीडिया को मौके पर नहीं जाने दिया जा रहा मृतक हेड कांस्टेबल बदन सिंह है जो अभी हाल ही में बयान से ट्रांसफर होकर रूपवास थाने में आया था बदन सिंह पूर्व में इसी थाने में पोस्टेड रह चुका है किस कारण की वजह से उसने आत्महत्या की है खबर लिखे जाने तक जानकारी नहीं मिल पाई थी पुलिस के बड़े अधिकारी भी अभी इस मामले में अपना मुंह नहीं खोल रहे, क्या मृतक हेड कांस्टेबल ने पारिवारिक कारण से सुसाइड किया है या फिर अपने विभाग के किसी बड़े अधिकारी के प्रेशर की वजह से या फिर कोई और कारण है इन सब सवालों के जवाब फिलहाल नहीं मिल पाए हैं लेकिन संभावना है कि कहीं ना कहीं मृतक बदन सिंह काफी परेशान था इसी वजह से उसने मौत को गले लगाया हालांकि यह बहुत कम संभावना है कि उसने पारिवारिक कारण की वजह से फांसी लगाई हो कहा जा रहा है किसी गहरी मानसिक अवसाद की वजह से बदन सिंह ने सुसाइड किया होगा । खबर लिखे जाने तक यह भी क्लियर नहीं हो पाया था कि मृतक कोई सुसाइड नोट लिखकर गया था या नहीं क्योंकि पुलिस के अधिकारी इस मामले में अभी कुछ भी बयान नहीं दे रहे ।

# चीन को सुधारना होगा अपना रवैया




*कई मोर्चों पर प्रगति के बावजूद इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि एससीओ आंतरिक विरोधाभासों से भरा हुआ है। कई सदस्य इस मंच का उपयोग अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति और भू-राजनीतिक लाभ के लिए करते हैं, जिससे परस्पर विश्वास का अभाव और मतभेद उत्पन्न होते हैं। इसका ही परिणाम है कि यह मंच आतंकवाद, कनेक्टिविटी की कमी और अफगानिस्तान की स्थिति जैसे प्रमुख क्षेत्रीय संकटों के प्रभावी ढंग से समाधान में असफल रहा है। चीन की भूमिका भी समस्याओं से भरी है। भारत के खिलाफ आतंकवाद को एक रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते आ रहे पाकिस्तान का चीन हरसंभव तरीके से बचाव करता आया है। पाकिस्तान के 80 प्रतिशत से अधिक रक्षा उपकरण अब चीन से आने लगे हैं। आपरेशन सिंदूर के दौरान भी उसने पाकिस्तान को सहायता पहुंचाई। बीजिंग के संकीर्ण रणनीतिक हितों ने अफ-पाक क्षेत्र को आतंकवाद का गढ़ बना दिया है।*

शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री सात साल बाद चीन गए। इस दौरान मेजबान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अलावा कई अन्य नेताओं के साथ उनकी वार्ता हुई। खासतौर से चिनफिंग के साथ लंबे अर्से बाद मेल-मुलाकात और पुतिन के साथ उनकी आत्मीयता खासी चर्चित रही। एक ऐसे दौर में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां विशेषकर टैरिफ नीति दुनिया में हलचल मचा रही है, तब मोदी-चिनफिंग-पुतिन की तिकड़ी पर दुनिया भर की नजरें टिकना स्वाभाविक ही था।

एससीओ के मंच पर प्रधानमंत्री ने भारत की प्राथमिकताओं को भी प्रमुखता से सामने रखा। पाकिस्तान द्वारा किए गए पहलगाम आतंकी हमले की एससीओ द्वारा निंदा करना भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत रही। यह रुख जून में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के उलट रहा, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले की निंदा को लेकर दोहरा रवैया दिखाया गया था। नई दिल्ली के लिए यह परिणाम न केवल आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एससीओ चार्टर के केंद्रीय मिशन को फिर से स्थापित करता है, बल्कि सदस्य देशों और यूरेशिया के खिलाफ पाकिस्तानी आतंकवाद की ओर वैश्विक ध्यान भी आकर्षित करता है। शिखर सम्मेलन से पहले और बाद में प्रधानमंत्री ने म्यांमार, मालदीव, मध्य एशिया, बेलारूस, रूस, आर्मेनिया और मिस्र के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं, ताकि कूटनीतिक संबंधों को मजबूत किया जा सके। कई मोर्चों पर प्रगति के बावजूद इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि एससीओ आंतरिक विरोधाभासों से भरा हुआ है। कई सदस्य इस मंच का उपयोग अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति और भू-राजनीतिक लाभ के लिए करते हैं, जिससे परस्पर विश्वास का अभाव और मतभेद उत्पन्न होते हैं। इसका ही परिणाम है कि यह मंच आतंकवाद, कनेक्टिविटी की कमी और अफगानिस्तान की स्थिति जैसे प्रमुख क्षेत्रीय संकटों के प्रभावी ढंग से समाधान में असफल रहा है। चीन की भूमिका भी समस्याओं से भरी है। भारत के खिलाफ आतंकवाद को एक रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते आ रहे पाकिस्तान का चीन हरसंभव तरीके से बचाव करता आया है। पाकिस्तान के 80 प्रतिशत से अधिक रक्षा उपकरण अब चीन से आने लगे हैं। आपरेशन सिंदूर के दौरान भी उसने पाकिस्तान को सहायता पहुंचाई। बीजिंग के संकीर्ण रणनीतिक हितों ने अफ-पाक क्षेत्र को आतंकवाद का गढ़ बना दिया है। इससे क्षेत्रीय संपर्क, सुरक्षा और आर्थिक विकास पर असर पड़ता है और एससीओ कमजोर पड़ता है। वर्ष 2017 में पूर्ण सदस्य के रूप में एससीओ में शामिल होने के बाद से भारत ने इस संगठन को कनेक्टिविटी और ऐसे सहयोगात्मक प्रयासों की ओर मोड़ने का प्रयास किया है, जो संप्रभुता का सम्मान करते हों। नई दिल्ली की प्राथमिकताएं क्षेत्र के लिए साझा संस्कृति और साझा भविष्य पर केंद्रित रही हैं। उसने भरोसेमंद, लचीली और विविधीकृत आपूर्ति श्रृंखलाओं पर जोर दिया है। इसके लिए बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता के साथ ही सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी अनिवार्य है। नई दिल्ली ने एससीओ मंच का उपयोग अपने भू-राजनीतिक और रणनीतिक लक्ष्यों को मध्य एशिया में आगे बढ़ाने और चीन के आक्रामक प्रभाव को संतुलित करने के लिए भी किया है। भारत की सक्रियता के चलते ही मध्य एशियाई देशों ने 2018 में उसे अस्ताना समझौते में शामिल किया और चाबहार पोर्ट एवं अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे को लेकर पूर्वी मार्ग में रुचि दिखाई। इसी वर्ष जून में भारत और मध्य एशिया ने नई दिल्ली में चौथे भारत-मध्य एशिया संवाद के दौरान रेयर अर्थ और महत्वपूर्ण खनिजों को लेकर बात आगे बढ़ाई। यह कदम बीजिंग द्वारा स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा के लिए रेयर अर्थ के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद उठाया गया। मध्य एशिया को बीजिंग के प्रभुत्व के संभावित प्रतिद्वंद्वी के रूप में भी देखा जा रहा है, क्योंकि वहां रेयर अर्थ तत्वों के समृद्ध भंडार हैं। अकेले कजाकिस्तान में ही 5,000 से अधिक रेयर अर्थ तत्व हैं, जिनका मूल्य 46 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर से अधिक बताया जा रहा है। एससीओ ने भारत और चीन को सीधे संवाद का एक मंच भी प्रदान किया और दोनों देशों ने मतभेदों के बावजूद द्विपक्षीय मुद्दों पर समाधान तलाशने की इच्छा भी जताई। इन मुद्दों में सीमा निर्धारण और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव यानी बीआरआइ के तहत गुलाम जम्मू-कश्मीर में चीनी निवेश जैसे मुद्दे भी शामिल हैं, जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देते हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि वैश्विक दक्षिण द्वारा संचालित ब्रिक्स और एससीओ जैसे मंच द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के माध्यम भी बने हैं। युद्धों, संघर्षों, टैरिफ और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों वाले इस दौर में बीजिंग और नई दिल्ली को दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ सहयोग करना चाहिए। उनकी बढ़ती भूमिका और दायित्वों को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक भी है।

## सम्पादकीय

# अमेरिका की मनमानी शर्तों का भारत ने दिया सटीक जवाब



शक्ति का दंभ कई बार जल्दबाजी का वाहक बनता है और इस क्रम में जो फैसले लिए जाते हैं, अक्सर उन्हें लेकर ऊहापोह बना रहता है। ऐसी स्थिति में आशंकाओं के घेरे की वजह से विरोधाभासी प्रतिक्रियाएं स्वाभाविक होती हैं। अमेरिका ने जिस तरह एकतरफा तौर पर अपने यहां आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने का फैसला किया, वह पहले ही सवालों के घेरे में था। उसके बाद जब उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भी भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की, तब यह साफ था कि वह व्यापार वार्ता में अपनी शर्तों पर भारत की हामी चाहता है। मगर पिछले कई दशकों के दौरान भारत और अमेरिका के बीच व्यापार का जो स्वरूप खड़ा हुआ है, उसमें भारत के लिए अमेरिका की हर बात मानना संभव नहीं है। यही वजह है कि अमेरिका के रुख में सख्ती के समांतर भारत ने झुकने के बजाय अपने लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार करना शुरू कर दिया। एक शानदार कूटनीति का परिचय देते हुए भारत ने रूस और चीन के साथ बातचीत को आगे बढ़ाया और चीन के तियानजिन में हुए शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के घोषणापत्र में भी अपने हित के मुद्दे को शामिल कराने में कामयाबी हासिल की। गौरतलब है कि रूस और भारत के बीच लंबे समय से मजबूत संबंध रहे हैं। चीन के साथ सीमा विवाद के कई प्रश्न हैं और उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती, लेकिन फिलहाल आर्थिक मुद्दों को केंद्र में रख कर भारत ने जो कूटनीतिक बिसात तैयार की है, उसमें रूस भी अहम भूमिका में है। अगर रूस और चीन के साथ संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े, तब स्वाभाविक ही इससे एक नया समीकरण बनेगा, जो आर्थिक और सामरिक दृष्टि से अमेरिका के लिए चुनौती साबित हो सकता है। यही वजह है कि शुल्क लगाने को लेकर बेहद हड़बड़ी में कदम उठाने के बाद से ही अमेरिका के राष्ट्रपति और अन्य नेताओं के आए दिन ऐसे बयान सामने आ रहे हैं, जिससे ऐसा लगता कि वे दबाव पैदा करके भारत के फैसलों को प्रभावित करना चाहते हैं। अमेरिका की ओर से एक दिन शुल्क लगाने से उपजी समस्या का समाधान निकालने की उम्मीद जताई जाती है, तो अगले ही दिन धमकी या दबाव की भाषा अख्तियार कर ली जाती है। भारत ने अगर चीन में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में ठोस भागीदारी के साथ-साथ रूस और चीन के साथ संबंधों को एक नया आयाम देने की कोशिश की, तो इसमें अमेरिका के विरोधाभासी रवैये की भी बड़ी भूमिका है। यह विचित्र है कि बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच अमेरिका को यह समझने की जरूरत नहीं लगी कि अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रह गई है। भारत निश्चित रूप से अपने हित में अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को एक संतुलित आकार देना चाहता है, लेकिन अमेरिका के लिए अपनी शर्तें ज्यादा अहम हो गई लगती हैं। यही वजह है कि भारत ने वैकल्पिक उपाय के रूप में रूस और चीन के साथ सहयोग के मोर्चे की दिशा में ठोस कदम उठाए। जब इसके नतीजे में रूस और चीन की ओर से भारत को लेकर एक विवेकसम्मत प्रतिक्रिया देखने को मिलने लगी है, तो अमेरिका के व्यापार सलाहकार इसे चिंताजनक बता रहे हैं। सवाल यह है कि अगर अमेरिका अपने ही विरोधाभासी फैसलों से घिरा रहता है, तो उसे भारत के अपने हित में उठाए गए कदमों से परेशानी क्यों होनी चाहिए।


# गरीबों का सशक्त बनाने वाली जनधन योजना




इसे विडंबना ही कहेंगे कि आजादी के 67 साल बाद भी देश के आधे परिवारों के लिए बैंकिंग तक पहुंच दूर का सपना था। वित्तीय सुरक्षा के अभाव में गरीबों के सपने कभी साकार नहीं हो पाते थे। तब भले ही बैंकों को गरीबों का हितैषी कहा जाता हो, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर उनका ढांचा गरीबों के अनुकूल नहीं रहा। देश में गरीबी की व्यापकता एवं उद्यमशीलता के माहौल में कमी का एक बड़ा कारण बैंकों तक गरीबों की पहुंच न होना रहा। 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद यह उम्?मीद बंधी थी कि अब बैंकों की चौखट तक गरीबों की पहुंच बढ़ेगी, पर समय के साथ यह उम्मीद धूमिल पड़ती गई। 2013 में रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन ने वित्तीय समावेशन पर नचिकेता मोर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। समिति ने सभी लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने के लिए अधिक व्यापक वित्तीय ढांचे की सिफारिश करते हुअ कहा कि चूंकि गरीब बचत करते हैं, इसलिए उनके लिए एक ऐसी सुरक्षित एवं ब्याज कमाने वाली औपचारिक योजना की जरूरत है, जिस तक आसानी से पहुंच सुनिश्चित की जा सके। आजादी के 67 वर्षों तक जहां आम आदमी को आसानी से बचत खाता तक नसीब नहीं हुआ, वहीं भ्रष्ट नेताओं-नौकरशाहों-ठेकेदारों के बैंक खाते विदेशी बैंकों में खुले। बैंकों की सीमित पहुंच का दुष्परिणाम यह हुआ कि हर स्?तर पर बिचौलियों-भ्रष्टाचारियों की भरमार हो गई। इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने यह कहकर स्वीकार भी किया था कि विकास के लिए दिल्ली से चला एक रुपया गरीबों तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसा ही रह जाता है। स्पष्ट है शेष 85 पैसा बिचौलियों-भ्रष्टाचारियों की जेब में जाता था। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने "सबका साथ-सबका विकास" के लिए आम जनता को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का जो बीड़ा उठाया था, उसी के तहत थी जनधन योजना। "हर घर का पासबुक" जैसा महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से पीएम जनधन योजना शुरू करने का ऐलान किया। इस योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई और इस दिन बैंकों ने गरीबों का खाता खोलने के लिए देश भर में 60,000 शिविर लगाए। पहले ही दिन देश भर में डेढ़ करोड़ बैंक खाते खोले गए। इस कामयाबी को देखते हुए प्रधानमंत्री ने 28 अगस्त को 'वित्?तीय स्वतंत्रता दिवस" करार दिया। आम तौर पर गरीबों की हितैषी वाली योजनाएं शुरू में तो धूम-धड़ाके के साथ होती हैं, लेकिन बाद में वे भ्रष्ट तत्वों के जीने-खाने का जरिया बन जाती हैं, परंतु जनधन योजना के साथ ऐसा नहीं हुआ। मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के चलते 2014 के पांच महीनों में दस करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गए, जो एक विश्व रिकार्ड है। गरीबों को बैंकिंग प्रक्रिया से जोड़ने की यह गति अभी भी जारी है। पिछले 11 वर्षों में 56.16 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं। इनमें से 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध शहरी क्षेत्रों में खोले गए और 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इस प्रकार जनधन योजना वित्तीय समावेशन के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए भी मील का पत्थर साबित हुई। इन खातों में कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ है। इन खातों से जुड़े 38 करोड़ से अधिक रूपे कार्ड जारी किए गए हैं। इससे डिजिटल लेन-देन आसान हुआ है। एक तरह से इस योजना ने नकदी रहित भुगतान के लिए नींव का काम किया। पीएम जनधन योजना की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि हर स्तर पर भ्रष्टाचारियों-बिचौलियों का उन्मूलन हो गया। आज केंद्र सरकार की 327 सरकारी योजनाओं का पैसा प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जा रहा है। यदि केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों की योजनाओं को भी मिला लें तो कुल 1200 योजनाओं में से 1100 योजनाएं डीबीटी के दायरे में आ चुकी हैं। डीबीटी की सफलता में जेएएम यानी जनधन, आधार और मोबाइल का महत्वपूर्ण स्थान है। जेएएम के कारण ही भारत में डिजिटल पेमेंट का आंदोलन संभव हो पाया। आज भारत में विश्व का 40 प्रतिशत रियल टाइम डिजिटल पेमेंट हो रहा है। इसीलिए भारत की डिजिटल क्रांति दुनिया भर में चर्चा का विषय बनी है। ब्लू क्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के एक अध्ययन के अनुसार भारत की डीबीटी प्रणाली कल्याणकारी कार्यक्रमों में रिसाव को रोककर देश को 3.48 लाख करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। रिपोर्ट में भी यह भी पाया गया कि डीबीटी के क्रियान्वयन के बाद से सब्सिडी आवंटन कुल सरकारी व्यय के 16 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत रह गया है, जो सार्वजनिक व्यय की दक्षता में एक बड़ा सुधार है।

# प्रेम न हाट बिकाय

**यह सही है कि प्रेम एक सहज प्रवृत्ति है जो सबको अपने दायरे में समेटती है। यह एक सामान्य-सा सत्य है कि जो प्रेम दांपत्य की नींव है, वही प्रेम अनेक रूपों में हमारे सामने आता है। कभी देश प्रेम के रूप में तो कभी साहित्य प्रेम के रूप में, कभी वात्सल्य तो कभी भाई-बहन का प्रेम। प्रेम का रूप समय-समय पर बदलता रहा है। मध्ययुग के 'भरे भौन में नयनों से बात करने वाले नायक-नायिका आधुनिक युग तक आंखों ही आंखों में इशारा करते रहे हैं। गुलेरी की प्रसिद्ध कहानी 'उसने कहा था' में प्रेम एक कर्तव्य बन कर सामने आता है।**



कुछ दिन पहले मेरी करीब तेईस साल की घरेलू सहायिका ने शिकायत, चिढ़ और क्रोध भरे लहजे में कहा- 'देखो जराऽ अभी मुझसे ब्रेक-अप हुए एक हफ्ता भी नहीं हुआ कि इसने अपने वाट्सऐप पर दूसरी लड़की की फोटो लगा ली!' इस पर मेरा चौंकना लाजिमी था। मैंने कहा कि तुम्हें कैसे मालूम कि वह उसकी दूसरी स्त्री मित्र ही है? कोई अन्य भी तो हो सकती है! मेरे प्रश्न के उत्तर में उसने कहा- 'वह ऐसा ही है। मुझे चिढ़ा रहा है!' मैंने कहा कि तुम तो कह रही थीं, तुम्हारा उससे अब कोई वास्ता नहीं! फिर तुम क्यों उसका नंबर सहेज कर बैठी हो और उसकी डीपी देख रही हो? वह भी जानता होगा कि तुम जरूर देखोगी। इस पर उसने लापरवाही से जवाब दिया कि तो क्या है! उसकी इस लापरवाही भरी अदा और लहजे में कहीं कुछ ऐसा था, जिसने मुझे चौंका दिया। यों प्रेम के विषय में अक्सर एक जानी-मानी कहावत का इस्तेमाल करते हुए कहा जाता है कि युद्ध और प्रेम में सब कुछ जायज है। प्रेम को परिभाषित करते हुए उदात्त प्रेम और वासना जैसी श्रेणियों की बात की जाती रही है और यह भी सच है कि यह भेद आज भी लौकिक जगत में मौजूद है। तभी शायद कहीं एक-दूजे के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया जाता है तो दूसरी ओर प्रेम में धोखा भी दिया जाता है। इसमें जो प्रेम को लेकर गंभीर होता है, जब उसे अपने प्रेम पात्र के अन्य प्रेम संबंध के बारे में पता चलता है तब ठगे जाने का एहसास होता है। गुजरी सदी के आखिरी सालों में बाजार और व्यवसायीकरण ने बहुत कुछ बदला है। बदलते समाज के साथ प्रेम ने भी रूप बदला है। यह सही है कि प्रेम एक सहज प्रवृत्ति है जो सबको अपने दायरे में समेटती है। यह एक सामान्य-सा सत्य है कि जो प्रेम दांपत्य की नींव है, वही प्रेम अनेक रूपों में हमारे सामने आता है। कभी देश प्रेम के रूप में तो कभी साहित्य प्रेम के रूप में, कभी वात्सल्य तो कभी भाई-बहन का प्रेम। प्रेम का रूप समय-समय पर बदलता रहा है। मध्ययुग के 'भरे भौन में नयनों से बात करने वाले नायक-नायिका आधुनिक युग तक आंखों ही आंखों में इशारा करते रहे हैं। गुलेरी की प्रसिद्ध कहानी 'उसने कहा था' में प्रेम एक कर्तव्य बन कर सामने आता है। शायद भारतीय समाज की संरचना इस तरह की रही है कि यहां प्रेम की उन्मुक्त अभिव्यक्ति उस तरह से संभव नहीं थी। यों वसंतोत्सव से लेकर मदनोत्सव तक का जिक्र प्राचीन संस्कृति और ग्रंथों में मिलता रहा है। परंपरागत रूप से प्रेम में विश्वास, आदर, प्रतिबद्धता, मैत्री- सब एक-दूसरे की देखभाल में शामिल रहे हैं। लेकिन अब उस रोमांटिक प्रेम भावना, जिसके तहत किसी के प्रेम में पड़ कर खुद को पूरी तरह कुर्बान कर देने की हद तक जाया जा सकता था- से कहीं अधिक प्रेम वस्तुगत संरचनाओं से प्रभावित होता दिखाई दे रहा है। जातिगत और वर्गगत संरचनाएं सत्ता संबंध, उत्पादन संबंध और अर्थव्यवस्था इस पर हावी होती जा रही हैं। प्रेम अब गणितीय समीकरण बनने की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया ने एक नए रूप में प्रेम का विस्फोट किया है, जहां बड़े-बड़े सितारे हैं, उनकी आलीशान व्ययभोगी शादियां हैं और उनको युवाओं के लिए प्रेरणा बनाया जा रहा है। यहां अब प्रेम उस तरह से दबा-ढंका नहीं। सघन प्रेम के लिए प्रेम और ऐंद्रिकता का एकात्म अनिवार्य माना जाने लगा है। अब खासतौर पर शहराती लोगों में अधिकतर प्रेम संबंध सुविधा के लिए हैं। शायद इन संबंधों में वह विश्वसनीयता खत्म होती जा रही है जो प्रेम का मूल है। 'तेरा भी यह तौर है/ तो अपना भी यह दौर सहीऽ' या 'तू नहीं और सही और नहीं और सही' का नजरिया इसमें भरता जा रहा है। जेंडर अध्ययन में प्रेम एक खास तरह की समस्या को लेकर आता है। परंपरागत सोच स्त्री से यह मांग करता है कि स्त्री प्रेम में डूब कर अपना सब कुछ न्योछावर दे। जबकि आधुनिक स्त्री को अब एक खास तरह का नारा दिया जा रहा है- 'मैं अपनी फेवरेट हूं'। जहां कांट प्रेम को नैतिकता में बांध कर उसे परोपकार और एक-दूसरे के प्रति सरोकार में बांधते हैं। वहीं इरिगरे प्रेम में स्व प्रेम को आवश्यक मानती हैं। उनके अनुसार- 'प्रेम कोई ऐसी शै नहीं जिसके चक्कर में पड़ कर व्यक्ति बुद्धि और जीवट के रास्ते से हटते हुए एक तरह की बेलौस समझ का शिकार होता चला जाए। बल्कि प्रेम तो एक ऐसा संकल्प है, जिसके तहत व्यक्ति किसी दूसरे के साथ सहअस्तित्व में रहने के जीवंत अनुभव से गुजरता है और उस रिश्ते को सफल करने के लिए आदर तार्किकता और विचार का सहारा लेता है।'



# 'अजुल' गाने पर छिड़े विवाद के बीच गुरु ने शेयर की क्रिप्टिक पोस्ट

मशहूर पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा के नए हालिया रिलीज गाने 'अजुल' को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। इस गाने में दिखाए गए टीचर और स्टूडेंट के बीच के संबंधों को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसके चलते गुरु को नाबालिगों के कथित यौन शोषण के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। अब इस विवाद के बीच गुरु रंघाना ने एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। गुरु ने शेयर किए गाने के व्यूज के आंकड़े गाने को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच गुरु ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। जिसको देखकर ऐसा लगता है कि उन्होंने आलोचकों को एक तरह से जवाब दिया है। हालांकि, उन्होंने इसमें सीधे तौर पर ऐसा कुछ नहीं कहा है। दरअसल, सिंगर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'अजुल' गाने को मिले व्यूज और लाइक्स का एक स्क्रीनशॉट साझा किया है। स्टोरी में दिखाया गया है कि यह गाना पिछले एक घंटे में 107,200 से ज्यादा बार देखा गया और यूट्यूब पर 27,000 से ज्यादा बार सर्च किया गया है।

## 'अजुल इज अजुलिंग'

इस स्टोरी को शेयर करते हुए गुरु रंधावा ने लिखा, 'अजुल इज अजुलिंग। जब भगवान आपके साथ होते हैं, तो आप केवल आगे बढ़ते हैं।' इसके साथ ही उन्होंने दिल और सेलिब्रेशन वाले इमोजी भी बनाए हैं।

## यह है विवाद का कारण

'अजुल' गाने में गुरु एक फोटोग्राफी टीचर की भूमिका निभा रहे हैं जो अपने छात्रों की एक ग्रुप फोटो लेने की तैयारी कर रहे हैं। वह अपनी स्टूडेंट जिसका किरदार अंशिका पांडे ने निभाया है। उसके आने का इंतजार करते हैं। अंशिका स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर आती हैं और अपना डांस दिखाती हैं, जबकि गुरु का किरदार उनके डांस के हाव-भाव निहारता नजर आता है। बाद में वह कैजुअल आउटफिट में आ जाती हैं और बोल्ड कोरियोग्राफी के साथ डांस करती हैं। हालांकि, असल में अंशिका की उम्र क्या है इसका तो पता नहीं है। लेकिन वीडियो में उन्हें एक स्कूल स्टूडेंट के रूप में दिखाए जाने पर लोगों ने नाराजगी जताई है।



# अपने पार्टनर में कुछ खास खूबियां चाहती हैं जान्हवी

हाल ही में जान्हवी कपूर को 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में फिल्म 'परम सुंदरी' के को-एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ देखा गया। दोनों ने जहां फिल्म को लेकर बातचीत की, वहीं अपनी लव लाइफ के बारे में भी कुछ बातें साझा की। जान्हवी ने बताया कि वह अपने पार्टनर में क्या-क्या खूबियां चाहती हैं। कपिल शर्मा ने शो में पूछा कि जान्हवी आपको कैसे इंप्रेस किया जाए? इस पर वह बोलीं- 'यह खाने पर आधारित है, सर।' आगे सिद्धार्थ मल्होत्रा कहते हैं, 'इन्हें एक कुक चाहिए।' फिर जान्हवी कपूर कहती हैं, 'मेरे पार्टनर को खाना बनाना आना चाहिए, वह खाने के शौकीन होने चाहिए। हां, वह तीखा खाना सहन कर पाते हों।' दरअसल, जान्हवी को तीखा खाना बहुत पसंद है। वह आगे जवाब देती हैं, 'बेशक, खाने के साथ अगर हरी मिर्ची साइड में नहीं रखी तो वो खाना ही क्या है? बताते चलें कि असल जिंदगी में जान्हवी कपूर का नाम बिजनेसमैन शिखर पहाड़िया से जुड़ा जाता है, दोनों को अक्सर साथ डेट पर देखा भी जाता है।

जान्हवी कपूर की फिल्म को मिला अच्छा रिस्पॉन्स
जान्हवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'परम सुंदरी' एक रोमांटिक ड्रामा है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा परम नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो कि उत्तर भारत से बिलॉन्ग करता है, वहीं जान्हवी कपूर ने सुंदरी नाम की लड़की का रोल किया है, जो दक्षिण भारत से आती है। इन दोनों के बीच कैसे प्यार होता है, यह फिल्म की स्टोरी लाइन है।

# इंडस्ट्री में काम पाने के लिए रील बनाते थे अहान



अहान पांडे अपनी पहली फिल्म 'सैयारा' से स्टार बन गए। फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया गया और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की। यही कारण है कि फिल्म के दोनों लीड एक्टर्स अहान पांडे और अनीत पड्डा युवाओं के बीच नई सेंसेशन बन गए। फिल्म के प्रमोशन के दौरान निर्देशक मोहित सूरी ने अहान को टिकटॉकर बताया था। अब अहान ने फिल्म के रिलीज से पहले अपनी इंस्टाग्राम वाली पर्सनैलिटी को लेकर बात की। बातचीत के दौरान अहान ने कहा कि जब मैं इंस्टाग्राम पर सक्रिय था, तो उस पर मेरा व्यक्तित्व वैसा नहीं था जैसा मैं असल में था। यह वैसा था जैसा मुझे लगता था कि फिल्म बिरादरी का ध्यान आकर्षित करने के लिए मुझे बनना होगा, ताकि मुझे काम मिल सके। यह एक ऐसा व्यक्तित्व है जिसे मैंने अपनाया। 'सैयारा' के अपने किरदार कृष के बारे में बात करते हुए अहान पांडे ने आगे कहा, यह ऐसा किरदार नहीं है जिसके बारे में मैंने सोचा था कि मैं करूंगा। मैं जो ऑडिशन देता था वह ज्यादा सॉफ्ट, मजेदार, एनर्जी और पॉजिटिविटी से भरपूर पड़ोस के लड़के जैसा होता था। आप कृष को पड़ोस में नहीं चाहते।



# फिल्म हाटक में नए अवतार में फिल्मी पर्दे पर दिखने वाली हैं अदा शर्मा

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा अब नए अवतार में फिल्मी पर्दे पर दिखने वाली है। द केरल स्टोरी फिल्म से चर्चाओं में आईं अभिनेत्री अदा शर्मा अब एक्शन करते हुए अपनी नई फिल्म हाटक में नजर आएंगी। अदा की इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है जिसमें वो हाथ में बंदूक पकड़े खतरनाक अंदाज में नजर आ रही हैं।**

अदा शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा- हाटक- एक डकैती, बिना रहम के। शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। आप सबका आशीर्वाद चाहिए। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी है इस फिल्म का अजय के शर्मा निर्देशन करेंगे।

## शिवरंजनी आचार्य के रोल में अदा शर्मा

फिल्म के मोशन पोस्टर के साथ ही अदा का पहला लुक सामने आया है। अदा इसमें 'शिवरंजनी आचार्य' नाम के किरदार में दिखाई देंगी। उनके हाथ में बंदूक और चेहरे पर खतरनाक तेवर देखकर साफ है कि ये किरदार उनकी अब तक की भूमिकाओं से बिल्कुल अलग है। इस बार अदा सिर्फ खूबसूरती या मासूमियत नहीं, बल्कि एक सशक्त और निडर महिला का किरदार निभा रही हैं। बता दें फिल्म की शूटिंग जल्द ही राजस्थान और उत्तर भारत की खूबसूरत और ऐतिहासिक लोकेशंस पर शुरू होने वाली है। इन जगहों पर फिल्म का माहौल और भी ज्यादा दमदार दिखाई देगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म के जरिए दर्शकों को एक अलग तरह की डकैती ड्रामा कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें रहस्य, एक्शन और इमोशन का सही संतुलन होगा।

# मनोज बाजपेयी ने ओटीटी को इन लोगों के लिए बताया आशीर्वाद

मनोज बाजपेयी बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार होते हैं जो बहुत प्रतिभावान हैं। वह अपनी अलग अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है कि ओटीटी उनके जैसे कलाकारों के लिए आशीर्वाद है। उनके मुताबिक कई बार ओटीटी की कहानी बड़े पर्दे से ज्यादा मजबूत होती है।

## मनोज बाजपेयी ने बड़े पर्दे और ओटीटी पर बनाई पहचान

मनोज बाजपेयी बड़े पर्दे के जाने माने एक्टर हैं। उन्होंने दस्तक, द्रोह काल और कई दूसरी फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की। हाल के वर्षों में वह ओटीटी के मशहूर कलाकार बनकर उभरे हैं। उन्होंने ओटीटी शो द फैमिली मैन और सिर्फ एक बंदा काफी है जैसी सीरीज में अच्छी अदाकारी की है। पहले बड़े पर्दे पर फिर ओटीटी पर अपनी पहचान बना चुके अभिनेता ने दोनों के बीच अंतर बताया है। ओटीटी ने कई कलाकारों को मौका दिया मनोज बाजपेयी का कहना है कि ओटीटी की तुलना में भारत में थिएटरों की फिल्में प्रतिभा पर आधारित नहीं होतीं। यह फिल्में अगर बॉक्स ऑफिस पर चलती हैं तो इन्हें अच्छा माना जाता है। उन्होंने एएनआई से कहा कि ओटीटी बॉक्स ऑफिस के प्रदर्शन के बजाए अच्छी कहानी और प्रतिभा पर निर्भर है।

## प्रतिभावान लोगों के लिए आशीर्वाद है ओटीटी

मनोज बाजपेयी ने आगे कहा मुझे लगता है कि ओटीटी प्रतिभावान लोगों के लिए आशीर्वाद है। भारत में फिल्में प्रतिभा पर निर्भर नहीं करतीं। मुझे इसे दुख के साथ कहना पड़ रहा है। भारत में कई मुख्यधारा की फिल्में प्रतिभा पर आधारित नहीं होतीं। वह बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों पर निर्भर होती हैं। हालांकि ओटीटी पर मामला इसके विपरीत है। यहां आपको अच्छी कहानी और अच्छी प्रतिभा चाहिए। इसके बाद ही कुछ हो सकता है। पिछले सात वर्षों में मैंने यह देखा है।

## मनोज बाजपेयी का काम

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इंस्पेक्टर जेंदे को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 5 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी पुलिस के किरदार में होंगे। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। इंस्पेक्टर जेंदे का निर्देशन चिन्मय डी. मंडलेकर कर रहे हैं।





# ओटीटी से टीवी एक्टर वाला तमगा हटा

**छोटे पर्दे पर तकरीबन बीस सालों का अभिनय सफर तय कर चुके शरद मल्होत्रा कहते हैं, मुझे टीवी पर बहुत प्यार मिला और बीते वक्त में ओटीटी के आने से टीवी एक्टर वाला तमगा भी हटा है, मगर इसका पहला श्रेय सुशांत सिंह राजपूत को जाना चाहिए। टीवी के इस अदाकार ने दूसरे टेलिविजन आर्टिस्ट के लिए फिल्मों के दरवाजे खोले। आज तो सभी आर्टिस्ट हर माध्यम में काम कर रहे हैं। मुझे लगता है, ये कलाकारों के लिए खूबसूरत दौर है।**

## इंटिमेट सीन्स में काफी नर्वस था

अपनी वर्टिकल सीरीज में इंटिमेसी सीन्स को लेकर शरद बताते हैं, फिजिकल इंटिमेसी वाले दृश्यों के लिए पर इंटिमेसी डायरेक्टर भी थे इस तरह के सीन्स में एक्टर की जिम्मेदारी ज्यादा होती है कि वो अपनी एक्ट्रेस को कंफर्टेबल करे। मैंने सीन्स की शूटिंग के पहले अपनी अभिनेत्री को पूछा कि वे कितनी कंफर्टेबल हैं? बीस साल के करियर में मैं पहली बार किस कर रहा था। मैं बहुत नर्वस था, मुश्किल भी था, मगर इंटिमेसी डायरेक्टर ने कहा, जहां आपको ऑकवर्ड लगेगा, आप बैकऑउट कर जाना। मगर फिर ये काफी शालीनता से एक-दो टेक में ओके हो गया। उनके पहले ऑनस्क्रीन सीन पर उनकी पत्नी रिप्सी का क्या टेक था? इस पर वे कहते हैं, रिप्सी से जब भी बात होती थी, वो हमेशा कहती, जब भी स्क्रीन पर कुछ करो, मुझे पहले बता देना। ताकि मैं मानसिक रूप से तैयार रहूं। रिप्सी ने देखा और उसे अच्छा लगा। उसने कहा, तुम बहुत विलेन लग रहे हो। तुम ऐसे भी हो क्या? उसने भी एक एक्टर के रूप में मेरा ऐसा रूप नहीं देखा था।

टीवी का जाना-माना नाम रहे शरद मल्होत्रा ने सिडनी विथ लव जैसी फिल्म के जरिए बॉलिवुड में अपना भाग्य भी आजमाया। वे कहते हैं, जिस वक्त मैंने अपनी पहली फिल्म की, तो मुझे लगा कि इस फिल्म के बाद तो मैं रातों-रात शाहरुख खान बन जाऊंगा। मगर जब फिल्म रिलीज हुई और नहीं चली, तो मैं डिप्रेशन में चला गया। मैं फिल्मों के ऑफर के वेट करता रहा, मगर वैसे मनचाहे प्रस्ताव नहीं मिले, तो मैंने दो -तीन साल का ब्रेक लिया। हालांकि जब उस ब्रेक में कुछ क्रैक नहीं हो रहा था, तब एक बार मुझे लगा कि मुझे बैग पैक करके अपने होम टाउन कोलकाता लौटना पड़ेगा। मेरी तमाम कोशिशें नाकाम हो रही थीं । उस निराशा के दौर में अपने मेंटल हेल्थ पर ध्यान रखा। मैंने इबादत भी खूब की। लेकिन बाद में समझ में आया कि उनको भी शाहरुख खान बनने में 25 साल लगे और मैंने सब्र से काम लिया।

## जो होता है अच्छे के लिए होता है

अपनी जिंदगी के उतार-चढ़ाव और गलत फैसलों पर वे कहते हैं, मुझे लगता है, गलत तो कुछ नहीं होता, हां हालात गलत हो जाते हैं। कई बार हम रिलेशनशिप में कुछ फैसले लेकर उन पर टिक जाते हैं और बाद में हमें लगता है कि हमें सोच-विचार कर फैसला लेना चाहिए था। लेकिन तब हम बहुत ही बेसब्र और अपरिपक्व होते हैं। आज पलट कर देखने पर लगता है कि वो नहीं होना चाहिए था, मगर किस्मत में वही लिखा था। मैं अपने करियर की बात करूं, तो अगर मेरी फिल्म सिडनी विथ लव अगर हिट हो जाती तो मैं शायद टीवी में महाराणा प्रताप, नागिन और कसम जैसे सुपरहिट शो नहीं करता। अब लगता है कि जो होता है, अच्छे के लिए होता है।

## आज के वक्त की मांग है माइक्रो सीरीज

अपनी पहली माइक्रो सीरीज गलत के बारे में वे कहते हैं, विक्रम भट्ट के साथ काम करना बहुत ही सौभाग्य की बात थी। उन्होंने इसे लिखा है। इसमें मेरे किरदार के अनुसार मैंने जॉर्ज क्लूनी और रिचर्ड गेयर का सॉल्ट एंड पेपर लुक है। इस लुक के लिए मैंने जो ट्रांसफॉर्मेशन किया, काफी मेहनत हुई। ये 45 साल का एक मिडल एज शख्स है, जिसे एक 20-22 साल की लड़की से इश्क हो जाता है। मुझे लगता है कि आज के दौर में कोई भी इंसान ब्लैक या वाइट नहीं है, तो मेरा किरदार भी ग्रे है। चालीस-पचास मिनट के आठ -आठ एपिसोड के लॉन्ग फॉर्मेट की तुलना में दो-दो मिनट की माइक्रो सीरीज के बारे में वे कहते हैं, इस तरह की माइक्रो सीरीज ट्रैवलिंग करते हुए या कहीं आपको शॉर्ट टाइम पास चाहिए, उसके लिए हैं। ये से रील्स की तरह हैं। इसमें दो-ढाई मिनट्स के एपिसोड्स होते हैं। ये काफी रोचक है और वक्त की मांग है, मगर फिल्मों और टीवी से इसकी तुलना करना बेमानी है, क्योंकि यह एक नया और अलग ट्रेंड है।

## रामा कृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने शिविर में किया 55 यूनिट रक्तदान



जयपुर टाईम्स

**सांगानेर/(निस)** डिग्गी रोड़ स्थित रातल्या रघुनाथपुरा रामा कृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरम्भ महाविद्यालय सचिव डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा व प्राचार्य डॉ. प्रतीक्षा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में आसपास के गांवों के लोगों ने तथा महाविद्यालय के संकाय सदस्यों व छात्र व छात्राओं द्वारा कैम्प में 55 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले संकाय सदस्यों व छात्र व छात्राओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। शिविर के अन्त में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले समस्त संकाय सदस्यों व छात्र व छात्राओं को प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## जलझूलनी एकादशी पर ठाकुर जी महाराज को पंचामृत स्नान

### निकला भव्य जुलूस



जयपुर टाईम्स

**चाकसू (निस):-** चाकसू उपखंड क्षेत्र के ग्राम छान्देल कलां में बुधवार को जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ ठाकुर जी महाराज का विशेष पूजन व स्नान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ठाकुर जी महाराज के मंदिर को सुंदर फूल-मालाओं से सजाया गया। तालाब किनारे पंडित कैलाश चंद शर्मा द्वारा पंचामृत से ठाकुर जी महाराज का अभिषेक (स्नान) कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। ग्रामीणों ने पंचायत विकास अधिकारी रामफूल जाट की उपस्थिति में डीजे की धुन पर थूणी राम-लक्ष्मणपुरा के लिए नाचते-गाते हुए जुलूस निकाला। ठाकुर जी के जयकारों के साथ युवाओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। तालाब में स्नान के बाद सभी श्रद्धालु सकुशल मंदिर लौटे। मंदिर परिसर में महिलाओं ने ठाकुर जी को फल अर्पित कर चरणामृत ग्रहण किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही और कार्यक्रम शांतिपूर्ण व श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ।

## पैरा एथलेटिक्स में गोल्ड जीतने पर शेर सिंह को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**ग्वालियर(निस)** में आयोजित हो रहे नेशनल पैरा एथलेटिक्स खेलों में 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतने वाले शेर सिंह गुर्जर का जिला एथलेटिक्स ने साफा और माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स कोच कन्हैया लाल गुर्जर ने कहा कि शेर सिंह ने अपनी मेहनत को सिद्ध कर दिया है। उन्होंने गोल्ड मेडल जीतकर अपना लोहा मनावाया साथ ही अपने परिवार और समाज का नाम भी रोशन किया है। इस मौके पर शेर सिंह ने कहा कि मेहनत हमेशा आपको परिणाम देती है और यह गोल्ड मेडल उसी का ही परिणाम है। मुझे खुशी है कि में यह सम्मान जीत पाया। आगे मैं और कड़ी मेहनत कर राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बढ़ाना चाहता हूं। इस दौरान जिला एथलेटिक्स के सदस्यों और कोच ने गोल्ड मेडल विजेता सिंह का माला और साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स कोच कन्हैया लाल गुर्जर, विशाल उपाध्याय, हरेन्द्र गुर्जर जिला एथलेटिक्स सचिव, दिनेश दीक्षित योगाचार्य, अरविंद, वेदप्रकाश सहित अन्य खिलाड़ी और साथी उपस्थित रहे।

## शहीद सतेंद्र सिंह चौधरी की मूर्ति का अनावरण 7 सितंबर को होगा

जयपुर टाईम्स

**भरतपुर(निस)।** भुसावर के सलेमपुर कलां में राजस्थान पुलिस के शहीद सतेंद्र सिंह चौधरी की मूर्ति का अनावरण 7 सितंबर रविवार प्रातः 11 बजे किया जाएगा। सलेमपुर कलां में शहीद सतेंद्र सिंह स्मारक पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैविनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, हरियाणा के भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया तथा राजस्थान में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा को आमंत्रित किया गया है। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढंम ब नगरीय विकास मंत्री झावर सिंह खर्रा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कायर्कम की अध्यक्षता वैर विधायक बहादुर सिंह कोली करेंगे।

# एपीआरओ रोहित मित्तल का गेल इंडिया में चयन, साथियों ने दी भावुक विदाई

### गेल इंडिया में चयनित एपीआरओ रोहित को दी विदाई, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन में संभालेंगे कमान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,(निस)** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय धौलपुर में कार्यरत सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, एपीआरओ रोहित मित्तल के गेल इण्डिया, नई दिल्ली में सीनियर ऑफिसर कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन पद पर चयन होने पर बुधवार को कार्यालय के सूचना केंद्र में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रोहित मित्तल वर्ष 2022 में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से चयनित हुए थे और अपने बैच के टॉपर रहे थे। बीते तीन वर्षों में उन्होंने जिला स्तर पर मीडिया प्रबंधन, प्रशासनिक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार, सूचना संप्रेषण व्यवस्था और सरकारी योजनाओं की जन-जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विदाई समारोह में सहायक निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राजकुमार मीणा ने रोहित मित्तल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मित्तल जी ने विभाग को उत्कृष्ट सेवाएँ दी हैं। उनकी कार्यशैली और समर्पण भाव आने वाले अधिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्रदीप किशोर जोनावल, जिला समन्वयक प्रवीण अवस्थी, कंप्यूटर ऑपरेटर सुधांशु सक्सैना, वरिष्ठ पत्रकार सत्यपाल सिंह, नरेश लवानिया, वेदप्रकाश त्यागी, नीरज चौधरी, जसराज मीणा, देवेन्द्र सिंह चौधरी सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी एवं पत्रकार उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने मित्तल की कार्यनिष्ठा, सकारात्मक दृष्टिकोण और सौम्य व्यवहार को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जिले में जनसंपर्क कार्यों का कुशलता से निष्पादन किया। सहकर्मियों ने विश्वास जताया कि वे कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन में भी जिले और विभाग का नाम रोशन करेंगे। समारोह भावनाओं से सराबोर रहा और सभी ने उन्हें भविष्य की नई यात्रा के लिए ढेरों शुभकामनाएँ दीं।

## कर्बला मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार समापन

### राजा 11 मंड्रेला ने सैय्यद क्रिकेट क्लब को हराकर जीता खिताब, जमशेद खोखर बने 'मैन ऑफ द सीरीज'

**झुंझुनूं।** सिकंदर क्लब, झुंझुनूं द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन कर्बला मैदान में धूमधाम से हुआ। फाइनल मुकाबले में राजा 11 मंड्रेला ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए सैय्यद क्रिकेट क्लब को हराकर विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। सैय्यद क्रिकेट क्लब उपविजेता घोषित हुआ। फाइनल में सैय्यद क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी कर 10 ओवर में 98 रन बनाए। जवाब में राजा 11 मंड्रेला ने मात्र 8 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जमशेद खोखर को 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री बलवीर चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरैशी महासभा संस्थान राजस्थान के प्रदेश सहसचिव मोहम्मद जुबैर कुरैशी और सिकंदर क्लब के पूर्व खिलाड़ी कयूम कुरैशी ने की। इस मौके पर रफीक (गाउस्कर), गुलाम नबी, एडवोकेट साजीद वकील, आजम कुरैशी, अनवर किलानिया, एम.आर. असलम कुरैशी, सनीफ खोखर, अब्बास सैय्यद, इमरान टांक और आशिक फारूकी विशिष्ट अतिथि रहे। प्रतियोगिता का संचालन फयूम कुरैशी ने किया, जबकि आरिफ खान मामा, सादिक कुरैशी और इमरान कुरैशी की जोशीली कमेंट्री ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन समिति में इरफान, शोएब, इमरान मिर्ची, मोशीन तंवर, मुसेफ सिंघानिया और सूफियान गजनी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। खिलाड़ियों की खेल भावना और आयोजकों के उत्साह ने इस प्रतियोगिता को स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार अवसर बना दिया।

## झीडा के बालाजी महाराज मंदिर में संत सम्मेलन एवं विशाल भंडारे का आयोजन आज

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)**।बजरंगपुरा में स्थित झीडा श्री बालाजी महाराज मंदिर परिसर में गुरुवार को भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न होगा। आयोजन समिति की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।महाराज महावीर पुजारी एवं चेतन पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को मंदिर परिसर में विशाल संत सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न संत-महात्मा शिरकत करेंगे। संतों के आशीर्वचन व प्रवचन से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति एवं जीवन मूल्यों की प्रेरणा मिलेगी।संत सम्मेलन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें आने वाले सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। धार्मिक उत्सव को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के कार्यकर्ता लगातार तैयारी में जुटे हुए हैं।झीडा के बालाजी महाराज मंदिर में प्रतिवर्ष धार्मिक अनुष्ठान व आयोजन होते हैं, जिनमें दूर-दराज से श्रद्धालु भाग लेने पहुंचते हैं। इस बार भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है। वही बजरंग युवा उत्थान समिति के कार्यकर्ताओं की ओर से तैयारीया पूरी है। इस कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत संत सम्मेलन सहित भंडारा व नव कुंडीय हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन होगा वहीं पिछले 9 दिन से चल रही राम कथा का भी समापन होगा। इस दौरान हंसराज रावत , हीरालाल यादव, कमलेश सैनी ,नेमीचंद शर्मा, मुकेश कसाना, मुकेश धेधड,रामनिवास कसाना ,रोहिताश कसाना,सुवालाल यादव पूर्व प्रधान, बोदूराम यादव, हरिराम शर्मा,कैलाश कसाना, महेंद्र राठी, जगदीश यादव अमी चंद राठी सहित आनेको लोग व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

# जलझूलनी एकादशी पर डोल यात्रा का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** कस्बे सहित अनेको मंदिरों में धूमधाम से जल झूलनी एकादशी पर बुधवार को ढोल यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने ढोल यात्रा कार्यक्रम में हिस्सा लिया।वही बागावास अहिरान में शनिवार को जल झूलनी एकादशी पर ढोल यात्रा का आयोजन हुआ। वहीं बिहारी जी मंदिर के महाराज श्री श्री 1008 श्री ओमकार दास जी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष की जल झूलनी एकादशी पर ढोल यात्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रहा। जहा अल सुबह से शाम करीब 5 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन रहा। वही महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि जलझूलनी एकादशी के अवसर पर महिलाएं उपवास कर अल सुबह से ही महिलाओं का मंदिर में तांता लगा रहा।इसके बाद ढोल यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालूओ ने भाग लिया। ढोल यात्रा निकालने के बाद लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। विराटनगर उपखण्ड क्षेत्र के अनेकों मंदिरों में हुआ आयोजन मंदिरो में विशेष सजावट, झांकियां, भजन-कीर्तन और हरि नाम संकीर्तन के साथ माहौल भक्तिरस में सराबोर हो गया। भक्तों ने जलझूलनी एकादशी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की झांकी का दर्शन किया और शोभायात्रा में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में महाप्रसादी का भी आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।ग्रामीणों ने बताया कि जलझूलनी एकादशी का पर्व यहां बड़े उत्साह और परंपरागत तरीके से मनाया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने मंगलगीत गाकर वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। वहीं युवा वर्ग ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और देर रात तक भजन संध्या का आयोजन चलता रहा।

## सनराइज चिल्ड्रन एकेडमी में नंद उत्सव, राधा रानी प्रकाट्य एवं गणेश उत्सव मनाया गया

जयपुर टाइम्स



**भरतपुर(निस)।** सनराइज चिल्ड्रन एकेडमी, नीम द गेट भरतपुर में नंद उत्सव, राधा रानी प्रकाट्य उत्सव एवं गणेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं।

### बच्चों ने दिखाया सांस्कृतिक रंग

'शा, अनन्या, भावना, शैली, दिव्या, सुहानी, प्राची, भूमिका, दीपिका, राधिका और सृष्टि सहित अनेक बच्चों ने एकल और सामूहिक नृत्य, लावणी और गरबा प्रस्तुत किया। भजन गायन के बाद बच्चों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर वातावरण को भक्ति रस से भर दिया।

### मंच संचालन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

मंच संचालन भावना रानी ने किया। संचालन के दौरान श्रीकृष्ण, राधा रानी और गणेश जी से जुड़े 20 प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले बच्चों को संस्था की ओर से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही राधा-कृष्ण की जोड़ियों को उपस्थित लोगों ने झूला झुलाया।

### अतिथियों का उत्साहवर्धन और पुरस्कार वितरण

इस मौके पर अभिभावकों सहित भावना रानी, सीमा शर्मा, किरण, तरुणा, सुदीप माहेश्वरी, अजित सिंह, शीला देवी और समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संस्था अध्यक्ष राधा बल्लभ माहेश्वरी ने बच्चों को कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें आगे भी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

### प्रसादी के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम का समापन अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण और प्रसादी वितरण के साथ हुआ। प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभा की समाप्ति की घोषणा की।

## माय भारत केंद्र से संबद्ध युवा क्लबों के लिए खेल सामग्री हेतु आवेदन करने का सुनहरा अवसर

जयपुर टाइम्स

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' (माई भारत) केंद्र से संबद्ध सभी युवा क्लबों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में 35 सक्रिय युवा क्लबों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। यह पहल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'मेरा युवा भारत' का लक्ष्य युवाओं के लिए एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है, जो उन्हें समुदाय के मुद्दों को समझने और रचनात्मक समाधान निकालने में मदद करे। खेल सामग्री का वितरण इसी दिशा में एक प्रयास है, ताकि युवा शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। यह युवाओं को न केवल खेल के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उन्हें अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाएगा। खेल सामग्री के लिए आवेदन करने के इच्छुक क्लबों को सबसे पहले, यह सुनिश्चित करना है कि युवा क्लब 'माई भारत' पोर्टल पर पंजीकृत हो। अगर अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, तो करवायें। जिन युवा मंडलों ने माय भारत केंद्र के कार्यक्रमो में 2024-25 में सक्रिय रूप से भाग लिया होगा उन्हें खेल सामग्री दी जावेगी। इच्छुक युवा मंडल निर्धारित प्रारूप में आवेदन भर कर जिला माय भारत केंद्र में दिनांक 15/9/2025 तक जमा कर सकते हैं। किसी भी अन्य जानकारी के लिए युवा जिला माय भारत केंद्र (मोबाईल न. 9460872788 )में संपर्क कर सकते हैं।

## कुम्हेर प्रधान निलंबन पर हाईकोर्ट की सख्ती, सरकार ने वापस लिया आदेश

जयपुर टाइम्स



**डीग(निस)।** राजस्थान उच्च न्यायालय में बुधवार को कुम्हेर पंचायत समिति की प्रधान रश्मि फौजदार के निलंबन मामले में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की किरकिरी हो गई। अदालत के सख्त तेवर और तल्ख टिप्पणियों के बाद सरकार के अधिवक्ता को अपना निलंबन आदेश वापस लेना पड़ा। इसके साथ ही रश्मि फौजदार एक बार फिर से कुम्हेर पंचायत समिति की प्रधान बन गई हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व रश्मि फौजदार को पद से निलंबित कर भाजपा सरकार ने देवी सिंह उसरानी को पंचायत समिति के प्रधान पद का कार्यभार सौंपा था। इस फैसले के खिलाफ रश्मि फौजदार ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार से कठोर सवाल किए और निलंबन आदेश पर आपत्ति जताई। दबाव में आकर सरकार को अपना आदेश वापस लेना पड़ा। कानून विशेषज्ञों का मानना है कि अदालत के इस फैसले के बावजूद रश्मि फौजदार के लिए आगे की राह आसान नहीं होगी। राजनीतिक समीकरणों के चलते यह संभावना जताई जा रही है कि राज्य सरकार उन्हें पुन: कार्यभार ग्रहण करने में रोड़े अटका सकती है। फिलहाल, उच्च न्यायालय से मिली इस जीत के बाद रश्मि फौजदार समर्थकों में खुशी का माहौल है। उनके खेमे में जश्न मनाया जा रहा है और इसे लोकतंत्र की जीत बताया जा रहा है। दूसरी ओर, सरकार के इस कदम को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## आरसी गांव फायरिंग कांड महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग निरुद्ध

जयपुर टाइम्स

**डीग(निस)।** नगर थाना क्षेत्र के आरसी गांव में सोमवार को हुई फायरिंग की वारदात में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। गिरफ्तार महिला की पहचान अमीरी पत्नी कुमरसिंह निवासी आरसी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी वासुदेव पुत्र सुरेश गुर्जर, बाली उर्फ बालकिशन पुत्र स्व. रत्नो गुर्जरनल को दबोचने के साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। इनके पास से अवैध हथियार और बड़ी संख्या में कारतूस भी जब्त किए गए हैं। गौरतलब है कि इस घटना में पीड़ित मनोहरी और उसके दो बेटे महेंद्र व हेमराज गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें भरतपुर आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित पक्ष ने अपने उधार दिए पैसों की मांग की थी, जिस पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर अवैध हथियारों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस कार्रवाई में नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम की संयुक्त भूमिका रही। टीम में थानाधिकारी नगर रामभरोसी मीना, उपनिरीक्षक वीरेन्द्र, सहायक उपनिरीक्षक सुल्तान सिंह सहित पुलिस के कई जवान शामिल थे। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है।

## 40 दिन में छह बार चोरी, सोती रही पुलिस

जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस)।** बयाना के रीको एरिया स्थित एक स्टोन कटिंग फैक्ट्री में 40 दिन में छह बार चोरी की सनसनीखेज घटनाओं से पुलिस की लापरवाही उजागर हो गई है। डेढ़ महीने में चोर करीब पाँच लाख रुपए का सामान उड़ा ले गए, लेकिन हर शिकायत के बावजूद पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। फैक्ट्री मालिक रामनिवास फौजी ने जब स्वयं पड़ताल की तो सीसीटीवी फुटेज से एक नाबालिग पकड़ा गया, जिसने कबूल किया कि उसे लाल दरवाजा इलाके के दो लोग सौ रुपए देकर चोरी करवाते थे। चोरी का माल सब्जी मंडी के पीछे छिपाकर कबाड़ी चरन सिंह व ज्ञानी को बेचा जाता था। 8 अगस्त को मालिक ने नाबालिग और कबाड़ियों को पकड़कर पुलिस को सौंपा, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उन्हें छोड़ दिया। अगले ही दिन फिर चोरी हो गई। भारी दबाव के बाद 18 अगस्त को अन्नी जाटव, खूंटा जाटव और दोनों कबाड़ियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## फुलेरा पुलिस की बड़ी सफलता, अन्तर-जिला डीजे चोरी गिरोह का पर्दाफाश



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** पुलिस थाना फुलेरा ने अन्तर-जिला डीजे चोरी करने वाले शातिर गिरोह का भंडाफोड़ कर मुख्य सरगना रोशन जाट और साथी कानाराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 4 डीजे मशीनें बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने बताया कि आरोपीगण पिकअप वाहनों में खड़े डीजे की दिन में रैकी कर रात को किराये के वाहन से मशीनें चोरी करते और सोशल मीडिया पर बेचकर रकम मौज-मस्ती व नशे में उड़ाते थे। गिरोह का सरगना रोशन जाट पर पहले से ही 6 प्रकरण दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने सांभरलेक, सामोद, गोविन्दगढ़, हरमाड़ा, दौसा व रींगस में भी वारदात कबूली है। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा, पुलिस उप अधीक्षक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन तथा थाना प्रभारी चन्द्रप्रकाश के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में एएसआई कमलवीर, कांस्टेबल रतनलाल, रविकुमार व रविदत्त शामिल रहे।

## 15 सितंबर से शुरू होगा 'शहर चलो' अभियान, वार्ड स्तर पर मिलेंगे पट्टे और सुविधाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** निकाय चुनाव से पहले राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए 15 सितंबर से 'शहर चलो' अभियान की शुरुआत करने जा रही है। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत प्रदेशभर के निकायों में सफाई, सड़क लाइट, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, पट्टा वितरण और अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। शहर चलो अभियान के तहत वार्ड स्तर पर कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में पट्टों का पंजीयन, राशि जमा कराने और मौके पर पट्टा जारी करने की सुविधा होगी। जारी होने वाले पट्टों पर आयुक्त, उपायुक्त और अधिशाषी अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे। साथ ही, विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जबकि चौथी श्रेणी की नगर पालिकाओं में ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। अभियान को सुचारु रूप से लागू करने के लिए 4 से 13 सितंबर तक पूरे प्रदेश में प्री-कैंप आयोजित होंगे। इन प्री-कैंपों के जरिए वार्डवार समस्याओं की पहचान की जाएगी और आगे की तैयारी पूरी की जाएगी। स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि कैंपों में जनता को त्वरित समाधान मिलेगा। वहीं, सफाई, सड़क लाइट और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को भी मौके पर ही निपटाया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस अभियान से आमजन को सीधे राहत मिलेगी और निकाय सेवाओं में पारदर्शिता व गति आएगी।

## जयपुर में भारी बारिश से परकोटा दरिया बना, कई इलाके जलमग्न



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बुधवार सुबह हुई तेज बारिश ने राजधानी जयपुर का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। परकोटा क्षेत्र दरिया में तब्दील हो गया, चारदीवारी में घुटनों तक पानी भर गया और कई स्थानों पर गाड़ियां फंस गईं। जवाहर नगर और राजा पार्क जैसे क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई, वहीं करणी पैलेस रोड तालाब का रूप ले गई। गलता जी के पीछे 15 से 20 लोग पानी में फंस गए थे, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। इसी तरह जयसिंहपुर खोर के दीपक नगर में एक परिवार पानी में फंस गया, घर में पानी घुसने से हालात बिगड़े लेकिन टीम ने उन्हें भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। काले हनुमान जी मंदिर तक बारिश का पानी घुस गया। पन्नीगरान में सड़कों पर तेज बहाव रहा और फंसे वाहनों को स्थानीय लोगों ने धक्का देकर बाहर निकाला। तेज बारिश से निचले इलाकों में जलभराव आम जन के लिए परेशानी का सबब बना, फिर भी जलझूलनी एकादशी पर श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में लोग गोविंद देव जी के दर्शन के लिए पहुंचे।

## हेरिटेज निगम के वार्ड 63 में उपचुनाव संपन्न, 46.06' वोटिंग, गुरुवार को नतीजे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से बुधवार को जयपुर नगर निगम हेरिटेज के वार्ड 63 में पार्षद पद हेतु उपचुनाव कराया गया। इस उपचुनाव में कांग्रेस, बीजेपी और निर्दलीय प्रत्याशी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही रही और दिनभर चले मतदान में कुल 8132 मतदाताओं में से 3745 ने वोट डाले। इस तरह कुल 46.06 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव में कांग्रेस से भानु सैनी, बीजेपी से रितु नंदवाना और पूर्व पार्षद की पुत्रवधू सीमा मीणा मैदान में थीं। तीनों प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला होने से चुनावी माहौल पूरे दिन रोचक बना रहा। मतदान के दौरान कांग्रेस विधायक अमीन कागजी और बीजेपी प्रत्याशी चंद्रमोहन बटवाड़ा भी आमने-सामने चुनावी चर्चा करते नजर आए। तीनों ही प्रत्याशियों के समर्थक सुबह से ही अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने में जुटे रहे। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हुई। अब गुरुवार को जयपुर के बनीपार्क स्थित सरकारी स्कूल में मतगणना की जाएगी। चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद वार्ड 63 को नया पार्षद मिलेगा। हालांकि नए पार्षद का कार्यकाल ज्यादा लंबा नहीं होगा क्योंकि नगर निगम हेरिटेज के बोर्ड का कार्यकाल इसी साल नवंबर में समाप्त हो रहा है।



# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में चला साइबर जागरूकता अभियान

### जिले के सभी थानों की पुलिस द्वारा शिक्षण संस्थानों पर चलाया साइबर जागरूकता अभियान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम और नागरिकों को सतर्क करने के लिए एक दिवसीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिले के सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।अभियान का उद्देश्य पुलिस एवं आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग करना और उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रखना है। जिला पुलिस अधीक्षक ने सन्देश दिया कि साइबर अपराध आधुनिक युग की चुनौती है। जागरूकता ही इसका प्रभावी समाधान है। आप सभी आमजन से अपील है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। अभियान के दौरान थानों की पुलिस टीमों ने सोशल मीडिया, ऑनलाइन बैंकिंग और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। विद्यार्थियों और नागरिकों को साइबर अपराध की पहचान और रिपोर्टिंग प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर पोर्टल के बारे में आमजन व विद्यार्थियों से जानकारी साझा की गई। साइबर सुरक्षा को लेकर सुझाव भी दिए गए। विद्यार्थियों को बताया गया कि अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से बचें, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर दें। डिजिटल युग में साइबर अपराध के लगातार बदलते स्वरूप के बीच फिशिंग, व्हाट्सएप हैकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, ओटीपी फ्रॉड और रिमोट एक्सेस ऐप के माध्यम से ठगी, लॉटरी, गिफ्ट स्कैम, ई-कॉमर्स धोखाधड़ी, ईमेल हैकिंग जैसे मामले बढ़ रहे हैं। इसलिए सोशल मीडिया ऐप्स का उपयोग करते समय अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण, पासवर्ड, फोटो, लोकेशन किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अनजान कॉल व ईमेल से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी, आपत्तिजनक सामग्री, ब्लैकमेलिंग या हैकिंग से संबंधित घटना की तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।




## स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संवेदनशील है सरकार, बेहतर चिकित्सीय व्यवस्थायें करें सुनिश्चित :- जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि आमजन को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिये संवेदनशीलता और समन्वय से कार्य करें। जिला कलक्टर बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रही थी। जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गठित राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर एवं संवेदनशील है। इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर एवं सुदृढ़ बनाने के लिये अधिकारीगण नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्रों की मॉनिटरिंग करें और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करवायें। जिला कलक्टर ने कहा कि मौसमी बीमारियों को लेकर गंभीरता बरती जाये एवं नियमित रूप से एंटीलार्वा गतिविधियां करें। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी पानी ठहरा हुआ है, वहां संबंधित पालिका एवं परिषद से संपर्क कर आवश्यक दवा का छिड़काव एवं फोगिंग करवाये। जिला अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था रखें, आमजन को व्यापक रूप से जागरूक करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आमजन को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। किसी कार्मिक की लापरवाही से स्वास्थ्य सेवायें प्रभावित नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि बीसीएमओ व संस्थान प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी बनती है कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मिलें। उन्होंने निर्देश दिये कि ओपीडी समय में चिकित्सक अपने कक्ष में ही मिलें, ताकि मरीजों को इंतजार ना करना पड़े। आयुष्मान आरोग्य योजना पर चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि जो संस्थान कम पैकेज बुक कर रहे हैं वे सुधार करें। जेएसवाई, राजश्री व लाडो प्रोत्साहन योजना की समीक्षा करते हुये जिला कलक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के अकाउंट नंबर व अन्य दस्तावेज लें एवं सभी को लाभान्वित करवायें। विभागीय स्तर पर इन योजनाओं में किसी का भुगतान लंबित नहीं रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिये। दवा वितरण केन्द्र समय पर खोलने के लिये पाबंद किया जाये। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच व दवा योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि जांच एवं दवा के अभाव में मरीज को परेशानी ना हो। संस्थागत प्रसव के मामले में उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि स्टॉफ नियमित रूप से केंद्र पर ठहरें और संस्थागत प्रसव को अधिक से अधिक बढ़ावा दें। बैठक में परिवार कल्याण कार्यक्रम, मौसमी बीमारियों, मां वाउचर योजना, पीसीटीएस, ओडीके एप, गुड सेमेरिटियन, टीकाकरण, एनीमिया, पीसीपीएनडीटी, आरबीएसके व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा की गई।

## राजाखेड़ा में धरना प्रदर्शन, आमजन की समस्याओं पर उठी आवाज

जयपुर टाइम्स



**राजाखेड़ा(धौलपुर)।** भाजपा नेता नागवेन्द्र सिंह राजाखेड़ा के नेतृत्व में बुधवार को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के सामने विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरने में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और क्षेत्र की अनियमितताओं, भ्रष्टाचार एवं जनसमस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। धरने के दौरान नागवेन्द्र सिंह ने कहा कि वे आमजन की समस्याओं को कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेंगे। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा जनता को परेशान किया जाता है और शिकायत सत्य पाई जाती है तो वे आमजन के साथ खड़े रहेंगे और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कराने के लिए सरकार तक बात पहुंचाएंगे। धरने के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने भी अपनी बातें रखीं। मोहन प्रकाश ने पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण योजना में भ्रष्टाचार की जांच की मांग की। पार्षद लोकेन्द्र सिंह चौहान ने नगर पालिका द्वारा पार्क, पोखर और नालों की सफाई में अनियमितताओं पर सवाल उठाए। वहीं, रुप सिंह पहाड़िया ने राजाखेड़ा से आगरा व धौलपुर के लिए बंद पड़ी बसों के पुनः संचालन की मांग की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी वर्षा मीणा को सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख माँगें रखी गईं जिनमें– विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर व वीसीआर के नाम पर की जा रही ठगी पर रोक, परिवहन विभाग की बंद बसों का संचालन, किसानों को समय पर खाद-बीज की आपूर्ति, नगर पालिका की कार्यप्रणाली की जांच, बंद कैमरों का संचालन, जर्जर सड़कों की मरम्मत तथा कन्या महाविद्यालय मरैना की सड़क सुधार शामिल हैं। उपखण्ड अधिकारी वर्षा मीणा ने सभी माँगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। धरने में मनोज राघव, दुष्यंत, दीनदयाल वर्मा, लोकेन्द्र सिंह, मान सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

## प्राइवेट हॉस्पिटलों में फिर शुरू हुई आरजीएचएस सेवाएं

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने आज से राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) की सेवाएं दोबारा शुरू कर दी हैं। उल्लेखनीय है कि अस्पताल संचालकों ने 25 अगस्त से आरजीएचएस के तहत इलाज बंद कर दिया था। इनकी प्रमुख मांगों में बकाया भुगतान निपटाने, नियमों को सरल बनाने और पैकेज दरों की समीक्षा शामिल थी। बुधवार को प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए. राठौड़ और आरजीएचएस अधिकारियों की बैठक राजस्थान अलायंस ऑफ हॉस्पिटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ हुई। लंबी चर्चा के बाद सहमति बनी कि आरजीएचएस के नियमों में संशोधन एवं सरलीकरण के लिए गठित संयुक्त समिति में एसोसिएशन का प्रतिनिधि भी शामिल होगा। इससे नीतियों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और व्यावहारिकता आएगी। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि बकाया भुगतान को जल्द से जल्द निपटाकर आगे से नियमित भुगतान प्रणाली शुरू की जाएगी। साथ ही, प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों की समस्याओं पर निरंतर संवाद बनाए रखने के लिए हर महीने बैठक आयोजित होगी। आरजीएचएस के तहत मौजूदा पैकेज दरों में संशोधन का मुद्दा भी संयुक्त समिति में विचाराधीन रहेगा। इन सभी बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद एसोसिएशन ने घोषणा की कि प्रदेश के प्राइवेट अस्पतालों में आरजीएचएस की सुविधाएं आज से ही बहाल कर दी जाएंगी। इससे प्रदेशभर के लाखों लाभार्थियों को फिर से निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

## बृजमोहन गोस्वामी इकाई अध्यक्ष, धीरेंद्र कुशवाह इकाई सचिव बने



### एबीवीपी ने राजकीय महाविद्यालय सैंपऊ की नवीन कार्यकारिणी घोषित की

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने राजकीय महाविद्यालय सैंपऊ की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। बैठक में ब्रजमोहन गोस्वामी को इकाई अध्यक्ष और धीरेंद्र कुशवाह को इकाई सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। भाग संयोजक जतिन अग्रवाल ने 75 साल के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि एबीवीपी छात्र, समाज और राष्ट्रहित में निरंतर कार्यरत है और गुरु-शिष्य की साझेदारी इसकी सबसे बड़ी ताकत है। पूर्व जिला संयोजक धीरेंद्र कुशवाह ने अभाविप की स्थापना के इतिहास को साझा किया। उन्होंने बताया कि पहले छात्र संगठन केवल मांगों तक सीमित थे। इनमें रचनात्मकता का अभाव था । अब संगठन ने आयाम, गतिविधि के माध्यम से रचनात्मक कामों पर विशेष ध्यान दिया है संगठन का उद्देश्य छात्रों में ज्ञान, शील, चरित्र और एकता का विकास करना है एबीवीपी बड़ा छात्र संगठन है। विद्यार्थी परिषद प्रारंभ से विद्यार्थियों की शैक्षिक समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तैयार रहता है। नगर मंत्री सैंपऊ गौरव लोधा ने पदाधिकारियों के दायित्व घोषित किए । जिसमें इकाई अध्यक्ष बृजमोहन गोस्वामी, इकाई उपाध्यक्ष प्रतिमा परिहार, सचिन गोस्वामी, इकाई सचिव धीरेंद्र कुशवाह, सहसचिव मुकेश कुमार, छात्रा प्रमुख रोशनी कुमारी, छात्रा सह प्रमुख रिया शर्मा, एसएफडी प्रमुख राधा परमार, सह प्रमुख सन्नी, लवकुश, एसएफएस संयोजक अंकित, खेलो भारत संयोजक विवेक कुशवाह, खेलो भारत सहसंयोजक नागेश परमार, मीडिया संयोजक अंकित तिवारी, एनएसएस संयोजक संजय जाटव, सहसंयोजक पुष्पेंद्र, एनएसएस टोली सदस्य मोहित, रवि, रंजीत को जिम्मेदारी दी गई।

## विक्रम सिंह राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव पुरूस्कार से होगें सम्मानित

**कोटपूतली (निसं.)**राजधानी जयपुर के एक निजी होटल में मानव जन जागृति संस्थान द्वारा आगामी 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में शिक्षा जगत एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले 50 चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं को "शिक्षक गौरव सम्मान 2025" से अलंकृत किया जायेगा। वहीं समारोह में ग्राम खडब निवासी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ाबास में पदस्थापित वरिष्ठ अध्यापक विक्रम सिंह दौचाणिया को भी संस्थान द्वारा शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

## जलझुलनी एकादषी पर ठाकुर जी की निकाली डोला झाँकी

***कोटपूतली (निसं.)****कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर दीपचंद की बगीची में बुधवार को जलझूलनी एकादषी (11 डोला महोत्सव) जलविहार उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें डोला झांकी यात्रा निकाली गई, जो श्रीराम मंदिर लक्ष्मी नगर से प्रारम्भ होकर छतरी वाली गली पहुंची। जहां भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालू डीजे की धुन पर नाचते गाते यात्रा का आनंद लेते हुये निश्चित स्थान पर पहुंचे। जहां बजरंग लाल शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना की व मंदिर के महंत श्री श्री 108 रामवचनदास महाराज द्वारा ठाकुर जी की मूर्ति को नौका में सवार कर बनाये गये पानी के कुण्ड में ठाकुर जी का जल विहार (नौका यात्रा) कराया गया। श्रद्धालूओं द्वारा कान्हा जी के जयकारे लगाये गये।*

## नया जॉब ओरिएंटेड पाठ्यक्रम (बीएएफएसआई) में प्रवेश प्रारम्भ

**कोटपूतली(निसं.)** यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में सत्र 2025-26 में एईडीपी (अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम) के अंतर्गत बैंकिंग, फाईनेंशियल सर्विसेस एंड इंश्योरेंस (बीएएफएसआई) विषय में डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारम्भ हो गया है। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में उपस्थित होकर ऑफलाईन कॉमन एडमिशन फॉर्म महाविद्यालय के कक्ष संख्या 101 में जमा करवाये। फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 10 सितंबर है। इस कोर्स में किसी भी संकाय (फैकेल्टी) के 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषता यह है कि तृतीय वर्ष (सेमेस्टर पंचम एवं षष्ठ) में अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों को 09 हजार रूपये प्रतिमाह स्टाईपेंड प्रदान किया जायेगा। प्राचार्य प्रो. आर.के. सिंह ने कहा कि यह पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किया गया है और पूरी तरह रोजगारपरक है।

**Government of Rajasthan**
**Pant krishi bhawan samuhik suvidha vikas samiti**
**Pant Krishi Bhawan, Jaipur**

No: F.2 () CT/Cleaning/2025-26/352 Date: 26.08.2025

**Notice Inviting Bid No. 02/2025-26**

Commissioner, Agriculture Department, Jaipur Rajasthan invites on behalf of Government of Rajasthan, online E-Bid for the Cleaning and sanitary work at Pant Krishi Bhawan, Janpath Jaipur. Details of the important dates regarding bid are as below:-

| | |
|---|---|
| Estimated Cost of Work:- | Rs. 32.00 Lacks |
| Bid Start date:- | 28.08.2025 10:00 AM |
| Last date of bid submission:- | 07.09.2025 up to 05:00 PM |
| Opening of Technical Bid:- | 08.09.2025 at 3:30 PM |
| Bid security:- | Rs 64,000/- |
| UBN No.:- | AGR2526SLOB00422 |

Further Details of the Bid can be seen at the departmental website.
https://www.agriculture.rajasthan.gov.in, https:// eproc.rajasthan.gov.in and https://www.sppp.rajasthan.gov.in

DIPR/C/12687/2025 **Commissioner Agriculture**

राजस्थान- सरकार
**कार्यालय कोषाधिकारी, (पेंशन), जयपुर**
**मकान नं. ई 6, 7 एवरेस्ट कॉलोनी, लालकोठी जयपुर**
Email id : ppo-jpr-rj@nic.in ph. No. 0141-2312829

Letter No..4220 Date. 26/08/25

**Notice Inviting Bid**

Bids for Desktop Computers, Monochrome Laserjet Printer, Monochrome Laserjet MFP Printer are invited from interested bidders on 05-09-2025 upto 03.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 4.5 lakh
NIB CODE - DTA 2526A0129
UBN DTA 2526GSOB00131

DIPR/C/12635/2025 **Treasury Officer (Pension)**
**Jaipur (Pension), Jaipur**

## चेक बाउंस मामले में 7 साल से फरार आरोपी को जिला स्पेशल पुलिस ने किया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के पुलिस थाने से पिछले 7 साल से फरार चल रहे तारानगर तहसील के सारायण निवासी 31 वर्षीय बालनाथ पुत्र भंवरनाथ योगी को जिला स्पेशल पुलिस के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह ने तारानगर के साहवा से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 7 सालों से चेक बाउंस मामले में फरार चल रहा था और अपना नाम बदलकर साहवा में रह रहा था। जिला स्पेशल पुलिस के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चुरु पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया है। हमारी टीम द्वारा लगातार लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इसी कड़ी में बालनाथ योगी जो चेक बाउंस मामले में पिछले 7 सालों से फरार चल रहा था और अपना नाम बदलकर साहवा में रह रहा था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने अपने मुखबिरी को सक्रिय किया और आखिरकार पता चला कि आरोपी नाम बदलकर साहवा में रह रहा है। जिस पर जिला स्पेशल पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी बालनाथ योगी को गिरफ्तार किया है। वहीं अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## मण्डावा में मकान की छत गिरी, एक की मौत

### धमाके की आवाज सुन लाइब्रेरी में पढ़ रहे बच्चे बचाने आए, अस्पताल में दम तोड़ा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मण्डावा कस्बे में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। लगातार हो रही बारिश से एक पुराना मकान गिर गया, जिसके मलबे में दबकर 50 साल के महबूब पुत्र गुलाम लीलगर की मौत हो गई। इस हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। यह हादसा युवा सभा पुस्तकालय के पीछे स्थित एक पुराने मकान में हुआ। दोपहर करीब 12 बजे, जब महबूब मकान के अंदर थे, अचानक छत और दीवार भरभराकर गिर गई। उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और पूरा मलबा उन पर आ गिरा।

### बच्चों ने दिखाई बहादुरी, लेकिन नहीं बचा पाए जान

हादसे के समय पास ही स्थित पुस्तकालय में कुछ बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। जोरदार आवाज सुनकर वे तुरंत बाहर आए और महबूब को मलबे में दबा देखा। बच्चों ने बिना समय गंवाए गेट खोलकर उन्हें निकालने की कोशिश की। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और सबने मिलकर महबूब को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महबूब की मौत की खबर सुनते ही उनके परिवार में मातम छा गया। महबूब अपने परिवार में अकेले कमाने वाले थे और उनकी पांच बेटियां हैं, जिनमें से एक अभी अविवाहित है। इस अचानक आई आपदा से परिवार गहरे सदमे में हैं। मंडावा में हुआ दर्दनाक हादसा, जर्जर मकान ने ली 50 वर्षीय व्यक्ति की जान

### जर्जर मकानों के सर्वे की मांग

इस घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जर्जर मकानों का सर्वे कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि कस्बे और गांवों में कई पुराने मकान हैं, जो बारिश के मौसम में खतरनाक हो जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे मकानों को समय रहते खाली कराया जाए या उनकी मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि वे बारिश के मौसम में पुराने और असुरक्षित मकानों से दूर रहें।

## स्पर्श सुरक्षित बचपन के तहत गुड टच बेड टच के बारे में बच्चों को जानकारी दी

**दांता रामगढ़।** स्वामी नित्यानंद इंटरनेशनल अकैडमी दांता में आयोजित कार्यक्रम में नवीन जैन (वरिष्ठ आईएएस) द्वारा संचालित स्पर्श सुरक्षित बचपन के लिए एक अभिनव पहल कार्यक्रम का आयोजन स्पर्श वालंटियर शिक्षिका सुनीता रेवड़ (राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सबलपुरा) , राकेश कुमार लाटा (एडीपीसी) समग्र शिक्षा सीकर, सुरेश कुमार चौधरी (प्रशासनिक अधिकारी परिवहन विभाग ) के द्वारा स्वामी नित्यानंद इंटरनेशनल अकैडमी दांता सीकर में स्पर्श सुरक्षित बचपन के तहत गुड टच बेड टच के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई । साथ ही मोबाइल के उपयोग में सावधानियां जैसे - साइबर क्राइम, बुलीइंग और फ्रॉड के प्रति जागरूक करने के लिए सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पुलिस पर हमला करने वाले मां-बेटे गिरफ्तार : पुलिस पर पथराव और तोड़फोड़ का मामला, अब तक 7 आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मंडावा थाना क्षेत्र में पुलिस पर हुए हमले और सरकारी वाहन में तोड़फोड़ के मामले में आखिरकार पुलिस ने मुख्य आरोपी मां और बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में पुलिस ने अभी कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर इस मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम का नेतृत्व बिसाऊ थाना प्रभारी रामपाल मीणा कर रहे थे। टीम ने लगातार प्रयास कर 3 सितंबर 2025 को घटना के मुख्य आरोपी राजबाला (48) और उसके बेटे राहुल (23) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी लाडसर गांव के निवासी हैं और गिरफ्तारी से बचने के



लिए काफी समय से फरार चल रहे थे। इससे पहले, पुलिस इस मामले में पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी, जिनमें सुरेंद्र सिंह तेतरवाल, सचिन कुमार, रजनीश, सुमन देवी और सुमन शामिल हैं। इन नई गिरफ्तारियों के साथ, अब तक इस मामले में कुल सात आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस के अनुसार, इस हमले में शामिल अन्य अज्ञात और नामजद आरोपियों की तलाश के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### यह था पूरा मामला

यह घटना 20 अगस्त 2025 की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि लाडसर गांव में शराब के ठेके पर कुछ लोगों ने सेल्समैन को अंदर बंद कर दिया है। सूचना पर मंडावा थाना प्रभारी रामनिवास अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सेल्समैन को बाहर निकाला। लेकिन इसी दौरान ठेके के बाहर मौजूद कुछ महिलाओं और पुरुषों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमले के दौरान धक्का-मुक्की और मारपीट हुई, जिसके बाद पथराव शुरू हो गया। इस पथराव में थाना प्रभारी रामनिवास सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके अलावा, पुलिस की 112 नंबर की सरकारी गाड़ी को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना के बाद मंडावा थाने में सरकारी काम में बाधा डालने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पुलिस पर हमला करने का मामला दर्ज किया गया था।

## खनन हादसे में दो की मौत, परिजनों ने दिया धरना, डाबला रोड पर दो घंटे तक जाम

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निसं.)।** डोकन में हुए खनन हादसे में दो लोगों की मौत के बाद परिजनों ने मंगलवार को पाटन अस्पताल के बाहर धरना दिया। परिजनों का आरोप था कि खदान मालिकों ने अब तक कोई बातचीत नहीं की। गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने पाटन-डाबला रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान राजपूत समाज के लोग बड़ी संख्या में सड़क पर बैठकर न्याय की मांग करने लगे। मृतकों के परिजन 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे विभिन्न दलों के नेताओं ने भी परिजनों को समर्थन देते हुए खदान मालिकों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की बात कही। करीब ढाई घंटे तक रोड जाम रहा, जिससे स्कूली बच्चे और आमजन परेशान रहे। आखिरकार पुलिस और प्रशासन की ओर से पुलिस उप अधीक्षक उमेश गुप्ता, एसडीएम राजवीर यादव, तहसीलदार सुभाष व माइनिंग अधिकारी ने परिजनों से लंबी बैठक कर समझाइश की। मिली जानकारी के अनुसार, खदान मालिकों व परिजनों के बीच 30 लाख रुपये में कथित सौदा हुआ। यह राशि एक परिवार को मिलेगी या दोनों को—यह स्पष्ट नहीं हो सका। हालांकि, परिजनों को मृतकों के शव सौंप दिए गए। धरना स्थल पर नेता राजपाल डोई ने कहा कि मांगें मनवाई जाएंगी और मुकदमा भी दर्ज होगा, लेकिन खबर लिखे जाने तक न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही मुआवजे की रकम का आधिकारिक ऐलान हुआ।

## आमजन के लिए आफत बना गौरव पथ

### विकास पुरुष कहलाने वाले कद्दावर नेताओं की खुल रही पोल

### प्रशासन नहीं ले रहा कोई सुध, है किसी बड़े हादसे के इन्तजार में



### एक किलोमीटर बना गौरव पथ दोनों तरफ से पूर्ण रूप से हो गया क्षतिग्रस्त,

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** भाजपा राज में लगभग 8 साल पहले तारानगर शहर में बना गौरवपथ आमजन के लिए आफत बन चुका है। जिसे सार्वजनिक निर्माण विभाग ने 2017 में बनाया था। लगभग एक किलोमीटर लम्बा बना ये गौरवपथ की पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है एवं इसकी दोनों तरफ की सड़कों में दो दो फ़ीट गहरे बड़े बड़े गड्डे हो गए है जिसमें आये दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है। सैकड़ों वाहन प्रतिदिन इस रास्ते से गुजरते है एवं स्कूल कॉलेज में अध्ययनरत हजारों बच्चों का इस रास्ते से आवागमन है जिन्हे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अपने आप को विकास पुरुष व कद्दावर नेता कहलाने वाले इसकी ओर कोई ध्यान नहीं दें रहें है जबकि ये नेता भी इस रास्ते से ही गुजरते है। प्रशासन भी इसकी कोई सुध नहीं ले रहा। ऐसा लगता है प्रशासन भी किसी बड़े हादसे का इन्तजार कर रहा है।

## सफाई रोशनी सहित विभिन्न मांगो को लेकर कांग्रेस का धरना शुरू



### उपस्थितजनों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर जताया विरोध

### पालिका परिसर में शुरू हुआ अनिश्चितकालीन धरना

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर शहर में सफाई, स्ट्रीट लाइट, बरसाती पानी निकासी, अतिवृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई, नियम के विरुद्ध निविदाओं की जांच करने, गौरव पथ की मरम्मत करने आदि समस्याओं को लेकर कस्बे के कांग्रेसजनों ने नगरपालिका परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। उपस्थितजनों ने पालिका प्रशासन व भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं विरोध प्रदर्शन किया। पार्षद हरिसिंह बेनीवाल ने कहा कि वर्तमान में पालिका में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। कांग्रेस के लोगों ने पालिका प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि पालिका के कर्मचारी अपनी मनामानी चला रहें है। शहर में सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है जगह जगह कचरे के ढेर लगे पड़े है। पूरे शहर में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है ठेकेदार कभी आकर ही नहीं देखता है और पालिका द्वारा इनका भुगतान कर दिया जाता है पालिका में टेंडरों में भी धंधली की जा रही है, धाँधली कर अपने चहेते लोगों को काम दिया जा रहा है। इस मोके पर भागीरथ भामी, कपिल शर्मा, धनेश सैनी, बाबू हुसैन कुरैशी, मानसिंह सैनी, बुँदे खाँ लुहार, दिनेश खंडेलवाल, अर्जुन सैनी, सुरजीत वर्मा, सुनील सैनी, साजिद टाक, जीता राम जांदू, प्रकाश सांसी, यूनस खोखर, योगेश वर्मा, अकरम बिसायती सहित काफी लोग मौजूद थे।

## बारिश से टूटी सड़क बनी दुर्घटना का अड्डा, प्रशासन बेखबर

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** वाहन चालकों के लिए चूरू जिला मुख्यालय की भालेरी रोड़ से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की ओर जाना खतरे से खाली नहीं है। यहां बारिश के कारण सड़क टूट गई है। यह टूटी हुई सड़क दुर्घटना का अड्डा बन गई है। यहां से आने जाने वाले वाहन चालकों को बहुत परेशानी हो रही है। सड़क पर पड़े गड्ढे वाहन चालकों के जी का जंजाल बने हुए हैं। इस स्थान पर दर्जनों बाइक सवार दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। दूसरी तरफ प्रशासन इस बात से पूरी तरह बेखबर है। आसपास के लोगों ने बताया कि प्रशासन को अवगत करवा देने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ है। इन गड्ढों को खुद कलेक्टर और एडीएम आते जाते अपनी आंखों से देखते हैं। उनका ऑफिस मात्र 100 मीटर ही दूर है। लोगों ने टूटी हुई सड़क को तुरंत सही करवाने की मांग करते हुए कहा कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन को चाहिए कि वह बड़े हादसे का इंतजार करने की बजाय शीघ्र ही सड़क को सही करवाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। प्रशासन ने तुरंत उचित कदम नहीं उठाया तो लोगों को मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। आखिर प्रशासन किस लिए है, जब आमजन की कोई परवाह ही नहीं है तो फिर उन्हें अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। त्याग पत्र देकर घर चले जाना चाहिए। इस प्रकार आँखें बंद करके बैठ जाना मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है। बाढ़ नियंत्रण के नाम पर लाखों रुपयों का बजट ठिकाने लगा चुके बताए। जबकि वास्तव में देखें तो ये गड्ढे दिखाई देते हैं। संबंधितों को अपनी छाती पर हाथ रखकर सोचना चाहिए। आमजन जाए तो कहां जाए, जनप्रतिनिधि भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्योंकि उन्हें तो सिर्फ वोट चाहिए, जनता चाहे भाड़ में जाए। वे तो चुनाव के समय भाषण देने आ जाएंगे।

## ओवरलोड डम्फर से तोड़ी नई पाईप लाईन, प्रभावित हुई जल निकासी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बरसाती जल निकासी का कार्य गति पकड़ रहा है। दूसरे दिन भी बुधवार को बारिश नहीं होने से निकासी के काम में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है। लेकिन कहते हैं जब भगवान परीक्षा लेने पर उतर आए, तो कोई क्या कर सकता है। दरअसल 9 ईंच मोटी नई पाईप लाईन चापटिया तलाई से प्रगति नगर की ओर डाली गई थी और पानी की निकासी भी शुरू करवा दी गई, जिससे लगा कि अब पानी निकासी का कार्य काफी तेजी से होगा। लेकिन फिर से भगवान की परीक्षा शुरू हुई और कोई ओवरलोड डंफर एफसीआई गोदाम के सामने से निकले, जिसके कारण पाईप क्षतिग्रस्त हो गया और लाईन टूट गई। सप्लाई वाला मोटा पाईप डाला गया था, लेकिन जब 100 टन वजनी डंफर उसके उपर से गुजरा, तो पाईप टूट गया और इस लाईन के जरिये निकासी रूक गई। इसी



प्रकार प्रगति नगर में भी अधिकांश घरों में गाड़ियां हैं और इस लाईन के बिछ जाने से घरों के मालिकों को दिक्कत हो रही है। सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल से जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि लोगों से समझाईश की गई है, ताकि पाईप लाइन क्षतिग्रस्त न हो। दूसरी ओर प्रगति नगर में एक जगह और एफसीआई के सामने टूटी लाइन को जोड़ने में कर्मचारियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। सहायक अभियंता ने बताया कि बुधवार की शाम को साढ़े 4 बजे से इस लाईन को फिर से दुरूस्त करके वापस निकासी शुरू करवाई गई। इस दौरान पंप हाउस की मोटरें चोबीसों घंटे संचालित की जा रही हैं। दूसरी ओर अब नाथोतलाब मोहल्ले की ओर यह 9 ईंच मोटी लाईन डालने का काम शुरू किया जा रहा है, ताकि वहां भी इसी सिस्टम से जल्दी पानी निकासी का बन्दोबस्त हो सके। आपको बता दें कि सुजानगढ़ में डंफर आदि वाहनों का प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित है, लेकिन चूरू जिला कलेक्टर के आदेशों को डीटीओ गंभीरता से नहीं लेते, जिसके कारण पानी निकासी जैसा महत्वपूर्ण काम प्रभावित हो गया। ऐसे में सोचने वाली बात है कि डीटीओ और पुलिस ओवरलोड वाहनों को सुजानगढ़ में घुसने से पूर्णतया रोकते क्यों नहीं।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## दीक्षारंभ समारोह' आएंगे आज राज्यपाल

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में 4 सितंबर को दोपहर 2 बजे 'दीक्षारंभ समारोह-2025' का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी परिसर स्थित मीडिया लैब और कम्युनिटी रेडियो रेडियो शेखावाटी 91.2 का लोकार्पण भी होगा। समारोह में 'नई शिक्षा नए विचार और विकसित भारत का संकल्प' विषय पर विद्वत वक्ताओं के उद्बोधन भी होंगे। शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री 108 ओमदास जी महाराज, पीठाधीश्वर, अखिल भारतीय सांगलिया धूणी रहेंगे। सारस्वत अतिथि डॉ. बालमुकुंद पाण्डेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली तथा प्रो. (डॉ.) कैलाश सोडाणी, पूर्व कुलगुरु, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा शिरकत करेंगे। समारोह के स्वागताध्यक्ष कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय होंगे।

## गुंडागर्दी करने व मारपीट करने वालों को अभिलंब गिरफ्तार करो: का.पेमाराम

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने जिले में बढ़ रही चोरी व अपराधिक घटनाओं जिनका आज के एक प्रमुख अखबार में भी जिक्र किया अपराधियों द्वारा खुलेआम की जा रही गुंडागर्दी पर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं पर अभिलंब रोक लगाने की मांग की है। पार्टी के जिला सचिव कामरेड पेमाराम व पार्टी धोद तहसील कमेटी के सचिव पन्नालाल ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए बताया कि कंवरपुरा गांव में रामदेव जी के जागरण में रामदेव जी मंदिर पर बोलेरो कैंपर में आए हुए गुंडा तत्वों ने मंदिर में पुजारी व अन्य लोगों के साथ मारपीट की एवं घटनास्थल पर दहशत फैलाई। जिसकी लिखित नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है, पुलिस ने अभी तक कोई संतोषप्रद कार्यवाही नहीं की सदर थाना क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही है और लगातार चोरी की घटनाएं भी हो रही है। जिले में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ऐसी घटनाओं पर अविलंब रोक लगाने की मांग करते हुए प्रशासन को आगाह करती है कि समय रहते जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित किया जाए।

## 6 पदों के लिए कुल 12 उम्मीदवारों के बीच 6 सितंबर शनिवार को होंगे चुनाव

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** कुमावत छात्रावास ट्रस्ट सीकर की कार्यकारणी के चुनाव के लिए नामांकन भरे गए। आज कुल 6 पदों के लिए 20 नामांकन दाखिल किए गए जिसमें से 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहे, 8 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए है। उल्लेखनीय है कि कुमावत छात्रावास ट्रस्ट सीकर में 6 सितंबर 2025 को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्र, उपमंत्री, कोषाध्यक्ष व उपकोषाध्यक्ष पद के लिए वैलेट पेपर मतदान के जरिए चुनाव होना तय हुआ है। छात्रावास के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. अर्जुन लाल कुंडलवाल ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया में सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मदनलाल तुनवाल, राजेंद्र कुमार खोवाल, प्रकाश चंद किरोड़ीवाल, एडवोकेट पप्पू राम जलिन्द्रा व कालीचरण नेमीवाल ने कुल 6 पदों के लिए आवेदन लिए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चतुर्भुज तूनवाल एवं रामवतार जलांधरा, उपाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट नवरंग लाल बिंवाल व नेमीचंद किरोड़ीवाल, मंत्री पद के लिए नितेश पारमुवाल, व सुनील अनावड़िया, उपमंत्री पद के लिए बसंत कुमार जलांधरा व शिवपाल किरोड़ीवाल, कोषाध्यक्ष पद के लिए नाथूलाल कुमावत व सीताराम भोडिवाल तथा उपकोषाध्यक्ष पद के लिए बाबूलाल मारवाल व चिरंजीलाल भरोदिया चुनाव मैदान में रहेंगे। इस चुनाव में कुल 426 मतदाता भाग लेंगे तथा सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक मतदान किया जाएगा। और 3:00 बजे से मतगणना चालू की जाएगी।

## प्रधानमंत्री जनधन शिविर का आयोजन आज

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** अग्रणी जिला प्रबंधक नंद लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन शिविर का आयोजन 4 सितंबर 2025 को नीमकाथाना की नापावली, पलसाना की अभ्यपुरा, पिपराली की ग्राम पंचायत राधाकिशनपुरा, लक्ष्मणगढ़ की ग्राम पंचायत जसरासर,धोद की ग्राम पंचायत सरवड़ी में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों को मुख्यधारा की बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री जनधन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 सितम्बर 2025 तक विभिन्न पंचायत स्तरों पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। शिविर में प्रधानमंत्री जनधन खाता खोलना, पीएमजेडीवाई खातों में नामांकन, पीएमजेडीवाई खातों में पुनः कार्यवाही), पीएमजेजेबीवाई नामांकन, पीएमएसबीवाई नामांकन, पीएमएपीवाई नामांकन और साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित किया जायेगा।

सेना भर्ती रैली - 2025

## जयपुर क्षेत्र के 600 अभ्यर्थी आज भाग लेंगे

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** सेना भर्ती अधिकारी जयपुर निदेशक (कर्नल) हरीशचन्द्र ने बताया कि सीकर के जिला खेल स्टेडियम, सांवली रोड़ में 16 सितम्बर 2025 तक आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली के लिए जयपुर, सीकर एवं डीडवाना-कुचामन क्षेत्र के विभिन्न उपखण्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथियों पर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती अधिकारी जयपुर निदेशक (कर्नल) हरीशचन्द्र ने बताया कि 04 सितम्बर 2025 जयपुर चौंमू, दूदू, जालसू, किशनगढ़– रेनवाल, कोटखावदा, रामपुरा डाबड़ी, सांभर, सांगानेर, शाहपुरा, तुंगा के 600 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

## बिना ऑडिट वाले करदाताओं के लिए आईटीआर अंतिम तिथि 15 सितंबर

**सीकर(निसं.)।** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बिना ऑडिट वाले करदाताओं के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) भरने की अंतिम तारीख 15 सितंबर निर्धारित की गई है। सीनियर सीए प्रलादजुरिया ने बताया की कानूनों के अनुसार, आईटीआर दाखिल करना सभी करदाताओं की जिम्मेदारी है। आईटीआर दाखिल करना न केवल कर कानूनों का पालन सुनिश्चित करता है, बल्कि सभी आय स्रोतों की घोषणा, योग्य कटौतियों का लाभ और आयकर विभाग को कर दायित्व की रिपोर्टिंग के लिए भी आवश्यक है।

# ईद मिलादुन्नबी के जुलूस की व्यवस्थाओं का सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** अमन वेलफेयर सोसायटी ने नगर परिषद आरओ प्रमोद कुमार सोनी सूत्रीय ज्ञापन जश्ने ईद मिलादुन्नबी की जुलूस की व्यवस्थाओं को लेकर सौंपा, जिसमें व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के साथ सड़क पर पशुओं के घूमने और सड़कों पर गड्ढों की समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया गया है। यह ज्ञापन जुलूस के दौरान संभावित टकराव या दुर्घटनाओं से बचने के लिए दिया गया हो सकता है, क्योंकि सड़क पर पशुओं के कारण जुलूस के मार्ग में बाधा आ सकती है और गड्ढे सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। ज्ञापन में कहा गया कि मस्जिदों,कब्रिस्तानों एवं इबादतगाहो के आसपास साफ सफाई व्यवस्था करने की मांग के साथ ही सड़कों एवं नालियों की सफाई व चुने की व्यवस्था की मांग की।

### सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना

सड़कों पर गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं, खासकर जुलूस के दौरान जहां भीड़ अधिक होती है।

### सड़क पर पशुओं के कारण होने वाली बाधाओं को दूर करना

आवारा पशु जुलूस के रास्ते में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं और जुलूस के प्रवाह को बाधित कर सकते हैं।

### एक सुरक्षित और सुगम जुलूस सुनिश्चित करना

इन समस्याओं का समाधान करके जुलूस को सुरक्षित और बिना किसी बाधा के निकाला जा सकेगा।

# श्रद्धालुओं ने की भक्तिभाव के साथ उत्तम तप धर्म की आराधना

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** शहर के समस्त जैन मंदिरों में चल रहे दशलक्षण (पर्युषण) महापर्व पर बुधवार को सातवें दिन उत्तम तप धर्म का पालन किया गया। समाज के विवेक पाटोदी ने बताया कि दशलक्षण पर्व के सातवें दिन बुधवार को सभी जैन मंदिरों में प्रातः अभिषेक शांतिधारा हुई तत्पश्चात उत्तम तप धर्म की पूजा सहित अन्य नित्य पूजन किए गए । दशलक्षण महापर्व के दौरान शहर के बावड़ी गेट स्थित बड़ा मंदिर, जाट बाजार स्थित दीवान जी की नसियां , बजाज रोड़ स्थित नया मंदिर सहित समस्त 11 जैन मंदिरों में बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु प्रतिदिन अभिषेक पूजन में सम्मिलित हो रहे है । बजाज रोड स्थित श्री दिगंबर नया जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म की पूजा की गई। सुबह भगवान जिनेंद्र भगवान के अभिषेक, नित्य पूजा पाठ किया गया। प्रियंक जैन ने बताया कि शांतिधारा करने का सौभाग्य बाबूलाल जी आवेश कुमार जी अजय कुमार जी मोलिक कुमार जी छाबड़ा परिवार को मिला ।जैन मंदिर में जैन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ उत्तम तप धर्म की आराधना की। मंत्री पवन छाबड़ा एवं अंकित मानजीका ने बताया की पंडित जयंत कुमार शास्त्री के निर्देशन में जैन अनुयायियों ने प्रात काल अभिषेक, शांतिधारा की नित्य नियम पर्व पूजन क्रियाएं संपन्न कराईं। सायं काल में स्वाध्याय व शांतिनाथ की आराधना भक्तिभाव से की। इस दौरान आयोजित धर्म सभा में पंडित जयंत कुमार शास्त्री ने कहा कि आचार्य पूज्यपाद स्वामी ने 'सर्वार्थसिद्धि' ग्रंथ में तप को परिभाषा करते हुए कहा है- "कर्मक्षयार्थ तप्यते इति तपः "अर्थात कर्म के क्षय के लिए जो तपा जाता है, उसे तप कहते हैं। जैन धर्म में तप दो प्रकार का कहा बाह्य तप और अभ्यांतर तप। बाह्य तप शरीर की बाह्य क्रियाओं से विशेष रूप से संबंधित है और अभ्यांतर तप का संबंध मन के विकारों का दमन करने से है। अभ्यांतर तप मानसिक चित्तवृत्तियों को शांत करता है। बाह्य तप अभ्यांतर तप का साधन है। शरीर को कष्ट देना और उसका दमन करना तभी तक सार्थक है जब तक उसका उपयोग आध्यात्मिक शुद्धि के लिए होता है। इसके विपरीत यदि तप से केवल अभ्यांतर कलुषता ही पैदा होती है तो वह तप नहीं ताप है।

# पालकी में विराजे ठाकुर जी



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** जलझूलनी एकादशी के अवसर पर बुधवार को दांता के ठाकुर जी मंदिर से ठाकुर जी नगर भ्रमण पर निकले। फूलों से सजी धजी रेवाडी में ठाकुर जी को नई पोशाक पहनाकर विराजमान किया गया। इसके बाद जयकारों के बीच सीताराम जी मंदिर से रेवाड़ी रवाना हुई जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए रेवाड़ी तालाब पर पहुंची। जहां भगवान को जल विहार करवाया गया भक्तजनों ने पूजा अर्चना की एवं सामूहिक महाआरती हुई।इस अवसर पर कस्बे में जगह-जगह रेवाड़ी का स्वागत किया गया। श्रद्धालु रेवाड़ी के नीचे से निकल कर और दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान दो दर्जन से ज्यादा मंदिरों से रेवाड़ी निकली।

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ बुधवार को

**नवलगढ(निसं.)** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ नवलगढ़ के तत्वाधान में संघ के कार्यालय में द्वितीय -तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर 1 सितंबर 2025 से चल रहा है । बुधवार को शिविर के तृतीय दिवस में प्रातः ध्वजारोहण पूर्व प्रधान व संरक्षक कैलाश चोटिया द्वारा किया गया ,उन्होंने अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड को सेवा का पर्याय बताया उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड से प्राप्त प्रशिक्षण को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है ।संघ के प्रधान मुरली मनोहर चौबदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट गाइड को शिविर में जो भी सिखाते हैं उन्हें जीवन भर याद रहता है ।चार दिवसीय प्रशिक्षण में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर मे स्काउट गाइड के नियम- प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, प्राथमिक उपचार, ध्वज शिष्टाचार ,दिशा ज्ञान व कंपास,स्काउट गाइड की विभिन्न शाखाएं, अनुमान लगाना आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया है । शिविर प्रभारी एवं सह सचिव महेश कुमार माछलपुरिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्य में लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ,गाइडर बीना चंदेल, सुनीता देवी , सचिव अर्जुन सिंह सांखनीया ,कोषाध्यक्ष दशरथ लाल सैनी आडिटर मोजी राम बजाड, स्काउटर रौनक वर्मा, कविराज आर्य द्वारा दिया गया है। शिविर में उप प्रधान ओमप्रकाश सेन, रूक्मानंद खत्री ,प्रधानाचार्य सुरभि गुप्ता ,डॉक्टर वेद प्रकाश सैनी ने भी बच्चों को उद्बोधन देकर प्रोत्साहित किया । शिविर में ब्लॉक नवलगढ की बारह स्कूलों के 136 स्काउट गाइड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। गुरुवार को शिविर का समापन होगा ।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** शहर में चांदपोल गेट के बाहर मानव सेवा फाउंडेशन सीकर द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को हुआ जिसमे अतिथि समाजसेवी जानकी प्रसाद इंदौरिया, पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़, भाजपा नेता रतनलाल सैनी, केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव नेहरा,समाजसेवी राजेंद्र सोनी, भगतसिंह यूथ ब्रिगेड के संस्थापक रामलखन कांवट, मौजूद रहें।मानव सेवा फाउंडेशन सीकर के अध्यक्ष प्रमोद काबरा मंत्री नरेश सैन ने बताया कि इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉक्टर नीरज शर्मा हार्ट स्पेशलिस्ट एवं फेफड़ा स्पेशलिस्ट, सुयश पांडे कैंसर विशेषज्ञ, रोहन परिहार हड्डी रोग विशेषज्ञ स्पाइन सर्जन रीड की हड्डी स्पेशलिस्ट अपनी सेवाएं दी। शिविर सुबह 9.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक चांदपोल गेट के बाहर धोद बस स्टैंड पर आयोजित हुआ ।अतिथियों का स्वागत विनोद काबरा प्रमोद काबरा, नरेश सैन, दिनेश बियाणी,विमल शर्मा, राकेश शर्मा, मनोज शर्मा, विशाल साबू, शुभम मालपानी, गिरधारी, कमल, मुरलीधर सैनी, रोहित सैनी सहित अनेक लोगों ने किया।

## मील ने जरूरतमंद के लिए किया 159 वीं बार रक्तदान

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** युवा रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने के साथ-साथ जरूरतमंद रोगियों के लिए भी हर समय रक्तदान के लिए तत्पर रहते हैं। श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज अस्पताल ब्लड बैंक लैब अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी ने बताया कि लोसल निवासी नफीसा जोकि के जी एन हॉस्पिटल में भर्ती को इमर्जेंसी को जरूरत पड़ने पर सुधीर महरिया स्मृति संस्थान,सीकर और यूनाइटेड एजुकेशन लिंक्ज के डायरेक्टर और ब्लड मोटीवेटर बी एल मील ने बुधवार रात को ब्लड सेंटर पहुंचकर 159 वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की है।

## कोतवाल जांगीड़ के निर्देशन में रेस्टोरेंट से दो नाबालिग मुक्त

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** शहर कोतवाल सुनील जांगीड़ के निर्देशन और कोतवाली थाना सीकर की एच.एम. नीलम की अगुवाई में मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई की गई। टीम ने पुरानी तहसील स्थित चिकन रेस्टोरेंट पर छापा मारकर बहराइच उत्तर प्रदेश के दो नाबालिग बच्चों को बाल श्रम की त्रासदी से मुक्त कराया।कार्रवाई के दौरान नरेश कुमार सैनी जिला समन्वयक और अभिषेक बगड़िया जिला कोऑर्डिनेटर गायत्री सेवा संस्थान भी मौजूद रहे। टीम ने जब स्थल पर हालात देखे, तो पाया कि दोनों मासूम सुबह 9 बजे से रात 11 बजे तक लगातार काम करने को मजबूर थे–यह दृश्य दिल दहला देने वाला था। रेस्क्यू के तुरंत बाद दोनों बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और उन्हें बाल कल्याण समिति सदस्य बिहारीलाल बालान के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति की सुनवाई के बाद दोनों को परमार्थ सेवा संस्थान में अस्थायी आश्रय प्रदान किया गया, जहां उनकी सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित की गई है। इस कार्रवाई के बाद एएफसी चिकन रेस्टोरेंट के खिलाफ बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986, जेजे एक्ट, और अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत कड़ी विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि सीकर में बाल श्रम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**बाल कल्याण समिति सदस्य श्री बिहारीलाल बालान ने कहा**

बाल श्रम बच्चों के बचपन की सबसे बड़ी चोरी है। यह न केवल गैरकानूनी है बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी निंदनीय है। रेस्क्यू करे गये बच्चों की काउंसलिंग, पुनर्वास और शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। हमारी अपील है कि समाज के हर व्यक्ति को सतर्क रहकर ऐसे मामलों की सूचना तुरंत प्रशासन को देनी चाहिए, ताकि किसी भी मासूम का बचपन अंधेरे में न डूबे।यह कार्रवाई एक बार फिर साबित करती है कि सीकर जिला प्रशासन और बाल कल्याण समिति बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और बाल श्रम के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक- डी- 718-727 दिनांक - 22/08/2025

**ई - निविदा सूचना सं. 16/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत भवन मररम्मत, विद्युत कार्य एवं सड़क निर्माण कार्य कुल 08 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई- निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. -100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A42846 के UBN No. निम्न प्रकार है

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB10651 | 2 | PWD2526WSOB10652 |
| 3 | PWD2526WSOB10653 | 4 | PWD2526WSOB10654 |
| 5 | PWD2526WSOB10655 | 6 | PWD2526WSOB10656 |
| 7 | PWD2526WSOB10657 | 8 | PWD2526WSOB10658 |

(विजय प्रताप कवा)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड - तारानगर

DIPR/C/12524/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No:- 1387-1396 Date: 21-8-2025

**Notice Inviting Bid No 16/2025-26**

Bids for 17 (Seventeen Nos) work are invited from interested bidders upto 3.00 PM dated 08.09.2025 Other Particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website th. The approximate value of the procurement is Rs. 41.13 Lacs
NIB No: PWD2526 A2799
UBN No:-
1. PWD2526 WSOB10407 2. PWD2526 WSOB10409
3. PWD2526 WSOB10410 4. PWD2526 WSOB10412
5. PWD2526 WSOB10413 6. PWD2526 WSOB10416
7. PWD2526 WSOB10418 8. PWD2526 WSOB10425
9. PWD2526 WSOB10427 10. PWD2526 WSOB10428
11. PWD2526 WSOB10429 12. PWD2526 WSOB10432
13. PWD2526 WSOB10433 14. PWD2526 WSOB10435
15. PWD2526 WSOB10438 16. PWD2526 WSOB10440
17. PWD2526 WSOB10442

Executive Engiener
PWD Dn. Ratangarh

DIPR/C/12497/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No:- 1136-1149 Date: 21.8.25

**Notice Inviting Bid No 09/2025-26**

Bids for 2 (Two Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 09.09.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc.rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 26.60 Lacs

NIB No PWD2526A2836
UBN NO :- 1. PWD 2526 WSOB 10581
2. PWD 2526 WSOB 10582

Executive Engineer
PWD Dn. Sujangarh

DIPR/C/12499/2025

## पूर्व मंत्री ने की आपदा राहत मंत्री से बात

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने प्रदेश के आपदा राहत प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा से फोन पर बात करके सुजानगढ़ के लिए आपदा में राहत हेतु अतिरिक्त संसाधन दिए जाने और नुकसान वाले मकानों के लिए लोगों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है। खेमाराम मेघवाल ने बताया कि दूरभाष पर हुई बात के दौरान डॉ. मीणा ने जल्द की समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। दूसरी ओर खेमाराम मेघवाल ने जिले के सीएमएचओ से मेडिकल टीमों को घरों में भेजे जाने के लिए आग्रह किया है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर दिखे, तो हाथों हाथ ईलाज हो सके। इसी प्रकार गंदे पानी में कीटनाशकों का छिड़काव करवाने की मांग भी की है।

## मूंडरू की अंजली शर्मा होगी मुख्यमंत्री से सम्मानित

### 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में होगी सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**मूंडरू(निसं.)।** कस्बा निवासी अंजली शर्मा पुत्री केशव शर्मा को 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। अंजली शर्मा ने राजकीय महात्मा गांधी स्कूल मूंडरू से इसी वर्ष सीनियर बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल टॉप किया है। छात्रा अंजली ने हिन्दी ऐच्छिक विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य भैरूराम यादव ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर की सीनियर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा, 2025 में हिन्दी विषय अनिवार्य या ऐच्छिक में राज्य में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले चयनित छात्र और छात्राओं को 14 सितम्बर, 2025 को राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा सम्मानित किया जाता है। छात्रा अंजली ने हिन्दी विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। 14 सितम्बर को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, मुख्य सभागार, गेट नं0 5, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह में छात्रा को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे।

## जलझूलनी एकादशी पर निकाली ठाकुर जी की पालकी



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)** जलझूलनी एकादशी पर मंदिरों में भजन-कीर्तन किए गए। इस दौरान व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे तथा उपवास रखा व दान-पुण्य किया। शाम को मंदिरों से ठाकुरजी की पालकी निकाली गई, जो गांधी चौक पर एकत्रित हुई। यहां से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए माणकसर तालाब पहुंची, जहां ठाकुरजी को स्नान करवाकर पूजा की गई।

## तीन दिनों तक पहुंचाया सैंकड़ों लोगों के पास भोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** भारी बरसात के कारण शहर के अनेकों मोहल्लों में लोग घरों में कैद हैं। शहर के वाल्मिकी बस्ती, रैगर बस्ती, भोजलाई बास, दुलिया बास, नाथोतालाब आदि क्षेत्रों में लोगों के घरों में पानी भर जाने से हालात खराब हैं। पीसीसी सदस्य रामकरण गुलेरिया ने इंसानियत भरी पहल करते हुए प्रतिदिन के 8 सौ फूट पैकेट तैयार करवाये और घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की। रामकरण गुलेरिया ने बताया कि शहर में सभी लोग इस आपदा से मिलकर लड़ रहे हैं। इसमें हमारे सांसद राहुल कस्वां, विधायक मनोज मेघवाल, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ समस्त राजनीतिक और सामजिक संगठनों के कार्यकर्ता भी मेहनत करके जनता को राहत देने का प्रयास कर रहे हैं। इस पुनीत कार्य में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद पिलाणिया, हंसराज दादरवाल, संजय बिजारनिया, मुकेश, बीरबल दादरवाल, बसन्त शर्मा, पंकज़ पिलानिया, सन्दीप बारूपाल, रामपाल गुलेरिया, सचिन गोड़, कानाराम, गौतम, आमीन, भवानी सिंह, भगवान प्रजापत आदि लोगों ने सहयोग किया।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** पिछले दिनों बिहार में आयोजित कांग्रेस नेता राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के प्रति बोले गए अपशब्दों के विरोध में आज चूरू में धर्म स्तूप के निकट भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां का सर्वोच्च स्थान है हम मां को ईश्वर के समान मानते हैं । उन्होंने कहा एक जिम्मेदार पद पर रहने वाले राहुल गांधी की सभा में गाली निकालने की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी जितनी निंदा की जाए उतनी ही कम है । उन्होंने इस विषय पर कहा कि राहुल गांधी को और तेजस्वी यादव को इस बात के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए और जो लोग इसके लिए जिम्मेदार है उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इस प्रकार के पाप को कभी माफ नहीं कर सकेगी क्योंकि बिहार मां सीता की धरती है जहां पर मां का दर्जा सबसे ऊंचा माना जाता है इस अवसर पर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काछवाल मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत धर्मेंद्र राकसिया हरीश वर्मा नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल कपिल रक्षक, कमल सैनी मंडल महामंत्री श्री राम पीपलवा, प्रकाश नायक,कपिल चंदेल पवन चावरिया भाजयुमो जिला अध्यक्ष मदन गोपाल बालान जिला प्रवक्ता महेश मिश्रा विजय शर्मा,जय प्रकाश प्रजापत ,,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा अजय तंवर अशोक तंवर सुभाष कुमार महावीर पचारिया लक्ष्मी नारायण आनंद् रैगर, ओम इंदोरिया,पार्षद राकेश दाधीच आकाश सैनी सुभाष महर्षि किशन किरोड़ीवाल,मोहन लाल गढ़वाल, मूलचंद फरियाद, दाऊद थीम देवराज पुरोहित,राकेश ओझा, कैलाश शर्मा, प्रकाश नायक जेपी प्रजापत नितिन बुंदेला रवि दाधीच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीदासर में देर रात तेजाजी मंदिर पहुँचे रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल



### मंच पर थानाधिकारी से हुई तीखी नोकझोंक

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)।** देर रात 2.30 बजे धीराणा ताल स्थित तेजाजी मंदिर पहुँचे रालोपा सुप्रीमो व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। देर रात के बावजूद भारी संख्या में जुटे समर्थकों ने उन्हें कंधों पर उठाकर मंच तक पहुँचाया। सभा को संबोधित करते हुए बेनीवाल ने कहा–"रात के 4 बजे मुख्यमंत्री के लिए लोग नहीं रुकते, लेकिन आप मेरे लिए रुके, मैं आपका आभारी हूँ।" इसी दौरान मंच पर मौजूद थानाधिकारी कैलाशचंद्र यादव से बेनीवाल की नोकझोंक हो गई। बेनीवाल ने आरोप लगाया कि अधिकारी नशे में हैं और मंच पर खड़े होकर बकवास कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पाँच मिनट में मंच खाली करो नहीं तो मेडिकल करवाऊँगा। विवाद के बाद थानाधिकारी मंच से नीचे उतर गए। बेनीवाल ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर जमकर निशाना साधा। सुजानगढ़ विधायक को घेरते हुए उन्होंने कहा–"सुजानगढ़ को जिला बनाने की बात की गई थी, लेकिन अब कांग्रेस कहाँ है? मुख्यमंत्री ट्विटर को भी सही से नहीं बोल पाते और मोदी को श्रद्धांजलि दे देते हैं।" गौरतलब है कि तेजा दशमी कार्यक्रम में बेनीवाल को दोपहर 1.30 बजे हेलीकॉप्टर से पहुँचना था, लेकिन तकनीकी कारणों से वे रात 2.30 बजे पहुँचे। इस मामले पर वृत्ताधिकारी प्रहलाद राय ने कहा कि पुलिस अपनी ड्यूटी कर रही थी और किसी ने नशा नहीं किया था। पूरी जानकारी उच्चाधिकारियों तक पहुँचा दी गई है। इस दौरान गिरधारी मेहला,जवाहर सिंह,देवीसिंह खेरिया,श्रीचंद मेहला,रामनारायण पूनियाँ,विवेक माजरा,सालू खेरिया,चुन्नीलाल मेहला,सीताराम नायक,सुभाष गोदारा,महेन्द्र जाखड़,जितेंद्र सिंह राठौड़,बाबूलाल सारण, शेरा मेहला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## शिविर में हुई 230 लोगों की जांच

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** लॉयंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा छोटी खाटू में एक नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन स्वर्गीय मांगीलाल, पुरुषोत्तम, रमेश बजाज की स्मृति में सरजू देवी एवं सुरेश बजाज के आर्थिक सौजन्य से किया गया। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने 230 रोगियों का नेत्र परीक्षण किया और 52 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयन किया। जिनको ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सूरत प्रवासी सुरेश बजाज, कालूराम शारदा, नगर पालिका के चेयरमैन, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष एवं लायंस क्लब सुजानगढ़ के लॉयन एमजेएफ कमल तापड़िया ने दीप प्रज्वलित करके किया। स्थानीय निवासियों ने, स्कूल के बच्चों ने एवं लायंस क्लब सुजानगढ़ के लॉयन एमजेएफ कमल तापड़िया, अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक, सचिव लॉयन अशोक जाजू ने कार्यक्रम को संचालित करने एवं सफल बनाने में योगदान दिया। सुरेश बजाज ने आभार व्यक्त किया। डॉ. जाह्नवी एवं टीम का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया।

## बाय के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक विजयादशमी महोत्सव (दशहरा मेला ) की तैयारी बाबत बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**दांता रामगढ़(निसं.)।** बाय मे होने वाले विजयादशमी महोत्सव की तैयारी बाबत बैठक को लेकर समिति के मंत्री, नोरंग सहाय भारतीय ने बताया कि श्रीदशहरा मेला समिति बाय, की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर के प्रांगण में आगामी विजयादशमी महोत्सव के आयोजन बाबत आम ग्राम सभा की विशाल मीटिंग का आयोजन छिगनलाल दायमा की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। सर्व प्रथम गत-वर्ष में पंचतत्व में विलीन हुए दिवंगत आत्माओं को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई उसके बाद आगामी विजयादशमी महोत्सव की तारीख का निर्धारण पंडित सुरेश कुमार मिश्र के द्वारा किया की आगामी 02,अक्टूबर-2025 (वार-गुरुवार) को विजयादशमी महोत्सव बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें कोषाध्यक्ष, मुरारी लाल शर्मा के द्वारा गत वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया।आगामी दशहरा मेला आयोजन की रूपरेखा बनाई गई। जिसमें आगामी मीटिंग 07,सितम्बर-25 को आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। दशहरा मेला समिति के संरक्षक मूलचन्द टेलर, अध्यक्ष पहलाद सहाय मिश्रा,उपाध्यक्ष-मालीराम सिक्का , बजरंग लाल आचार्य,मंत्री नोरंग सहाय भारतीय ( कुमावत), कोषाध्यक्ष- मुरारी शर्मा,उप-मंत्री योगेश कुमार शर्मा,संयुक्त मंत्री उमेश कुमार शर्मा,मीडिया-प्रभारी विजेन्द्र दायमा,पिन्टू भारतीय,कार्यलय-मंत्री बसंत पाराशर,मंदिर-कमेटी के अध्यक्ष नागरमल मिश्रा, मंत्री- अनिल कुमार बैद,पुजारी विजय पाराशर,वरिष्ठ नागरिक रामावतार व्यास,बाबूलाल व्यास,सुरेन्द्र दाधिच,दुर्गा प्रसाद सोनी,प्रभु दयाल टेलर,प्रकाश नाथ महाराज,रत्तन लाल कुमावत,हंसराज कुमावत,राधेश्याम सिक्का,प्रहलाद सहाय बागड़ी, जगदीश प्रसाद कीर,छोटू नरका,प्रदीप बागड़ी,हरीश योगी,मांगीलाल योगी,आदि गणमान्य और प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति रही।

## बाय में क्रिकेट लीग का शानदार आगाज

### उद्घाटन मैच में दांतला टीम ने जीत दर्ज कराई

जयपुर टाइम्स



**दांतारामगढ(निसं.)।** खादूश्यामजी के पास स्थित बाय में शुक्रवार को "बाय प्रीमियम लीग" के तत्वावधान में बाय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और खेल भावना को बढ़ावा देना है।उद्घाटन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना कर दिया। उद्घाटन मैच में दांतला टीम ने जीत दर्ज कराई। प्रतियोगिता के पहले ही दिन घाटवा बनाम दांतला टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना और प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगोपाल शिला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल से अनुशासन, एकजुटता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर बाय प्रीमियम लीग के अध्यक्ष मोती उत्तपादक विनोद भारती ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों की सराहना की। इसके साथ ही जे.पी. बुडी, सुभाष, बनवारी कुमावत, गिरधारी लाल और सरपंच मुकेश खांडल सहित कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आगामी दिनों में यह क्रिकेट टूर्नामेंट क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांचक और यादगार साबित होगा।

## अग्रवाल पंचायत समिति की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़,(निसं.)** अग्रवाल समाज की मीटिंग स्थानीय अग्रवाल भवन में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में भगवान अग्रसेन जी की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।अग्रसेन जयंती समारोह के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,मंत्री लखीप्रसाद बादुसरिया ने बताया कि भगवान अग्रसेन जयंती समारोह के लिए कमल तोदी,संदीप बजाज,राजेश जाजोदिया,एवं लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला को संयोजक बनाया है।बैठक में विभिन्न कार्यों के लिए समिति व उपसमिति का गठन किया गया है ।अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विमल चिराणिया निजी कारणों के चलते मीटिंग में अनुपस्थित रहे लेकिन दूरभाष के माध्यम से पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया बैठक में अग्रवाल समाज के मंत्री लखीप्रसाद बादूसरिया,पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोदी, उपाध्यक्ष सुरेश बजाज,लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला, कोषाध्यक्ष मनोज जालान, कार्यकारिणी सदस्य संदीप बजाज, राजेश जाजोदिया मौजूद रहे।

## विधानसभा में गूंजा सुजानगढ़ में जलभराव का मुद्दा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** सुजानगढ़ के तीन मोहल्लों में बरसाती पानी के जलभराव का मुद्दा राजस्थान विधानसभा में गूंजा है। विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में नियम 50 के अंतर्गत स्थगन लगाकर सुजानगढ शहर में अतिवृष्टि से हो रही परेशानी का मुद्दा विधानसभा में उठाया। विधायक मेघवाल ने सरकार से मांग रखी कि पहले तुरंत शहर में अतिरिक्त संसाधन लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था की जावे तथा गेंहू की एफसीआई गोदाम से निकासी कराई जावे, ताकि बीमारी नहीं फैले। मेघवाल ने कहा कि 80 करोड़ की ड्रेनेज का वर्क ऑर्डर समीक्षा के नाम पर रोक रखा है। अगर यह काम समय पर करवा दिया जाता, तो आज सुजानगढ़ की जनता परेशान नहीं होती। विधायक ने कहा कि स्कूलों में पानी भरा पड़ा है, बच्चों की पढ़ाई ठप्प और मोहल्लों में गंदगी और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ऊपर से एफसीआई में 1,80,000 गेहूं की बोरियां सड़ रही हैं। सवाल उठता है क्या इसे ही सुशासन का मॉडल कहा जाता है, जिसके तहत 10 दिन से जनता के साथ लावारिश होने जैसा बर्ताव किया जा रहा है। मेघवाल ने कहा कि सरकारी लापरवाहियों के कारण पूरा सुजानगढ़ तालाब बनता नजर आ रहा है। अतः जल्द से जल्द पानी निकासी करवाकर जनता को राहत दी जावे और लोगों को मुआवजा राशि दी जावे, ताकि जीवन सामान्य हो सके।

## जलझूलनी एकादशी पर मंदिरों से निकली भगवान की पालकियां



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** जल झूलनी एकादशी पर शहर के विभिन्न मंदिरों से भगवान की पालकियां निकली। भगवान के जयकारों के साथ निकली पालकियां घंटाघर के पास एकत्रित हुई। जहां पर नगरवासियों ने भगवान के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद दिखनादा बाजार होते हुए नाथो तालाब पंहुची। जहां पर शहरवासियों ने ठाकुर जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की तथा भगवान की परिक्रमा की। इसके बाद पुजारियों ने भगवान की आरती की तथा उपस्थितजनों को प्रसाद का वितरण किया गया। मान्यता है कि जन्माष्टमी के दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्म के पश्चात जल झूलनी के एकादशी के दिन माता यशोदा ने यमुना किनारे भगवान के वस्त्र धोये थे। इसी प्राचीन परंपरा को निभाते हुए मंदिरों से भगवान की पालकियां रवाना होती हैं, जो नाथो तालाब पंहुचती है। जहां भगवान की पूजा अर्चना एवं आरती की जाती है। इसके बाद पालकियां वापस मंदिरों की ओर लौट जाती है।

## मधुर भजनों की प्रस्तुति पर थिरके श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**बिदासर-(नि.सं.)** कस्बे के गणगौरी चौक स्थित बाबा रामदेव मंदिर में बाबा रामदेव जयंती के उपलक्ष में बाबा रामदेव मित्र मंडल द्वारा मंगलवार रात्रि में भव्य विशाल जागरण का आयोजन किया गया । जिसमें भीलवाड़ा की कलाकार आकृति मिश्रा व राजलदेसर के तुलसीराम पांडे ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुत दि। जागरण हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति के शिवकुमार टांटिया, पवन कुमार शर्मा , प्रमोद जोशी ,पुरुषोत्तम दर्जी, जगदीश प्रजापत,अमित टांटिया, दिनेश यादव,विकाश शर्मा,बाल किशन शर्मा ,रवि वर्मा ,योगेश चौहान ने सहयोग किया ।

## राजलदेसर कस्बे में श्री हर्ष जीण भवानी सेवा समिति के हर वर्ष लगने वाले भण्डारे का पोस्टर विमोचन किया गया




जयपुर टाइम्स

**सीकर(नि.सं.)** समिती के श्रवण सैनी ने बताया नवरात्रा में कस्बे के श्री हर्ष जीण भवानी सेवा समिति तीन वर्षा से लगातार भण्डारे का आयोजन किया जाता है।जो सीकर जिले के जीण माता मंदिर और हर्ष भैरूजी मन्दिर के बीच आतरी गांव में लगाया जाता है। इस बार 25 सितम्बर से 29 सितम्बर तक लगाया जावेगा। जिसमें चाय,पानी,नाश्ता एवं मेडिकल की व्यवस्था की जावेगी। यह कार्यक्रम जन सहयोग से किया जाता है। आज पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में श्रवण कुमार सैनी, कालु जाट, किशन प्रजापत,कालु गौड़,हेमराज प्रजापत,मनोज कुमार,बिरबल जाट,मदन सिंह,मोतीलाल प्रजापत,राजा प्रजापत सहित लोग मोजूद थे।

# भक्त के वश में हैं भगवान: मोहनराम



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति द्वारा आयोजित 33 वें गणेश चतुर्थी महोत्सव 2025 के 10 वें दिवस नित्य पूजा के यजमान कपिल दाधीच, पवन सोनी, सहदेव सोनी, गिरधारी जांगिड़, राजेन्द्र सोनी, शंकर सैनी को पंडित सोमदत दाधीच ने पूजा अर्चना करवाई। भागवत कथा के सातवें दिवस सन्त मोहन राम ने कृष्णलीला का वर्णन किया और कहा कि भगवान भक्त के वश में होते हैं। भगवान ने जन्म देवकी के लिया और लालन पालन यशोदा ने किया ये, सब भक्ति करने के कारण हुआ। भगवान भक्तों को कभी निराश नहीं करते। समिति अध्यक्ष अरविंद सोनी ने बताया कि गुरूवार को प्रातः 9 बजे से पूर्णाहुति हवन होगा व शाम को 4 बजे गाजे बाजे के साथ मूर्ति मुख्य बाजार से होते हुए कैलाश पूरी मन्दिर तक जाएगी और 11 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन होगा। अध्यक्ष अरविंद सोनी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश अरोड़ा, गोपाल सोनी, रमेश स्वामी, हनुमान सोनी, राहुल शर्मा, कन्हैया लाल स्वामी, लोकेश सोनी, विनोद दाधीच, ललित जांगिड, योगेश तंवर, रमेश तंवर, श्रीराम सोनी, महेश सोनी, भवानी सोनी आदि जुटे हुए हैं। कथा में महिला श्रद्धालुओं की अच्छी भीड़ उमड़ रही है।

# जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आज से शुरू



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** 69वीं जिला स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मौजास में आयोजित होगी। प्रधानाचार्य महिपाल सिंह बुगालिया ने बताया कि 17 वर्षीय छात्र व छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता आगामी 4 सितंबर से 7 सितंबर तक मौजास स्कूल में आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा उपस्थित रहेंगे। शारीरिक शिक्षक योगेंद्र दुलड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में लगभग 22 टीम व छात्रा वर्ग में लगभग 24 टीम भाग लेंगी। प्रतियोगिता संयोजक शारीरिक शिक्षक हरि सिंह ढाका व संचालन समिति में व्याख्याता राजीव कुमार धायल, अजय कुमार महला व धर्मपाल सिंह शामिल हैं।

## श्री श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन: गायक कलाकार नरोत्तम चेजारा एण्ड पार्टी ने एक से बढ़कर एक दी भजनों की प्रस्तुतियां



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** कस्बे के वार्ड नम्बर 24 में बुद्धवार को राकेश ठेकेदार की ओर से श्री श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर की विशेष सजावट की गई और अखंड ज्योत जलाकर श्याम बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान राकेश ठेकेदार ने विशेष पूजा अर्चना कर और अखंड ज्योत प्रज्वलित करके किया। इसके बाद विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भजन संध्या की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। गायक कलाकार नरोत्तम चेजारा एण्ड पार्टी ने अपनी प्रस्तुति से भक्तो को भाव विभोर कर दिया । उन्होंने "मेरी लाज नंदन..." सुना कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नरोतम ने "राधे राधे बोल श्याम आयेंगे..." सुनाकर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुभाष चन्द्र,मुकेश,राजवीर, रजनीश,दलीप संदीप कन्हैयालाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और असंख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित थी ।

# गणेश मंदिर हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रतीक: दूकिया

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मण्डावा विधानसभा क्षेत्र के गांव सिरियासर कला के श्री विश्वकर्मा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात दिवसीय गणेश महोत्सव का भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल दूकिया के आतिथ्य में विधिवत समापन हुआ। दूकिया ने बताया कि गणेश मंदिर हमारे गौरवशाली इतिहास और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है, जो समाज में



एकता, भक्ति और सद्भाव का संदेश देता है। इस अवसर पर रामजीलाल जांगिड़, राकेश कुमावत, कुम्भाराम जांगिड़, अमरचन्द, बलवान लोयल, राजेन्द्र प्रसाद, पंडित बजरंगलाल, समुन्दर, धर्मपाल, विजेन्द्र जांगिड़, नागेश जांगिड़, आयुष, मोहित आदि उपस्थित रहे।

# सरदारशहर में अंधेरा रहने वाली जगहों पर जगमगाएगी हाईमास्ट लाइटें, 4 सार्वजनिक स्थानों पर हाईमास्क लाइटों का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान एक के बाद एक बड़े नवाचार किए गए और उन नवाचार के चलते पूरे सरदारशहर वासियों को राहत प्रदान हुई है। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने शहर के मुख्य स्थान पर जहां पहले अंधेरा रहता था। वहां पर हाई मास्क लाइट लगाकर शहरवासियों को राहत प्रदान की है। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे द्वारा शहर के मुख्य स्थानों पर पूर्व में हाई मास्क लाइट लगवाकर शहर को सुंदरता प्रदान की गई थी। वहीं अब शहर के मोहल्ले में जहां पर छोटे चौक है। वहां पर हाई मास्क लाइट लगाकर शहर को सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शहर के 10 मुख्य स्थान पर हाई मास्क लाइट लगाई गई है। शहर के हरिजन बस्ती में पूर्व में हाई मास्क लाइट लगवाकर उसका उद्घाटन कर दिया गया था। वहीं अब शहर के वार्ड 27 स्थित न्यू मस्जिद के पास हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया गया है। इसके साथ ही शहर के सिलामपुरिया कुआं, जीण माता जी मंदिर चौक और बीकानेर रोड स्थित पूनियां ट्रेडिंग कंपनी के सामने हाई मास्क लाइट लगाकर उनका उद्घाटन किया गया है। मंगलवार शाम को शहर में लगी चार हाई मास्क लाइटों का उद्घाटन किया गया। वहीं शहर में बुधवार को भी नगरपरिषद द्वारा लगाई गई हाई मस्क लाइटों का उद्घाटन किया जाएगा। सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि शहर के वह स्थान और चौराहे जहां पर अधिक भीड़ रहती है और अंधेरा रहता है। उन स्थानों को चिन्हित कर हमारे द्वारा हाई मास्क लाइट लगवाई गई है। इस अवसर पर मान खां चायल, असलम खां चायल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू नाथ सिद्ध, मांगीलाल पूनियां, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण सारण सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी खेल मैदान में सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता थ्री का आयोजन

## डीएसपी व थानाधिकारी ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजीव गांधी खेल मैदान में आगामी 5 से 7 सितंबर तक सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता थ्री का आयोजन पुलिस विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर पुलिस विभाग द्वारा तैयारी कर ली गई है। राजीव गांधी खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर नया क्रिकेट पिच भी तैयार कर लिया गया है। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सरदारशहर के डीएसपी सत्यनारायण गोदारा और थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने राजीव गांधी खेल मैदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस थाना के एएसआई हिम्मतसिंह और जयसिंह ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता थ्री का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रशासनिक टीम, चिकित्सा विभाग की टीम, पत्रकार टीम, पुलिस थाना टीम, एडवोकेट टीम व कोर्ट टीम, बैंक टीम सहित 17 टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रतियोगिता आगामी 5 से 7 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा की सभी क्रिकेट प्रेमियों से अपील है कि पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट प्रेमी पहुंचकर क्रिकेट प्रेमियों का हौसला बढ़ाएं। इस अवसर पर डीएसपी सत्यनारायण गोदारा और थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने प्रतियोगिता की रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 सितंबर को सुबह 9 बजे किया जाएगा। जिसमें चुरु पुलिस अधीक्षक जय यादव प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगिता का समापन 7 सितंबर को शाम को फाइनल मैच के साथ किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सभी में सद्भावना व भाईचारा कायम करना है।

# सोनपालसर गांव के पास जमीन धंसने का मामला, जमीन धंसने का सिलसिला तीसरे दिन भी जारी

## ग्रामीणों ने की जांच की मांग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के सोनपालसर गांव के पास गोसाई जी महाराज के मंदिर की बणी में सोमवार सुबह अचानक जमीन धंस गई और एक गहरा गड्ढा हो गया। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पुलिस प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एहतियात के तौर पर गड्ढे के चारों ओर रस्सी बंधवाई गई है ताकि कोई ग्रामीण गड्ढे के पास ना जा सके। लेकिन जमीन धंसने का सिलसिला तीसरे दिन बुधवार को भी जारी है। सोनपालसर गांव के उम्मेदसिंह ने बताया कि तीसरे दिन भी लगातार जमीन धंस रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पहले दिन यहां पर आया था और वापस चला गया। उसके बाद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं आया है। लगातार जमीन धंसने से ग्रामीण दहशत में है। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि प्रशासन को जल्द से जल्द वैज्ञानिकों को बुलाकर मामले की जांच करवानी चाहिए ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके कि आखिर जमीन धंसने का क्या कारण है। उन्होंने कहा कि गड्ढा लगभग 70 फीट चौड़ा हो चुका है और मिट्टी धंसकर गड्ढे के अंदर जा रही है। ऐसे में प्रशासन को समय रहते घटना की जांच करवानी चाहिए। वहीं जानकारों की माने तो बीते कुछ वर्षों में भूजल का अधिक दोहन होने के कारण जमीन धंस रही हैं। जानकार बताते हैं कि बीते कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में ट्यूबवेल के निर्माण हुए हैं और अत्यधिक भूजल का दोहन होने के कारण जमीन धंसने जैसी घटनाएं सामने आ रही है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि पुराने समय में कुछ या बावड़ी भी यहां पर हो सकती है, हो सकता है उनमें यह मिट्टी चले जाने से जमीन धंसी हो। लेकिन लगातार जमीन धंसने से ग्रामीण दहशत में है और प्रशासन से वैज्ञानिकों को मौके पर बुलाकर घटना की जांच करवाने की मांग कर रहे हैं।

# सत्तू कॉलोनी स्थित रामदेव जी मंदिर में आयोजित विशाल भजन संध्या में कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के सत्तू कॉलोनी स्थित रामदेव मंदिर में प्रांगण में मंगलवार रात्रि को बाबा रामदेव जी महाराज की भजन संध्या का आयोजन किया गया। जागरण में गायक कलाकार लक्ष्मी मोदी व बजरंग भंसाली ने बाबा रामसा पीर के भजनों की अमृत वर्षा कर मंदिर प्रागण में भक्तिरस की गंगा बहाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व मंदिर पुजारी हड़मान प्रजापत व समाज सेवी दीपू जेसनसरिया आदि ने बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। गणेश वंदना के साथ शुरू हुए जागरण में गायक कलाकार लक्ष्मी मोदी व बजरंग भंसाली द्वारा प्रस्तुत भजन म्हारो हैलो सूणो नहीं रामापीर, खम्मा खम्मा ओ म्हारा रूणिचा रा धणिया, म्हाने घोडलियो मगंवादे म्हारी मां, गेरी गेरी बिरखा रे भाया आदि भजनों पर श्रोता झूम उठे। देर रात चली भजन संध्या में बड़ी संख्या में बाबा के भक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजसेवी दीपू जैसनसरिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी बाबा रामदेव जी महाराज के भजन संध्या का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां पर बस्ती के आसपास की कॉलोनियों के लोगों की बाबा रामदेवजी के प्रति गहरी आस्था है और उसी आस्था को देखते हुए हर वर्ष यहां पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक बाबा रामदेव जी के भजनों का लुप्त उठाते हैं। इस अवसर पर नारायण माली, भादरराम जांगिड़, संतोष जैसनसरिया, सुरेश जैसनसरिया, मुकेश जैसनसरिया, सुरेश शर्मा, रामजस जोशी, हरिराम चोटिया, दीनदयाल चोटिया, आलोक सिंह राजपूत, बजरंग लाल प्रजापत सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की।

# गुरु वन्दन छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन, विधार्थियों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के राउमावि हरियासर घड्सोतान में भारत विकास परिषद् शाखा सरदारशहर की ओर से गुरु वन्दन व छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बोर्ड कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विधार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर विशिष्ट अतिथि छगनलाल सेवदा, प्रमोद शर्मा, सुभाष शर्मा व एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह निर्वाण के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य नटराज दीक्षित ने शिक्षा और विद्या में अंतर बताते हुए भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेवानिवृत्त उप जिला शिक्षा अधिकारी छगनलाल सेवदा ने गणपति नर्सिंग होम की ओर से विद्यालय को 6 पंखे भेंट करने की घोषणा की। प्रमोद शर्मा ने भारत विकास परिषद के आदर्श स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षक मोनिका, रणजीत सिंह डेलू, मनोज कुमार स्वामी, कोमल शर्मा, जयकुमार सिंह, ललित कुमार वर्मा को वन्दन कर स्मृति चिन्ह संगठन की ओर से भेंट किया गया। कार्यक्रम संचालक जयकुमार सिंह ने किया। प्रधानाचार्य दलीप कुमार सेन के नेतृत्व में विद्यालय की प्रगति से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर हंसराज रेगर, प्रियंका, सुनीता सरावग, संगीता चौधरी, संपत देवी धोलपुरिया आदि उपस्थित रहे।

# बारिश बनी किसानों के लिए आफत, खेतों में खराब हो रही है फसल

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** जहां एक ओर पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया है वहीं दूसरी ओर किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में भरे बारिश के पानी से बाजरे की फसल बुरी तरह प्रभावित हो गई है। कई स्थानों पर खड़ी फसल गिरकर सड़ने लगी है जिससे किसानों की वर्षभर की मेहनत पर संकट मंडरा रहा है। किसानों का कहना है कि इस बार बाजरे की पैदावार बेहतर रहने की उम्मीद थी लेकिन पानी भराव के कारण उत्पादन लगभग आधा होने की आशंका है। पूरी मेहनत और लागत लगाई थी लेकिन अब खेत देखकर दिल टूट रहा है। किसानों की यही पीड़ा पूरे इलाके में गूंज रही है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि खेतों से पानी की निकासी नहीं हुई तो फसल पूरी तरह चौपट हो सकती है। अत किसान खेतों में भरे हुए जल की निकासी का प्रबंध करें व खेतों में गिर चुके बाजरे की फसल को अभी नहीं काटे। मौसम खुलने पर थोड़ी धूप में गिरे हुए पौधे सही हो जाएंगे फिर काटे क्योंकि 10-5 दिन की देरी से बाजरे की फसल की कटाई में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। किसी भी प्रकार का स्प्रे वगैरा अभी ना करें वरना फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। वहीं दूसरी ओर किसान अब प्रशासन की ओर उम्मीद लगाए बैठे हैं कि नुकसान का आंकलन कर मुआवजा दिया जाए ।

# राजलदेसर में 'सुरक्षा सखियों' की बैठक का आयोजन: उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निसं.)** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, बुधवार को राजलदेसर पुलिस थाने में 'सुरक्षा सखियों' की एक विशेष बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में उनके सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया.। थानाधिकारी कमलेश कुमार सैनी ने सभी सुरक्षा सखियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि ये सखियाँ पुलिस और आम जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करती हैं, जो अपराध नियंत्रण और सामुदायिक सुरक्षा को मजबूत बनाने में सहायक है।. उन्होंने सभी से अपने-अपने क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों से संबंधित मुद्दों पर लगातार सक्रिय रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया. बैठक में महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और घरेलू हिंसा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई. सुरक्षा सखियों ने अपने अनुभव साझा किए और चुनौतियों पर खुलकर बात की. इस बैठक से पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर तालमेल और सहयोग की भावना मजबूत हुई है. इस आयोजन में महिला कांस्टेबल अनिता भी मौजूद थीं. कमला प्रजापत, मोनिका प्रजापत, एकता पांडे, रितिका पांडे, मंजू राजबाला, मधु संतोष सहित सभी सुरक्षा सखियों के कार्यों की सराहना की गई.।

# जल झुलनी एकादशी पर निकाली गई भगवान की (डोला)शोभा यात्राएं

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में बुधवार को विभिन्न मंदिरों में जलझूलनी एकादशी पर ठाकुर जी महाराज की (डोला) शोभायात्रा निकाली गई। जानकारी के अनुसार अजीतगढ़ कस्बे के करीब एक दर्जन मंदिरों में से एक साथ भगवान ठाकुर जी की डोला शोभा यात्रा रवाना हुई। शोभा यात्रा के साथ ग्रामीण ठाकुर जी महाराज के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे शोभा यात्रा कस्बे के विभिन्न स्थानों से गुजरती हुई गोसाई वाली बगीची के पास पहुंची जहां भगवान की पूजा अर्चना कर जल विहार कराया गया इसके बाद यात्रा वापस मंदिरों में लौट गई जहां पर श्रद्धालुओं को पंजीरी का प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर महिलाओं ने अपने छोटे बच्चों को भगवान के डोला के नीचे लेकर आशीर्वाद दिलाया। इस अवसर पर मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भजनों का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया तो दूसरी तरफ कस्बे के श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ लगी रही श्रद्धालुओं ने श्री श्याम के दर्शन कर पूजा अर्चना की व मन्नत मांगी।

## कार्यक्रम का किया गया आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम दिवराला की पीएम श्री शहीद गजराज सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को 21वीं सदी के कौशल के अंतर्गत जीवन जीने हेतु कौशल में समूह परियोजना का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 8 प्राथमिक स्तर एवं कक्षा 9 से 12 के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें प्रभारी पुष्पा गुर्जर व्याख्याता ने इस गतिविधि के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया एवं कार्यक्रम का आयोजन किया इसमें विद्यार्थियों को 4-5 के समूह में विभाजित करते हुए गतिविधि आयोजित की गई। अंत में पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूलाल बुनकर ने गतिविधि में भाग लेने वाले विद्यार्थियों एवं आयोजन प्रभारी पुष्पा गुर्जर व्याख्याता को धन्यवाद प्रेषित किया।

## रायपुर बांध पर पिकनिक का बढ़ा क्रेज, बच्चों की सुरक्षा पर संकट



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निसं.)** बरसात के मौसम में रायपुर बांध लबालब भरने के बाद यहां सैलानियों का तांता लग गया है। लोग पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि पिकनिक मनाने वालों के साथ छोटे बच्चे भी बांध की दीवार पर मस्ती करते नजर आते हैं। बांध की गहराई करीब 15 फीट है, ऐसे में बच्चों के फिसलने या गिरने का खतरा बना रहता है। कई लोग बच्चों के साथ ही बांध की दीवार पर बैठकर पिकनिक मनाते दिखाई देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस पर अंकुश नहीं लगाया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और बांध क्षेत्र में बच्चों की एंट्री पर रोक लगाने की मांग की है।

## बाबा रामदेव जी के वार्षिक मेले पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)** लक्ष्मणगढ़ उपखंड के नरोदडा गांव के आथूना बास के गुसाईं जी मंदिर प्रांगण में बाबा रामदेव जी के वार्षिक धार्मिक मेले में श्रद्धालुओं ने दरबार में शीश नवाया।गांव और ढाणियों के भक्तों ने धोक लगाकर चूरमा व नारियल का भोग अर्पित किया। मंदिर के पुजारी राकेश वर्मा ने प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर में विशेष रूप से युवाओं महिलाओं और बच्चों ने कबड्डी प्रतियोगिता का आनंद लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के संयोजक सोनू ख्यालिया (फौजी) ने बताया कि यह प्रतियोगिता आपसी सौहार्द और भाईचारा बढ़ाती है और राष्ट्रीय एकता की भावना महसूस होती है।समाजसेवी गणेश शर्मा ने बताया कि ऐसे आयोजनों में प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का अवसर प्राप्त होता है।बारिश के बीच आरंभ हुआ मैच देर रात अपने परवान पर चढ़ा और वार्ड नं 4-B एवं वार्ड नं. 5-A के बीच हुए रोमांचित मैच में 5-A टीम विजेता रही।आयोजन मंडल ने पेड़ संरक्षण, सामाजिक सौहार्द और भेदभाव मिटाने पर जोर दिया गया।

## बाबा रामदेवजी के लक्खी मेले मे पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर मे सेवा दे रहे स्काउट गाइड

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निसं.)।** रामदेवजी महाराज के लक्खी मेले के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर मे पिछले कई वर्षो से मेले मे भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारी एवं स्काउट गाइड ने अपनी मेले में जगह-जगह सेवाएं दे रहे हैं , इसमे भारत स्काउट गाइड के द्वारा परिसर मे दर्शन करने वाले श्रदालु को क्रम से दर्शन व वर्द लोगों को स्वयं परिसर मे लेजाकर दर्शन कराने का कार्य करते है , इसमे अनेक स्कूल के विद्यार्थी शामिल है सेवाएं देने वाले संस्थानों में प्रेरणा स्कूल, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बाय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परशुरामपुर राजकीय माध्यमिक विद्यालय झाझड, राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोजनगर, पोद्दार कॉलेज सहित अनेक संस्थाओं के स्काउट गाइड बच्चे ने अपनी सेवाएं दे रहे हैं ,साथ ही भारत स्काउट गाइड के प्रधान मुरली मनोहर चौबदार ने बताया की बाबा के मेले के समय हम जगह - जगह सेवा देते है ,जिसमे परिसर मे आए श्रदालु को परेशानी ना हो यहा पर दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए आते है और धोक लगाते है इसमे सचिव अर्जुन सिंह, लीडर ट्रेनर रामवतार सबलानिया रोवर लीडर डॉक्टर संजय सैनी, दशरथ लाल सैनी,बाबूलाल वर्मा,शिव प्रसाद वर्मा, महेश मार्शल, रुक्मानंद खत्री ,रीनक वर्मा, सहित अन्य लोग अपनी सेवाएं दे रहे है, जो की मेले समापन तक देते है।

# आम रास्ते में बरसात के पानी के भराव की समस्या के समाधान को लेकर लोग मिले नगर पालिका के ईओ से

### सौपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी





जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे के मुख्य बाजार होता हुआ विभिन्न सरकारी कार्यालय में जाने वाले आम रास्ते में काफी दूरी तक बरसात के पानी का भराव होने समेत नालियों की सफाई नहीं होने के कारण आवागमन भारी रूप से बाधित हो रहा है जिस कारण लोगों ने अजीतगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जुबेर खान को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन में लिखा कि यह आम रास्ता अजीतगढ़ की पुरानी उपतहसील एवं वार्ड नंबर 11 से होता हुआ रीको क्षेत्र में जाता है जिस पर पूर्व में सरकार द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क मार्ग का निर्माण करायाथा जिस कारण जब इंटरलॉकिंग सड़क बनी तब इसका लेवल सही तरीके से नहीं किया गया साथ ही समय पर नगर पालिका द्वारा नालियो की सफाई नहीं करने के कारण बरसात का पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरा पानी आम रास्ते में काफी दूरी तक भर रहा है जिस कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। ज्ञापन में लिखा है कि इस रास्ते पर उपतहसील, पंचायत समिति, समाज कल्याण विभाग का छात्रावास, राजकीय कन्या महाविद्यालय, रीको औद्योगिक क्षेत्र समेत कई सरकारी कार्यालय है जिस कारण रोजाना इस रास्ते से सैकड़ो की संख्या में लोगों का आवागमन रहता है साथ ही आम रास्ते के दोनों तरफ आबादी क्षेत्र है जिस कारण बरसात के दिनों में यह रास्ता बंद हो जाता है एवं लोगों को 2 किलोमीटर चलकर दूसरे रास्ते से आना पड़ता है। तो दूसरी तरफ लोगों ने आरोप लगाया कि जिन लोगों के मकान इस रास्ते पर है उन लोगों को बरसात के दिनों में आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है कई बार तो स्थिति यह हो जाती है की बरसात का पानी ज्यादा भर जाता है तो लोग घरों में ही कैद हो जाते हैं जिस कारण इस समस्या का समाधान कराया जाए एवं ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान वार्ड नंबर 11 के लोगों ने बजरंग दल के संयोजक कृष्ण कुमार योगी के नेतृत्व में पानी के भराव क्षेत्र के पास विरोध प्रदर्शन किया।इस संबंध में बजरंग दल अजीतगढ़ के संयोजक के कृष्ण कुमार योगी, पूर्ण प्रजापत, गोसाई धाम के महाराज आनंद दास, कैलाश योगी, प्रहलाद योगी, सरताज योगी एवं किशन योगी का कहना है कि अगर नगर पालिका ने समय रहते इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया एवं नालियों की सफाई नहीं कराई गई तो लोग मजबूर होकर आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जुबेर खान का कहना है कि इस इंटरलॉकिंग सड़क मार्ग का जिसमें निर्माण हुआ उसका लेवल सही नहीं किया गया जिस कारण अभी तो इस समस्या का अस्थाई समाधान कर दिया जाएगा एवं नगर पालिका के पास बजट आते ही इस रास्ते का स्थाई समाधान कराया जाएगा।

## अजीतगढ़ की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को किया एपीओ

### विद्यालय में 29 अगस्त को हुए एक समारोह में प्रधानाचार्य पर लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करने का लगा था आरोप

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कालूराम बुनकर को शिक्षा विभाग ने एपीओ करने के आदेश दिए हैं साथ ही इस दौरान प्रधानाचार्य का मुख्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर रखा गया है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक वरिष्ठ समग्र शिक्षा विभाग समसा सीताराम जाट ने बताया कि प्रधानाचार्य कालूराम बुनकर पर आम जनता के साथ अभद्रता एवं दुर्व्यवहार करने की शिकायतों के आधार पर प्रशासनिक कारणों के चलते इनको एपीओ किया गया है इनका मुख्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर होगा। ज्ञात रहे की 29 अगस्त को कस्बे की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह द्वारा कराए गए विकास कार्यों का उद्घाटन का कार्यक्रम आयोजित था जिसमें प्रधानाचार्य पर आरोप लगा था कि प्रधानाचार्य ने भाजपा कार्यकर्ताओं, आम लोगों एवं विधायक प्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं दुर्व्यवहार किया था साथ ही त्रिवेणी के महाराज के खिलाफ भी गलत टिप्पणी की थी जिस कारण लोगों ने इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकर लाल यादव को इन्होंने इसकी शिकायत की थी जिस पर शंकर लाल यादव समेत भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों ने तुरंत यूडीएच मंत्री समेत जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में लिखित में अवगत कराया था जिस कारण प्रधानाचार्य को एपीओ किया गया है। इस संबंध में अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव का कहना है कि 29 अगस्त को इस विद्यालय में भामाशाह द्वारा कराए गए विकास के कार्यों का लोकार्पण समारोह था जिसमें वे स्वयं मुख्य अतिथि थे। यादव का कहना है कि उनको कार्यक्रम में पहुंचने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, आम लोगों एवं विद्यालय विकास समिति के सदस्यों ने उनसे इस संबंध में शिकायत की जिस पर उन्होंने तुरंत यूडीएच मंत्री, जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी शिकायत की थी जिस पर यह कार्रवाई हुई है। उनका कहना है कि पूर्व में भी प्रधानाचार्य की उनके पास कई बार शिकायतें आ चुकी थी। उनका कहना है कि प्रधानाचार्य ने त्रिवेणी महाराज के लिए भी गलत शब्द बोले थे। इस संबंध में प्रधानाचार्य कालूराम बुनकर का कहना है कि उन्होंने किसी भी ग्रामीण, कार्यकर्ता एवं विद्यालय विकास समिति के सदस्यो के साथ अभद्रता एवं दुर्व्यवहार नहीं किया मेरे ऊपर जो आरोप लगाया गया है वह पूर्ण रूप से निराधार है सरकार की प्रक्रिया है अगर उनको यहां से एपीओ कर दिया तो वह उस आदेश का आदर करेंगे। उनका कहना है कि उन्होंने त्रिवेणी महाराज के लिए भी कोई गलत टिप्पणी नहीं की।

## जगदीश स्वामी का वार्षिक मेला व भंडारा आज

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती विशाल पहाड़ी पर स्थित जगदीश स्वामी के मंदिर में जगदीश स्वामी का विशाल वार्षिक मेला गुरुवार को भरेगा साथ ही भंडारा भी होगा। मंदिर पुजारी सुल्तान भोजगी ने बताया कि इस मेले में आसपास के सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर विशाल पहाड़ी पर स्थित जगदीश स्वामी के दर्शन करेंगे एवं मन्नत मांगेंगे इस अवसर पर श्रद्धालु अपने छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार भी आयोजन होगा। भजगी ने बताया कि 3 सितंबर की रात्रि बाहरी भजन कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया साथ ही जगदीश स्वामी के मंदिर को पूर्ण रूप से सजाया गया है एवं मेले की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है साथ ही मेले के सफल आयोजन के लिए बुधवार को मेला कमेटी के सदस्यों की एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारी दी गई एवं कहा गया कि जिन कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी दी गई है उसी के अनुरूप वे कार्य करें। जानकारी के अनुसार दूर-दूर के गांव के लोग जगदीश स्वामी के मंदिर में लोग पैदल चलकर निशान यात्रा लेंगे एवं अपने निशान जगदीश महाराज के मंदिर में अर्पित करेंगे साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। तो दूसरी तरफ सिहोडी ग्राम पंचायत की ढाणी बनड़ा (गिदावाला) में तेजाजी महाराज व हीरामल जी महाराज का भंडारा 5 सितंबर को आयोजित होगा एवं 4 सितंबर की रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारीयह जानकारी प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव शीशराम गुर्जर ने दी है। तो दूसरी तरह पर भोमियाजी विकास समिति गढटकनेत के अध्यक्ष विक्रम मीणा ने बताया कि गढटकनेत ग्राम के मुख्य बस स्टैंड पर स्थित भोमिया जी महाराज का मेला 6 सितंबर को भरेगा साथ ही 5 सितंबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा 6 सितंबर की सुबह से लेकर शाम तक बाहरी भजन कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मीणा ने बताया कि मेले व भंडारे की तैयारी कार्यकर्ताओं ने शुरू कर दी है साथ ही मंदिर के आसपास कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर सफाई अभियान शुरू कर रखा है साथ ही मंदिर की सजावट का कार्य भी शुरू कर दिया है।

### जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

## सार्वजनिक स्थानों पर मूत्र विसर्जन समेत गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने के निर्देश

### जर्जर भवन ढहाने के संबंध में भी रिपोर्ट मांगी

### जलभराव के समाधान के लिए आरएसआरडीसी और नगर परिषद के अधिकारी संयुक्त विजिट करेंरू कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर समीक्षा की। उन्होंने अल्पसंख्यक विभाग व तहसील कार्यालय के पास दीवारों आदि सार्वजनिक स्थानों पर खुले में मूत्र विसर्जन व गंदगी फैलाने पर सख्त कार्रवाई की बात कहते हुए नगर परिषद को जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि वे सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता का ध्यान रखें। जिला कलक्टर गर्ग ने बैठक में जर्जर सरकारी भवनों को ढहाने के संबंध में डीईईओ माध्यमिक राजेश मील, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर व आईसीडीएस के उपनिदेशक बिजेंद्र राठौड़ से प्रगति जानीं। डॉ गर्ग ने अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में शहर में हवाई पट्टी सर्किल समेत विभिन्न स्थानों पर जलभराव की समस्या के समाधान के लिए जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी एवं नगर परिषद के अधिकारियों को संयुक्त विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने फसल खराबे का सर्वे शीघ्र कर भिजवाने, झुंझुनूं शहर में बनने वाले बायपास निर्माण की प्रगति, खाद्य सुरक्षा योजना में गिव अप अभियान आदि के बारे में भी रिपोर्ट ली। बैठक में एडीएम अजय कुमार आर्य, झुंझुनूं एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, आईटी के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक राजेंद्र लांबा, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, सहकारिता विभाग की संयुक्त रजिस्ट्रार विभा खेतान, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांबू, पशुपालन विभाग उपनिदेशक डॉ शिवरतन, उद्यानिक उपनिदेशक डॉ विजयपाल कस्वां, समाज कल्याण उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, डीईईओ माध्यमिक राजेश मील, आयुर्वेद विभाग उपनिदेशक डॉ जितेंद्र स्वामी, पर्यटन विभाग उपनिदेशक देवेंद्र चैधरी, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक अभिषेक चोबदार, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझड़िया, डीएसओ निकिता राठौड़ समेत विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सास बहू सम्मेलन

## सास ने बहू के साथ सांझा किए परिवार नियोजन के अनुभव

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** प्रजनन दर कम करने के लिए शुरू किए गए मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत सास बहू सम्मेलन के माध्यम से सास और बहू एक दूसरे से प्रजनन एवं परिवार नियोजन के अनुभवों को साझा कर रही है, ताकि परिवार में परिवार नियोजन को लेकर फैली भ्रांतियां दूर हो सके और परिवार को सुदृढ रहे। चिकित्सा विभाग की ओर से मिशन परिवार विकास के तहत जिले के गांवों में सास बहू सम्मेलन का आयोजन स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र, अटल सेवा केन्द्र में किया जाता है। एएनएम व आशा सम्मेलन से पूर्व अपने कार्य क्षेत्र की योग्य सास बहू की सूची तैयार कर उनको सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित करती हैं। सम्मेलन में एएनएम द्वारा ज्ञानवर्द्वक खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, परिवार नियोजन एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ भ्रांतियों को भी दूर करती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिले में सास बहू सम्मेलन का आयोजन कर परिवार नियोजन, विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की जानकारी महिलाओं को दी जा रही है। साथ ही सम्मेलन में एएनएम द्वारा सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु (लड़के की 21 वर्ष एवं लड़की की 18 वर्ष), विवाह के पश्चात दो वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले एवू दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर, परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों की संपूर्ण जानकारी, परिवार कल्याण के तहत दी जाने वाले क्षतिपूर्ति राशि के साथ अन्य स्वास्थ्य परक जानकारी भी दी जाती है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एडीशनल सीएमएचओ डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि मिशन परिवार विकास के तहत जिले में सास बहू सम्मेलन के माध्यम से सास और बहू एक मंच पर आकर एक दूसरे के साथ प्रजनन व परिवार नियोजन के अपने अनुभव सांझा करती हैं। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उनको टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जांच योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मॉ वाउचर योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की भी जानकारी दी जाती है। सम्मेलन का आयोजन राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिले के गांवों में किया जाता है।

# एबीआरएसएम राजस्थान (उच्च शिक्षा) ने की राजसेस महाविद्यालयों में संविदा भर्ती के कैबिनेट निर्णय को निरस्त करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** संगठन के महामंत्री डॉ. रिछपाल सिंह ने बताया कि राजस्थान सरकार की हाल ही में संपन्न कैबिनेट बैठक में राजसेस महाविद्यालयों में संविदा आधार पर नियुक्तियाँ करने के निर्णय लिया गया यह कदम न केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के विपरीत है, बल्कि प्रदेश की उच्च शिक्षा को स्थायी रूप से गर्त में धकेलने वाला है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) संगठन का स्पष्ट मत है कि– राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मखौल - NEP जहाँ बड़े, बहुविषयक और सुदृढ़ संस्थानों की परिकल्पना करता है, वहीं RAJ-CES मॉडल छोटे, संसाधनविहीन और अस्थायी महाविद्यालय थोप रहा है। यह प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से शैक्षिक क्रांति के सपने को कमजोर करने का सीधा प्रयास है। संविदा नियुक्तियाँ = शोषण और अपमान - संविदा शिक्षक न्यूनतम वेतन पर अस्थिर सेवा शर्तों में काम करने को मजबूर होंगे। यह "समान कार्य समान वेतन" जैसे संवैधानिक सिद्धांत और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की खुली अवहेलना है। शिक्षा का अवमूल्यन – बिना संसाधनों के कॉलेज और अस्थायी शिक्षकों के भरोसे व्यवस्था चलाना, छात्रों को अधूरी और कमज़ोर शिक्षा देने जैसा है। यह उच्च शिक्षा की गरिमा और विश्वसनीयता को नष्ट करने वाला कदम है। वित्तीय भ्रम – इन महाविद्यालयों की आय नगण्य है। आवश्यक संसाधनों से लेकर वेतन तक का संपूर्ण बोझ राज्य सरकार पर ही पड़ता है। इस व्यवस्था का मकसद शिक्षा सुधार नहीं, बल्कि शिक्षकों के वेतन में कटौती कर कृत्रिम बचत दिखाना है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफ़ेसर मनोज कुमार बहरवाल ने केबिनेट के इस निर्णय को असफल प्रयोग की पुनरावृत्ति - बताते हुए कहा कि अभियांत्रिकी महाविद्यालयों पर सोसाइटी मॉडल पहले ही बुरी तरह असफल हो चुका है। वही भूल फिर करना छात्रों और करदाताओं दोनों के साथ विश्वासघात है। उन्होंने बताया कि 2010 में अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को राजकीय सेवा में समाहित करना और अब पुनः सोसाइटी मॉडल लागू करना सरकार की नीति में गंभीर अस्थिरता और नीतिगत विरोधाभास दर्शाता है। सोडाणी समिति की रिपोर्ट उपेक्षित - सरकार ने समिति गठित कर समीक्षा का वादा किया, किंतु आज तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। बिना किसी पारदर्शिता के संविदा भर्ती थोपना लोकतांत्रिक और शैक्षिक मूल्यों का अपमान है। पिछली कांग्रेस सरकार राजसेस महाविद्यालय की अवधारणा लेकर आई, तथा चुनाव से कुछ समय पूर्व ही सोसाइटी गठन एवं राजसेस महाविद्यालयों में संविदा नियुक्तियों के नियम जारी किए। शैक्षिक महासंघ ने उस समय भी कड़ा विरोध किया था ।शासन बदलने के बाद आपने इस विषय में सकारात्मक कदम उठाने की बात कही थी, लेकिन दुर्भाग्य से अगले बजट में भी नए राजसेस महाविद्यालय खोलने की पूर्व शासन की परंपरा को जारी रखा गया। अब पूर्व शासन के संविदा नियुक्ति के नियमों पर वर्तमान सरकार ने जो मोहर लगाई है , उससे यह गंभीर संदेश गया है कि उच्च शिक्षा का हित सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। महामंत्री ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस कैबिनेट निर्णय को तत्काल निरस्त किया जाए। RAJ-CES महाविद्यालयों को नियमित राजकीय महाविद्यालय घोषित कर स्थायी शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाए। सोडाणी समिति की रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक की जाए और उस पर व्यापक विमर्श कराया जाए। उच्च शिक्षा को "संविदा प्रयोगशाला" न बनाकर, उसे NEP 2020 की भावना के अनुरूप स्थायी और गुणवत्तापूर्ण स्वरूप दिया जाए। यदि सरकार ने इस निर्णय को शीघ्र वापस नहीं लिया तो अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा और उसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी।